kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-94 | सोमवार, 05 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



खिलाड़ियों को मैदान पर प्रदर्शन के साथ-साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के राजदूत की भूमिका भी निभानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जो खिलाड़ी बिहार से बाहर से आए हैं, वे यहां की प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा और मखाना जरूर चखें। नरेंद्र मोदी

संस्कृत का उत्थान भारत के उत्थान के साथ जुड़ा है : शाह 11

श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट खुले, मुख्यमंत्री सहित 15 हजार से अधिक श्रद्धालु बने साक्षी 12

## भारत ने चिनाब नदी का पानी पाकिस्तान जाने से रोका

एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ 65 साल से चले आ रहे सिंधु जल समझौते को सस्पेंड कर दिया है। इसे कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत की ओर से उठाया गया सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। अब जानकारी के मुताबिक भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बांध से पाकिस्तान को जाने वाले पानी का प्रवाह रोक दिया है और झेलम नदी पर किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह का कदम उठाने की प्लानिंग चल रही है।

न्यूज एजेंसी को मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा हाइड्रो पावर डैम के जरिए भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। यानी इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी पूर्व चेतावनी के कम किया जा सकता है और फ्लो को बढ़ाया भी जा सकता है। भारत ने दशकों पुराने इस समझौते को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सस्पेंड कर दिया था। रामबन में बगलिहार बांध के गेट बंद होने के बाद चिनाब नदी का बहाव काफी कम हो गया है। एक्सपर्ट का मानना है कि चिनाब का पानी कम होने से पाकिस्तान की कृषि और पर्यावरण दोनों पर बुरा असर पड़ सकता है। वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल



- पाकिस्तान से तनाव के बीच एक और कड़ा फैसला
- बगलिहार बांध से रोका पानी, किशनगंगा डैम से भी रोकने की है योजना

समझौता किया गया था। इसके तहत सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी को दोनों देशों के बीच बांटने का फैसला हुआ था। चिनाब नदी पर बना बगलिहार बांध भी दोनों पड़ोसी देशों के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है और पाकिस्तान ने पूर्व में विश्व बैंक से इस मामले में मध्यस्थता की मांग की थी। इसी तरह किशनगंगा बांध को भी कानूनी और कूटनीतिक जांच का सामना करना पड़ा है।

समझौते के तहत पाकिस्तान को सिंधु सिस्टम की पश्चिमी नदियों (सिंधु, चिनाब और झेलम) पर कंट्रोल दिया गया है। पाकिस्तान सिंधु नदी सिस्टम के करीब 93% पानी का इस्तेमाल सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए करता है और पड़ोसी देश की करीब 80% कृषि भूमि इसके पानी पर निर्भर ● शेष पेज 11 पर

### मोदी से मिले एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर बढ़ते तनाव के बीच वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की कल प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के बाद एयर चीफ मार्शल सिंह की श्री मोदी के साथ मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वायु सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान क्या बातचीत हुई इस बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, यह माना जा रहा है कि एयर चीफ मार्शल ने प्रधानमंत्री को वायु सेना की तैयारी और रणनीति के बारे में जानकारी दी है।

### जयशंकर ने यूरोप को परोक्ष संदेश देते हुए कहा

## भारत को साझेदारों की तलाश है, उपदेशकों की नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के साथ गहरे संबंध विकसित करने के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता दिखाने और पारस्परिक हितों को ध्यान में रखने की सलाह देते हुए रविवार को कहा कि भारत भागीदारों की तलाश कर रहा है, न कि ''उपदेशकों'' की।

जयशंकर ने एक संवादात्मक सत्र में कहा कि भारत ने हमेशा ''रूसी यथार्थवाद'' की वकालत की है और संसाधन प्रदाता एवं उपभोक्ता के रूप में



भारत और रूस के बीच ''महत्वपूर्ण सामंजस्य'' है और वे इस मामले में एक दूसरे के ''पूरक'' हैं। विदेश मंत्री ने रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान रूस को शामिल किए बिना खोजने के पश्चिम के पहले के प्रयासों की भी ● शेष पेज 11 पर

### यूपी में छह आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। यूपी में रविवार को छह आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस ए दिनेश कुमार को विशेष सचिव, गृह विभाग बनाया गया है। इसी तरह अविनाश कृष्ण सिंह को वर्तमान पद के साथ सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग का भी प्रभार दिया गया है। आईएएस बृजराज सिंह यादव को राजस्व परिषद लखनऊ में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस विनोद कुमार को विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग बनाया गया है। आईएएस प्रेम प्रकाश मीणा को अलीगढ़ का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। आईएएस कृति राज को उन्नाव जिले का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है।

## विधानभवन में फिर जलभराव की आशंका

एजेंसी

- बारिश में जल निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग ने सचिवालय प्रशासन को लिखा पत्र

लखनऊ। बारिश में विधानभवन और विधान परिषद में फिर जल भराव हो सकता है। अभी तक इसके लिए कोई ठोस उपाय नहीं किया गया है। परिसर को जलभराव से बचाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग ने विभिन्न विभागों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने राज्य सम्पत्ति विभाग को पत्र भेज कर विधानभवन परिसर में पूर्व में हुए जलभराव की याद दिलाई है। इस समस्या के स्थायी समाधान की जरूरत पर जोर दिया है। 2024 में बारिश के दौरान विधान भवन के गेट नंबर 3 से 7 तक के क्षेत्र में भारी जलभराव हो गया था।

बाहरी सड़कों का पानी विधानसभा परिसर में घुस गया था। सर्वे में इस समस्या से बचने के लिए न केवल जल निकासी के लिए नालियों ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में सेना का वाहन खाई में गिरा, तीन जवान बलिदान

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को बैटरी चश्मा इलाके के पास सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर 700 फीट गहरी खाई में गिर गया। इसमें सेना के तीन जवानों का बलिदान हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सेना का एक ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था और जब वह बैटरी चश्मा के पास सुबह करीब 11.30 बजे पहुंचा तो यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद सेना, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय स्वयंसेवकों ने तत्काल संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया और वाहन में सवार जवानों का रेस्क्यू किया लेकिन तब तक तीनों जवान की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान सिपाही अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है और उनके पार्थिव देह को खाई से निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण वाहन धातु के ढेर में तब्दील हो गया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नेपाल बॉर्डर पर फिर गरजा बुलडोजर, चार अतिक्रमण कर बने अवैध मदरसे ध्वस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अवैध रूप से प्रदेश की सीमावर्ती इलाकों में कब्जा कर रहने वालों और अतिक्रमण कर बनाए गए मदरसों को हटाने का अभियान छेड़ दिया है। ऐसी ही कार्रवाई नेपाल बॉर्डर पर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ शासन के निर्देश पर श्रावस्ती प्रशासन ने शुरू कर दी है। रविवार को यहां अवैध रूप से कब्जा और बिना नक्शा आदि दस्तावेजों के बनाई गई 4 मदरसों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दी गई। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश की सीमा पर अवैध कब्जादारों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई के तहत अब 'सील नहीं, अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा। इसी कड़ी में आज नेपाल बॉर्डर पर फिर बुलडोजर गरजा और चार अवैध रूप से बनाए गए मदरसों को जमीदोज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के तहत श्रावस्ती की तहसील जमुनहा और भिनगा में अवैध मदरसों को ध्वस्त किया गया है। इनमें जमुनहा के अंतर्गत ग्राम कुंडा में शासकीय भूमि पर बने अवैध मदरसा इस्लामिया अरबिया तलिमुल कुरआन, ग्राम इमलिया करनपुर दारुल उलूम गरीब नवाब-खा-ए-मुस्तफा और ग्राम खलीफतपुर में रिजविया गौसिया उलूम की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। वहीं तहसील भिनगा के अंतर्गत ग्राम बन्दिहवा में मदरसा दारुल उलूम अहले सुना गौस-ए-आजम के बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## निर्वाचन आयोग की नई ऐप करेगी 40 मौजूद ऐप का काम

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज की सुविधा और कार्यप्रणाली को सरल बनाने के लिए जल्द ही वन स्टॉप प्लेटफार्म के रूप में ई सी आई नेट नेट नाम की ऐप शुरू करने जा रहा है जो मौजूदा 40 मोबाइल ऐप का काम करेगी।

निर्वाचन आयोग ने रविवार को एक वक्त बजरी कर कहा कि वह एक नया उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफ़ेस विकसित कर रहा है। यह ऐप सभी चुनाव-संबंधित गतिविधियों के लिए एक एकल प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करेगा। यह कदम उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और नेविगेट करने तथा अलग-अलग लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। इस प्लेटफ़ॉर्म की परिकल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गत मार्च में





आयोजित मुख्य चुनाव अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में की थी। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को उनके डेस्कटॉप या स्मार्टफ़ोन पर प्रासंगिक चुनावी डेटा तक पहुँचने में भी सक्षम करेगी। इस पर डेटा केवल अधिकृत अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। संबंधित अधिकारी द्वारा प्रविष्टि यह सुनिश्चित करेगी कि हितधारकों को उपलब्ध कराया गया डेटा यथासंभव सटीक है। हालांकि, किसी भी विवाद की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा मान्य होगा। नई ऐप में वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सी विजिल, सुविधा 2.0, द्य सक्षम और के वाई सी ऐप जैसे ● शेष पेज 11 पर

## महागठबंधन बिहार की सभी सीटों पर साथ चुनाव लड़ेगा

एजेंसी

पटना। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। इससे पहले राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीति पर काम करना तेज कर दिया है। पटना में तीसरी बार रविवार को महागठबंधन में शामिल दलों के प्रमुख नेताओं की तीसरी अहम बैठक हुई। तेजस्वी यादव ने कहा है कि 20 मई को मजदूर की हड़ताल का पूरी तरह समर्थन करते हैं। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए आरजेडी नेता मनोझ झा ने कहा है कि महागठबंधन साथ लड़ेगी और सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने जाति आधारित गणना के निर्णय को समाजवादी नेताओं की बड़ी जीत बताया है।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बैठक के



बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, 'हम लोग 20 मई को मजदूर की हड़ताल का पूरी तरह समर्थन करेंगे। पूरे जिले में इंडिया गठबंधन के लोग मजदूर के साथ सड़क पर उतरेंगे। मुकेश सहनी ने कहा कि आज की बैठक में पार्टी अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। चर्चा का मुख्य बिंदु यही था कि जैसे इंडिया गठबंधन पटना में एकजुट दिखता है, वैसी ही एकजुटता जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक भी नज़र आनी चाहिए। सभी नेताओं को यह निर्देश दिया गया है कि बेहतर तालमेल बनाकर जनता के बीच जाएं और उनके मुद्दों को ज़ोर से उठाएं। बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है – हर स्तर पर आम आदमी परेशान है। सीओ साहब जैसे अधिकारी 25,000 की रिश्वत लिए बिना काम नहीं करते, ये बात जनता को बताइए। बताइए कि आपने कैसी सरकार बनाई है? ● शेष पेज 11 पर

### एनटीए की नीट परीक्षा आरम्भ

लखनऊ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए लखनऊ में 73 परीक्षा केन्द्रों पर अपराह्न दो बजे से परीक्षा आरम्भ हुईं। इससे पहले परीक्षा केन्द्रों के बाहर परीक्षा देने पहुंचें परीक्षार्थियों की गहनता से चेकिंग की गयी। अलीगंज क्षेत्र में एक परीक्षा केन्द्र पर अभिभावक के मुख्य गेट से भीतर आने पर उन्हें बाहर किया गया। जिस पर नाराज अभिभावक और सुरक्षाकर्मियों में नोकझोंक भी हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय, के.के.सी. कालेज, विश्वविद्यालय न्यू कैम्पस जैसे परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को भारी भीड़ जुटने पर यातायात व्यवस्था को सम्भालने के लिए उपायुक्त यातायात कमेलश दीक्षित ने कमान सम्भाल ली। परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के पहुंचने के परीक्षा केन्द्र के निकट वाहनों को लगाने से उधर से गुजर रहे वाहनों को खासा कठिनाईयों को सामना करना पड़ा। हनुमान सेतु से आईटी चौराहा, चारबाग से कण्टोमेंट मार्ग, अलीगंज तिराहा मार्ग पूरी तरह से जाम का शिकार हुआ। लखनऊ की तरह ही उत्तर ● शेष पेज 11 पर

## परीक्षाओं में धांधली कर ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने रविवार को नीट-यू.जी. आदि की परीक्षाओं में धांधली कर धन अर्जित करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है और गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

एसटीएफ सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विक्रम कुमार साह पुत्र छोटे लाल निवासी ए-11 तृतीय तल, गणेश नगर, लक्ष्मीनगर, दिल्ली, धर्मपाल सिंह पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह निवासी आर0जेड-553/405 गली नं0 15, शिवपुर वेस्ट सागरपुर, नयी दिल्ली तथा अनिकेत कुमार पुत्र अभियानन्द यादव निवासी 2/40 जे0के व्लाक लक्ष्मीनगर, दिल्ली के रुप में की गयी है। एसटीएफ ने उनके पास से छह कालिंग मोबाइल फोन, चार व्यक्तिगत मोबाइल फोन, दो कूट रचित आधार कार्ड, अभ्यर्थियों की डाटा शीट, पेन कार्ड, क्रेडिट कार्ड, वोटर कार्ड, पासपोर्ट,





एवं चैक बुक तथा एक एप्पल मैक बुक आदि बरामद किया गया है। एसटीएफ ने प्रतियोगी परीक्षाओं/इन्टैस परीक्षाओं में धांधली करने वाले गिरोह के विरूद्ध एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन कर कार्रवाई किये जाने के लिए निर्देशित किया था। जिसके अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा, एस0टी0एफ0 फील्ड यूनिट, नोएडा व पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड यूनिट, नोएडा नवेन्दु कुमार के पर्यवेक्षण में निरीक्षक सचिन कुमार/उ0नि0 सनत कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन कर कार्रवाई की जा रही थी। अभिसूचना संकलन के दौरान शनिवार को एस0टी0एफ0 नोएडा की टीम को मुखबिर के ● शेष पेज 11 पर

### खाद्यान्न उत्पादन में यूपी ने किया उल्लेखनीय इजाफा, आठ वर्षों में 167.66 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि

## किसान योजनाओं के लाभार्थी मात्र नहीं, यूपी के विकास के भागीदार बनेंगे : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान केवल योजनाओं का लाभार्थी मात्र नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का सक्रिय भागीदार बनेगा। उन्होंने कहा कि ''नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।''

कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में रविवार को कृषि सेक्टर की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11.41 फीसदी हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89 फीसदी है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। 2016-17 में जहां खाद्यान्न उत्पादन 557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024-25 में बढ़कर 725.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। इसी अवधि में दलहन और तिलहन उत्पादन में



दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।

बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों (क्लाइमेटिक ज़ोन) के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। उन्होंने अगैती व पछेती बोआई के लिए अलग-अलग बीज तैयार कराने, प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने और किसानों को रियायती दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की स्थापना को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे बीज क्षेत्र में क्रांति का आधार बताया।

उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री ने तकनीक आधारित कृषि नवाचारों को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर बल दिया। सीएम ने कहा कि किसानों से आवेदन लेने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार ● शेष पेज 11 पर

### गो आश्रय स्थलों के आर्थिक स्वावलम्बन के लिए करें ठोस प्रयास

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देते हुए इस क्षेत्र को और सशक्त किया जाना चाहिए। पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की रविवार को समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए तथा इन पेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के 7693 गो आश्रय स्थलों में 11.49 लाख गोवंश संरक्षित हैं। इनकी निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है और नियमित अंतराल पर निरीक्षण भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यहां केयर टेकर की तैनाती, उन्हें समय से वेतन भुगतान, भूसा बैंक की स्थापना तथा पानी हरे चारे और चोकर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आश्रय स्थलों में समय-समय पर पशु चिकित्सकों की विजिट भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जिन गरीब परिवारों के पास पशुधन नहीं है, उन्हें 'मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना' के अंतर्गत गाय उपलब्ध कराई जाए। इससे परिवारों को एक ओर जहां गोसेवा का पुण्य प्राप्त होगा, वहीं दूसरी ओर दूध की उपलब्धता से परिवार के पोषण स्तर में भी सुधार होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल स्तर पर देसी नस्ल की गायों की प्रतियोगिता कराई जानी चहिते और अच्छे गो आश्रय स्थलों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाए। इसी प्रकार, गौ आधारित उत्पाद बनाने वाली संस्थाओं के बीच भी प्रतियोगिता आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वाराणसी और मुजफ्फरनगर में गो आश्रय स्थलों की आत्मनिर्भरता के लिए सीबीजी प्लांट की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में अब ● शेष पेज 11 पर

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में भ्रष्टाचार, बेईमानी और लूट चरम पर है। हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट चल रही है। किसानों की फसलों के खरीद में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। धान खरीद में भ्रष्टाचार का कागजों में रिकार्ड है, विधानसभा से लेकर कई प्लेटफार्म पर शिकायत हुई लेकिन लूट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

श्री यादव ने कहा कि धान खरीद के साथ बुन्देलखंड में मूंगफली खरीद में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। किसानों को मूंगफली की कीमत नहीं मिली। भाजपा के कार्यकर्ताओं और बिचौलियों ने मुनाफा कमाया। धान, मूंगफली के बाद अब गेंहू खरीद में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही हैं, गेहूं खरीद में भाजपा सरकार और उद्योगपतियों की मिली भगत है। गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हो रही है। किसानों का गेहूं उद्योगपतियों के लिए आढ़तियों के माध्यम से खरीदा जा रहा है। सरकार ने पाबंदी लगा दी है। आढ़तियां किसानों का गेहूं ज्यादा कीमत पर न खरीदे। अगर सरकार ही इस मिलीभगत में शामिल है तो किसानों को गेहूं की कीमत कैसे मिलेगी? सरकार किसानों को गेहूं की सही कीमत नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने खाद, बीज, कीटनाशक, बिजली, डीजल, सब चीजों के दाम बढ़ाकर किसानों के सामने संकट पैदा किया है। भाजपा सरकार किसानों को अपमानित कर रही है। सवाल पूछने पर एफआईआर करा दिया जाता है। आंदोलन करने पर पगड़ी उछाली जाती है। गाजीपुर से गाजियाबाद तक कोई एक बार नहीं कई मौकों पर भाजपा ने किसानों को अपमानित करने का काम किया है।

श्री यादव ने कहा कि इस सरकार में हरस्तर पर हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। भ्रष्टाचारियों ने लूट के लिए महीना बांध रखा है। लखनऊ में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गयी। उद्योगों को फायर की एनओसी देने में भ्रष्टाचार है। इन्वेस्टमेंट के नाम भ्रष्टाचार है। उत्तर प्रदेश के अधिकारी भ्रष्टाचार और लूट का पैसा बाहर के राज्यों में निवेश कर रहे है। प्रदेश में विभिन्न मलाईदार पदों पर बैठे दूसरे राज्यों के अधिकारी भी अन्य राज्यों में निवेश कर रहे है। प्रदेश में कमीशन और बंटवारे के झगड़े में एक आईएएस फरार है। श्री यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से दूर-दूर से आये चौहान समाज के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हम चौहान समाज की भावना के लिए आभार प्रकट करते हैं। प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर चौहान समाज का पूरा सम्मान किया जायेगा। चौहान समाज पीडीए के सदस्य हैं। हमारी और इनकी पीड़ा एक है। यह पीड़ा और दुःख का रिश्ता है। भाजपा सरकार में चौहान समाज के लोगों को अपमानित होना पड़ रहा है। भाजपा सरकार में तानाशाही है। इस सरकार में सवाल पूछने वालों को अपमान सहना पड़ रहा है।

सपा नेता ने कहा कि चौहान समाज के लोगों ने जातीय जनगणना का समर्थन किया है। जातीय जनगणना 90 फीसदी पीडीए की सौ फीसदी जीत है। पीडीए समाज को भाजपा की धांधली पर नज़र रखनी है, जिससे जातीय जनगणना ईमानदारी से हो और सच्चे आंकड़े आये। इस अवसर पर नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार में धान खरीद में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। सिद्धार्थनगर जिले में बिना धान, गेंहू खरीदे 64 करोड़ रूपये खातों में भेज दिया गया। इसमें सबसे ज्यादा पैसा पाने वाले भाजपा के लोग है। इस भ्रष्टाचार की मुख्यमंत्री जी समेत अन्य जगहों पर शिकायत की गयी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस भ्रष्टाचार के खिलाफ वहां के अधिकारियों ने लिखा, पीसीएफ के अधिकारी ने भी लिखा लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। श्री पाण्डेय ने धान खरीद का पैसा लेने वालों के नाम की जानकारी भी दी। पैसा सिलीगुड़ी और बिहार तक के लोगों के खातों में गया। भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इस अवसर पर सर्वश्री बलराम यादव एलएलसी, राजेन्द्र चौधरी एमएलसी, श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष, चंद्रदेव राम यादव पूर्व मंत्री आदि प्रमुख नेता मौजूद रहे।

# एससी वर्ग का आरक्षण छीनने की कांग्रेस गुनहगार : धर्मपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संवाद तथा विभिन्न संगठनात्मक बैठकों के क्रम में रविवार को भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को बूथ जीता, चुनाव जीता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव अनुसूचित जाति के संवैधानिक अधिकारों के पक्ष में मजबूती के साथ खड़ी है और साथ ही सभी वर्गों की आर्थिक उन्नति के साथ सामाजिक मजबूती और राजनीतिक भागीदारी भी सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहेब से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। जबकि अपनी सरकार में दलित उत्पीड़न में कीर्तिमान बनाने वाले बाबा साहेब को अपने मंच से भूमाफिया कहलवाने वाले अखिलेश यादव बाबा साहेब के चेहरे में अपना चेहरा जोड़ कर उनके बराबर दिखने की कोशिश करके बाबा साहेब का अपमान कर रहे हैं।

धर्मपाल सिंह प्रयागराज में अनुसूचित जाति के पार्टी पदाधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने पार्टी के पूर्व, निवर्तमान तथा वर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक को भी सम्बोधित किया और जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्रणा की। इसके साथ ही प्रदेश महामंत्री संगठन लगातार उन विधानसभाओं के मंडल अध्यक्षों व शक्ति केन्द्र संयोजकों के साथ बैठक कर रहे है जहां पिछले चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता नही मिल सकी। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने आगे कहा कि हमें अपने बूथ पर मजबूत संगठनात्मक तंत्र के लिए बूथ स्तर पर पार्टी के पुराने नेताओं और सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों व अभियानों से जोड़ना है। बूथ पर विजय की रणनीति के साथ सभी मतदाताओं को लगातार पार्टी से जोड़ने के साथ राष्ट्रवादी विचारधारा से भी जोड़ने का काम करना है।

# प्रयागराज मे पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने से आम जनता को हो रही परेशानी

## जमानत, मेडिकल कराने के लिए सफर करना पड़ रहा 100 किलोमीटर की दूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था प्रयागराज में लागू होने से लोगों को राहत के बजाय बड़ी परेशानी हो रही है। खीरी थाना में चालान होने पर लोगों को जमानत कराने के लिए 100 किलोमीटर के लगभग लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति हो रही है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज का ध्यान आकर्षित करते हुए प्रयागराज मे लागु कमिश्नरेट व्यवस्था सरल बनाने की माँग की है, ताकि जमानत की प्रक्रिया सरल और निकट हो सके। इससे लोगों को राहत मिलेगा और उनकी परेशानियां भी कम हों बता दे खीरी थाना से ज़ब किसी गिरफ्तार मुल्ज़िम का चालान अंतर्गत उगहट्ट धारा 170/126/135 मे चालान किया जाता है वह अपना निजी



जनता की परेशानी को देखते हुए मै नजदीकी सीएचसी जारी मे मेडिकल कराने की बात करता हूं जिससे लोगो को सहुलियत मिल सके।
**विवेक चंद्र यादव पुलिस उपायुक्त यमुनापार पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज**

वाहन लेकर जमानत कराने न जाये तो पुरा दीन चलने फिरने के बाद भी समय से अपने घर वापस नहीं लौट पाता चुकी ज़ब चालान होता है तो नजदीकी सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र न होने से 30 किलोमीटर दूर थाना खीरी से सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र एक्वा कोराव खीरी पुलिस मुल्जिम को ले के जाती फिर पुनः सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र कोराव से 60 से 70 किलोमीटर दूर सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय बारा जमानत कराना जाना पड़ता है ज़ब प्रयागराज मे पुलिस कमिश्नरेट ब्यवस्था लागु नहीं था तो खीरी, कोराव थाना का मेडिकल समुदायिक स्वाथ्य केंद्र कोराव मे मेडिकल होता था साथ ही तहसील कोराव एसडीएम कोर्ट से जमानत मिल जाता था जिससे काफी जनता व पुलिस को सहूलियत था तब इतना परेशानी नहीं उठाना पड़ता था इतना ही नहीं जहाँ जहाँ सहायक पुलिस आयुक्त कोर्ट बना है अभी तक ब्यवस्था कोर्ट व स्टॉफ को बैठने का समुचित ब्यवस्था नहीं है किसी तरह काम चलाया जा रहा है इस ब्यवस्था से आम जन मानस मे काफी नाराजगी है क्षेत्रीय लोगो ने प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ब्यवस्था को सरल बनाये जाने की माँग की है।

# पीएम मोदी 'वन नेशन वन इलेक्शन' से देश को सामाजिक आर्थिक रूप से मजबूत करना चाहते हैं : दिलीप सिंह पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। एक राष्ट्र एक चुनाव का आश्रय है प्रथम चरण में लोकसभा-विधानसभा व द्वितीय चरण में 100 दिन के अंदर नगर निकाय और पंचायत का चुनाव एक साथ कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को सामाजिक आर्थिक रूप से मजबूत करना चाहते हैं। लेकिन विपक्ष विरोध करके देशवासियों को उकसाकर भ्रमित करता है।

यह बातें भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने रविवार को युनाइटेड इंजीनियरिंग कॉलेज नैनी में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी के समय लोकसभा-विधानसभा के चुनाव चार बार एक साथ हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार ने उच्च स्तरीय समिति का गठन करके पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई तो पूर्व राष्ट्रपति ने पूरे देश से सुझाव मांगा। विपक्ष के साथ-साथ देश के सभी प्रबुद्ध समाज से भी सुझाव मांगे। सभी ने सुझाव दिया तो पूर्व राष्ट्रपति ने 18626 पन्नों के सुझाव की रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा। रिपोर्ट मे 21500 लोगों ने सुझाव दिया। जिसमें शिक्षक, प्रोफ़ेसर, न्यायमूर्ति, अधिवक्ता, डाक्टर, उद्योगपति आदि रहे। पूर्व राष्ट्रपति ने 62 राजनैतिक दलों को चिठ्ठी भेज कर सुझाव मांगा तो 47 राजनैतिक दलों ने सुझाव दिया। दो तिहाई यानि 32 ने एक राष्ट्र एक चुनाव होने का समर्थन किया। 15 ने कहा हम इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए जनजागरण पूरे देश में हो रहा है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने सुझाव देते हुए सिफारिश किया कि लोकसभा विधानसभा का चुनाव एक साथ हो। पंचायत चुनाव, नगर निकाय चुनाव एक साथ 100 दिन के अंदर हो जाय। पूरे देश में एक मतदाता सूची से मतदान हो। एक पहचान पत्र बनें। जिससे भ्रष्टाचार एवं फर्जी मतदान रूकेगा। देश में मुख्य रूप से चार बार चुनाव होते हैं। चार बार आचार संहिता लागू होती है। जिससे विकास का पहिया रुक जाता है। एक साथ 100 दिन के अन्दर सभी चुनाव होंगे तो चार वर्ष केवल विकास होगा। सामाजिक सौहार्द बिगड़ने के डर से मुक्ति और चुनाव के बचें पैसे जनकल्याण में लगेंगे। दिलीप पटेल ने कहा यहां बैठे देश के भविष्य छात्र हैं, प्रबुद्ध जन हैं आप लोग। जहां भी रहें इसके लाभ बताकर जनजागरण कर विपक्ष के षड्यंत्र से लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं अतिथियों का स्वागत किया। विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने भी स्वागत अभिनन्दन करते हुए कहा एक राष्ट्र एक चुनाव विकास को गति देने का कार्य करेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि संचालन जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल ने एवं आभार जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, ब्लाक प्रमुख कमलेश दुबे, इन्द्रनाथ मिश्र, अनिल सिंह, अश्वनी सिंह, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय आदि के साथ भारी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव का उद्देश्य चुनौतियों का समाधान करना : गिरीश चंद्र यादव

एजेंसी

जौनपुर । एक राष्ट्र, एक चुनाव'' के इस विचार को एक साथ चुनाव के रूप में भी जाना जाता है, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक ही साथ कराने का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है। इससे मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में एक ही दिन सरकार के दोनों स्तरों के लिए अपने मत डाल सकेंगे, हालाँकि देश भर में मतदान कई चरणों में कराया जा सकता है। इन चुनावी समय-सीमाओं को एक साथ जोड़ने के दृष्टिकोण का उद्देश्य चुनावों के लिए किए जाने वाले प्रबंध से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना, इसमें लगने वाले खर्च को घटाना और लगातार चुनावों के कारण कामकाज में होने वाले व्यवधानों को कम करना है। यह बातें रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कही। ''एक राष्ट्र - एक चुनाव'' विषयक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन रविवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित करके के किया गया। परिचर्चा कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख व प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा भारत में नयी नहीं है। संविधान को अंगीकार किए जाने के बाद, 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए गए थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। हालाँकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने में बाधा आई थी।

# जाति जनगणना कराना देश की राजनीति में नया इतिहास लिखना : गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति जनगणना कराए जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के कैबिनेट द्वारा पारित किए गए जाति जनगणना को लेकर सिविल लाइन कार्यालय में रविवार को आयोजित उत्सव कार्यक्रम में श्री गुप्ता ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस साहस का परिचय देते हुए जाति जनगणना कराए जाने का निर्णय लिया है वह भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने जैसा। इस जनगणना में समान रूप से सभी वर्ग के लोगों को संवैधानिक अधिकारों को प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि 1931 में देश के अंदर जाति जनगणना हुई थी तब से आज तक लगभग 94 वर्ष के लंबे अंतराल में अधिकांश समय में कांग्रेस पार्टी या गैर भाजपा दलों की सरकारें देश में रही। उन्होंने कहा कि अफसोस है कि श्री मोदी के अलावा गैर भाजपा किसी भी सरकार ने जाति जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटा पाई। श्री गुप्ता ने कहा कि जाति जनगणना होने से सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक अधिकारों को पाने के लिए नए अवसर मिलने वाले हैं और सबसे बड़ी बात कांग्रेस, सपा , टीएमसी, वाम दल की सरकारों में सिर्फ अपने वोट बैंक के खातिर देश के अंदर करोडों बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के अंदर रखने का पाप किया है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जाति जनगणना से उन घुसपैठी जमातों को भी अब हर हाल में कागज दिखाना पड़ेगा जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों को शिक्षा अर्थव्यवस्था एवं राजनीति में भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्विनी कुमार पटेल ने कहा कि गांधी परिवार हमेशा ओबीसी, दलित व पिछड़ा समाज का विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि 1955 के काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट एवं 1980 में मंडल आयोग की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि कांग्रेस पार्टी की नियत यदि ओबीसी समाज के लिए ठीक होती इस समाज को आरक्षण का लाभ 1990 से नहीं बल्कि आजादी के तुरंत बाद से मिल जाना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ जनता की रहनुमा है। उन्होंने 'सबका साथ सबका विकास' की अवधारणा पर सबको आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके नेतृत्व में आज भारत के अंदर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्ज़ा मिला जबकि 27 प्रतिशत नीट परीक्षा में और केंद्रीय एवं सैनिक विद्यालय में आरक्षण प्राप्त हुआ है।

# जातीय जनगणना का निर्णय महत्वपूर्ण कदम : अनिल गुप्ता

एजेंसी

जौनपुर। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जाति जनगणना के निर्णय पर नगर अध्यक्ष कमलेश कुमार निषाद के अध्यक्षता मे रविवार को बीजेपी कार्यालय पर सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। सामाजिक सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मे आये हुये पिछड़े और अति पिछड़े लोगों को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे भारत के अन्य पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या की पहचान होगी साथ ही संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकार भी मिलेंगे। आगे कहा कि इस निर्णय से पूरे देश का जनमानस खुश है आखिरी जातीय जनगणना 1931 में अंग्रेजी शासन के दौरान हुई थी। आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी ने जातीय जनगणना का निर्णय लिया है। इसलिए यह निर्णय सामाजिक न्याय और सहभागिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह जाति जनगणना को लेकर झूठ फैला रहा है भारत में अधिकांश समय कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन उसने कभी जाति जनगणना का निर्णय नहीं लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जातीय जनणना के फैसले से आज पिछड़े वर्ग के लोगों में जश्न का माहौल है, जातीय जनगणना होने से सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक अधिकारों को पाने के नये अवसर मिलने वाले हैं। ओबीसी मोर्चा, उ0प्र0 जहाँ एक तरफ जातीय जनगणना का फैसला लेने वाले देश के प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करेगा वहीं कांग्रेस, सपा एवं गैर भाजपाई दलों जिनकी सोच, मानसिकता एवं एजेण्डा पिछड़ा विरोधी रहा है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल, जिला अस्पताल किए गए रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव बाजार के नन्हे चौराहा के पास रविवार को सायं 4 बजे के करीब दो बाईकों की भिड़ंत हो जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी कोरांव लाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक लवकुश सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी बरनपुर थाना कोरांव किसी काम से गए तरांव अवराइ गए हुए थे। वहां से सायं 4 बजे के करीब वापस घर लौट रहे थे कि नन्हें चौराहा के पास विपरीत दिशा से आ रहे अधिवक्ता रामचंद्र तिवारी व लवकुश की बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चालक लवकुश सिंह जहां गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं दूसरे बाइक चालक अधिवक्ता रामचंद्र तिवारी व इनकी बाइक पर बैठे रामकृष्ण यादव पुत्र जगन्नाथ यादव निवासीगण दर्शनी थाना कोरांव भी घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी कोरांव लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रामकृष्ण यादव का एक पैर फैक्चर हो गया है तो रामचंद्र तिवारी को भी पैर में ही चोटें हैं, लवकुश सिंह को हेड इंजरी बताई जा रही है।

# योगी से मिल जनप्रतिनिधियों ने की चित्रकूट के समग्र विकास पर चर्चा

## जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी भी रहे मौजूद

एजेंसी



चित्रकूट। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता और पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर चित्रकूट के समग्र विकास पर चर्चा की।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए चित्रकूट में इलेक्ट्रॉनिक बसों को संचालित करने,शहर को जोड़ने वाली सड़कों को फोर लेन करने का सीएम योगी से अनुरोध किया गया। जिस पर सीएम ने जल्द ही मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। रविवार को चित्रकूट के जिला पंचायत अशोक जाटव,नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व पहाडी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर चित्रकूट में चल रहे पर्यटन विकास पर चर्चा की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हाईटेक इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन करने, शहर को जोडने वाली प्रमुख सड़कों शिवरामपुर से कालुपूर,सूरजकुंड से बेडीपुलिया,एसपी आवास से तरौंहा होते हुए चित्रकूट तथा बंधोइन मार्ग को फोर लेन करने की मांग की। साथ ही शहर के पुरानी कोतवाली चैराहा व शंभू पेट्रोल पंप चैराहा का सुंदरीकरण कराने के साथ-साथ चित्रकूट जिलामुख्यालय की जल निकासी के बेहतर इंतजाम के लिए कर्वी व सीतापुर में सीवर लाइन के प्रोजेक्ट की मंजूरी देने का सीएम योगी से अनुरोध किया। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट के विकास में हर संभव सहयोग करने का चित्रकूट के जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया। साथ ही जल्द ही चित्रकूट का दौरा कर तुलसी जन्मभूमि राजापुर व महर्षि वाल्मीकि आश्रम में पूरे हो चुके पर्यटन विकास के कार्यों का लोकार्पण व नये कार्यो का शिलान्यास करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सीएम से जिले के संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की।

# लखनऊ में शिक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण विषय पर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ आईड्यूकेशनलाइज का एजु विजनरी मीट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । आईड्यूकेशनलाइज ने 3 मई को लखनऊ के रेडिसन होटल में ''शिक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण'' विषय पर अपना एजु विजनरी मीट सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा से जुड़े प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया और शिक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया।

यह कार्यक्रम प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के एक समूह द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें एलायंस यूनिवर्सिटी, पिंपरी चिंचवड़ यूनिवर्सिटी, महिंद्रा यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी शामिल थे।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहा एक रोचक पैनल चर्चा, जिसमें उच्च शिक्षा के पाँच प्रमुख प्रतिनिधि और स्कूली शिक्षा के तीन अग्रणी व्यक्तित्व शामिल हुए। इन सभी ने शिक्षा में सहयोगी रणनीतियों के महत्व और उनके क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए, जो लखनऊ, कानपुर और गोंडा की 60 से अधिक प्रमुख स्कूलों के प्रतिनिधियों को प्रेरित कर गए।

एजु विजनरी मीट एक ऐसा मंच बना जहाँ नेटवर्किंग, ज्ञान साझा करने और नवाचारी तरीकों की खोज पर ज़ोर दिया गया, जिससे उच्च शिक्षा संस्थान और स्कूल मिलकर छात्रों के लिए बेहतर शिक्षण अनुभव और परिणाम सुनिश्चित कर सकें। प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी और सार्थक योगदान ने यह दर्शाया कि सभी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग सहयोग से शिक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस आयोजन की सफलता ने क्षेत्र में शिक्षा के विभिन्न स्तरों के बीच मजबूत संबंधों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और भविष्य में सहयोगी पहलों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है।

# जनसभा में ब्राह्मण समाज की एकता अखंडता सुदृढ़ करने प्रण लिया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के अहमामऊ स्थित बालाजी लॉन में रविवार को ब्राम्हण परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर अवस्थी द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए जनसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर राम केवल मिश्र,कमल, संगठन मंत्री अरविन्द मिश्र, राजकीय अधिवक्ता, उच्च न्यायालय सहित अनेक पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय वरिष्ठ , युवा ब्राह्मण जनों द्वारा सहभागिता की गई। जनसभा का प्रारम्भ भगवान परशुराम का दीप प्रज्ज्वलित के उपरांत विगत दिनों कश्मीर में आतंकियों द्वारा की गई जघन्य हत्याओं की निंदा करते हुए शोक व्यक्त किया गया। जनसभा में अनेकों विद्वजनो द्वारा अपने संगठन एवं देश की एकता, अखंडता की चर्चा करते हुए ब्राह्मण समाज की एकता पर विचार प्रकट किए। वक्ताओं द्वारा जनसभा को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज की एकता अखंडता सुदृढ़ करने प्रण किया गया।

जनसभा के आयोजन में मुख्य रूप से देवी शरण त्रिवेदी, मोना'' प्रदीप द्विवेदी, मुरली शंकर बाजपेई व कृष्ण कुमार त्रिपाठी, प्रमोद द्विवेदी (मुन्ना) तथा अर्जुनगंज क्षेत्र व आसपास के निवासियों की भूमिका सराहनीय रहीद्य जन सभा का संचालन राष्ट्रीय कवि अशोक कुमार पाण्डेय (अनहद) द्वारा की गई। अनहद जी ने अपनी कविता के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला। जिसे सुनकर लोगो ने खूब तालियां बजाई।

# नगराम : अपराधियों की खैर नहीं: लूट के मामलों में लिप्त पांच शातिर बदमाश दबोचे गए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ । राजधानी में अपराध की काली दुनिया में दहशत फैलाने वाले पाँच दुर्दांत अपराधी आखिरकार रविवार को पुलिस के शिकंजे में आ ही गए। नगराम थाना क्षेत्र में सक्रिय ये अपराधी एक बड़ी वारदात की साजिश रचने की फिराक में थे, लेकिन सतर्क पुलिस ने समय रहते इन्हें धर दबोचा। ये सभी पहले भी लूट, मारपीट और अवैध हथियारों के मामलों में जेल की हवा खा चुके हैं।

नगराम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ पुराने अपराधी इलाके में इकट्ठा होकर किसी संगीन वारदात की योजना बना रहे हैं। थाना प्रभारी की अगुवाई में एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और चारों ओर से घेराबंदी कर इन बदमाशों को रंगे हाथों पकड़ लिया । अंकुश वर्मा पुत्र राजकुमार पर लूट , चोरी और आम्र्स एक्ट के तहत चार से अधिक मामले थाना नगराम, लोकबंधु और मोहनलालगंज में दर्ज हैं। अवधेश पुत्र श्रीराम ऽ धारा 394/411 के तहत नगराम थाने में लूट का मामला दर्ज है। अमर पुत्र रामसूख ऽ गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज। अर्जुन पुत्र फकीरी ऽ लूट और अवैध हथियार रखने का आरोपी हैं । अशोक कुमार पुत्र राजाराम ऽ कई मामलों में संलिप्तता। कर्मठ पुलिस टीम ने निभाई बड़ी भूमिकाः इस अभियान में उपनिरीक्षक संजय सिंह, रजनेश सिंह, रंजीत कुमार, महिला कांस्टेबल अंशुमान देवी, हेड कांस्टेबल नाज मोहम्मद और कांस्टेबल संजय चौहान की सक्रियता और साहसिक भूमिका सराहनीय रही।

# डिप्टी सीएम ने रामसागर मिश्र अस्पताल को दी कई सौगातें



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ, सीतापुर रोड, लखनऊ में शनिवार को उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक द्वारा डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट(एम.एन.सी.यू.वार्ड एवं पीडियाट्रिक वार्ड) का लोकार्पण तथा स्पोक एंड हब पैथोलॉजी लैब तथा जन औषधि केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस यूनिट के निर्माण से बच्चों को समर्पित उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा रोगों के शीघ्र निदान हेतु सशक्त प्रयोगशाला सेवाएं उपलब्ध होने के साथ आवश्यक दवाओं को किफायती दरों पर जनसामान्य को मिल सकेंगी।यह स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है,जिससे लखनऊ समेत आस-पास के क्षेत्रों के नागरिकों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा।यह उत्तर प्रदेश की पहले एमएनसीयू है जो आधुनिक सुविधाओं से लैस है।44 नवीन बेड के साथ अब यह अस्पताल 144 बेड का हो गया है, इस अस्पताल में सत्ताईस डॉक्टर अपनी सेवा मरीजों को से रहे है और चौबीस घंटे अस्पताल का संचालन चल रहा है,इससे क्षेत्र के मरीजों तथा आसपास के जिलों के मरीजों को काफी सहूलियत प्रदान हो रही हैं।इस उद्घाटन के मौक़े पर राज्यमंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य,मयंकेश्वर शरण सिंह,बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान,महानिदेशक,स्वास्थ्य डॉ0 रतनलाल सिंह सुमन, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ0 जी0पी0 गुप्ता,सी0एम0ओ0 लखनऊ एन0बी0सिंह,सी0एम0एस,राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय डॉ0 वी0के0 शर्मा,एमएस डॉ0 एस0के0 महराज,वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर गिरीश चंद्र पांडे समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## स्पोक एंड हब मॉडल पर आधारित पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि इस स्पोक एंड हब मॉडल पर आधारित पैथोलॉजी लैब को सात सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों इटौजा,बीकेटी,माल,मलिहाबाद, गुडंबा, अलीगंज, काकोरी तथा जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर को जोड़ा गया है, इस लैब में लीवर,हार्ट,किडनी,हैपिटाइटिस, सीबीसी,वायरल मार्कर सहित अन्य सभी आवश्यक महत्वपूर्ण जांचें 24घंटे इस लैब में संचालित की जायेंगी।

## एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण

वही उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा व अन्य अथितियों द्वारा शनिवार को चिकित्सालय परिसर में पर्यावरण सुरक्षा व समृद्धि के लिए डेडिकेटड पीडियाट्रिक केयर यूनिट के उद्घाटन के मौक़े पर पौधारोपण कर पर्यावरण को बढ़ावा देने का एक अलग संदेश दिया।मुख्य अतिथि ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम एक अभियान है जिसका मुख्य मकसद मां के नाम पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाना और एक हरा भरा भविष्य बनाना है, इस अभियान में प्रकृति और मातृभूमि के प्रति सम्मान और समर्पण का भाव जाग्रति होता है।इस अभियान की शुरुआत पीएम नरेंद्र मोदी ने पांच जून 2024को पर्यावरण के अवसर पर नई दिल्ली में बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पौधा लगाकर की थी।

## गांजा व्यवसायी को पुलिस ने पकड़ा

कैनविज टाइम्स सरोजनीनगर-लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मौलवी खेड़ा से इटुरिया जाने वाली सड़क के दाहिने नाले के पास बनी झोपड़ी के अंदर शनिवार को एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति को काली पॉलीथिन में गांजे को बिक्री करते हुए बिजनौर पुलिस ने घर दबोचा। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा के मुताबिक पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम दशरथ पाल पुत्र भैरव पाल निवासी आजाद नगर थाना कृष्णा नगर लखनऊ बताया, जिसकी उम्र करीब 60 वर्ष है, जो बीते काफी समय से इसी अवैध कारोबार में संलिप्त है। आरोपी के पास से 570 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया। बिजनौर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

## चार वारंटियों को पुलिस ने किया गिराफ्तार

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने रविवार को चार वारंटियों को कोर्ट के आदेश पर गिराफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक वारण्टी अभियुक्त जोगेन्द्र रावत उर्फ बाबू निवासी हबीरपुर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ, सरजू निवासी आनन्दपुर मजरा बक्कास थाना सु0गो0सिटी व हरीश रावत उर्फ बब्बू निवासी माढरमऊ का पुरवा थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ कई मुकदमे में कोर्ट से वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिराफ्तार कर जेल भेजा गया।

## अस्पताल परिसर से स्प्लेंडर बाइक चोर ले उड़े

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके के विक्रम अस्पताल परिसर से बुधवार 30 अप्रैल को सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की संख्या यूपी 32 4161चोरी हो गई। अस्पताल प्रबंधक एवं गाड़ी स्वामी विक्रम प्रसाद वर्मा ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देते हुए मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मोटर साइकिल की छानबीन कर रही है।

# निगोहां : पूर्व न्यायिक अधिकारी के फार्महाउस में तैनात चौकीदार ने की आत्महत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निगोहां, लखनऊ । क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में शनिवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। गांव के बाहरी हिस्से में स्थित हाईकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस के फार्महाउस में तैनात चौकीदार सुशील कुमार सिंह (45) ने शराब के लिए पैसे न मिलने पर अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान सुशील कुमार सिंह के रूप में हुई है। वे फार्महाउस परिसर में ही अपनी पत्नी शालू सिंह (40), बेटे शिवा सिंह (17) और बेटी वैष्णवी सिंह (15) के साथ निवास कर रहे थे। परिवारजनों के अनुसार सुशील कुमार बीते कई वर्षों से शराब के आदी थे और अक्सर नशे की हालत में रहते थे। पिछले दो दिनों से वे शराब के लिए पैसे मांगते हुए परिवार से झगड़ा कर रहे थे। शनिवार को भी इसी बात को लेकर घर में विवाद हुआ। जब पत्नी ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो गुस्से में आकर उन्होंने अपने कमरे में खुद को बंद कर लिया।कुछ देर बाद जब वे बाहर नहीं निकले तो बेटे शिवा को संदेह हुआ। पिता को कई बार आवाज देने के बावजूद जब कोई उत्तर नहीं मिला, तो शिवा ने दरवाजा तोड़ा। अंदर का दृश्य देख शिवा के होश उड़ गए–सुशील फांसी के फंदे से लटके हुए थे। आनन-फानन में परिवार उन्हें सीएचसी मोहनलालगंज लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि सुशील एक शांत स्वभाव के मेहनती व्यक्ति थे और कभी किसी से किसी प्रकार का विवाद नहीं रहा। उनका इस तरह से जाना सभी के लिए अत्यंत दुखद है।सूचना मिलते ही निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वहीं, एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम बहरौली में एक 15 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने किशोरी को बहाने से घर बुलाकर जबरन पकड़ा और दरवाजा बंद कर उसके साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी का मुंह दबा दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां राजकुमारी पत्नी स्व. राजेश निवासी ग्राम बहरौली ने थाना नगराम में दी गई तहरीर में बताया कि 3 मई को दोपहर करीब 11 बजे उसकी पुत्री स्वेता अपनी चाची सुधा के घर से टीवी देखकर वापस लौट रही थी। इसी दौरान पड़ोसी आलोक उर्फ सिद्धार्थ पुत्र गंगासागर मिश्र ने उसे अपने घर बुलाकर कहा कि घर की चारपाई पकड़कर अंदर रखवा देने की बात कही। जब स्वेता चारपाई रखने अंदर गई, तभी आलोक ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। शिकायत के अनुसार, जब किशोरी ने शोर मचाया तो आलोक ने उसका मुंह दबा दिया। किसी तरह खुद को छुड़ाकर वह वहां से भागी और घर आकर परिजनों को जानकारी दी। पीड़िता के परिजनों के अनुसार, जब उन्होंने विरोध किया तो आलोक और उसके पिता गंगासागर ने गाली-गलौज की और पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। पीड़िता की मां ने इस संबंध में थाना नगराम में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के विरुद्ध उचित धाराओं में केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के तत्वाधान में हुसैनगंज में हुआ क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, हुसैनगंज बाजार इकाई'' के तत्वावधान में विधानसभा मार्ग ,हुसैन गंज में ''क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह'' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा की गई । व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के सामने वर्तमान में व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को प्रमुखता से रखा तथा 10 सूत्रीय ज्ञापन सौपा जिसमें समस्याएं एवं सुझाव दोनों ही सम्मिलित थे । क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, हुसैनगंज'' की नवगठित इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई । इस अवसर पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन में

**क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मौजूद रहे**

**क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन में हुसैनगंज बाज़ार, सदर बाजार, उदयगंज बाजार, विधानसभा मार्ग, हीवेट रोड, बर्लिंगटन चौराहा**

उठाई गई मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचाकर सकारात्मक समाधान निकलवाएंगे । तथा व्यापारियों की हर लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे । सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा बाजारों में सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने की मांग पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख बाजारों का प्रस्ताव माँगा और उन्होंने अपनी विधायक निधि से कैंट विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख



बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने का आश्वासन दिया । उपमुख्यमंत्री ने आदर्श व्यापार मण्डल की सराहना करते हुए कहा आदर्श व्यापार मंडल लगातार व्यापारियों के लिए संघर्ष कर रहा है हुसैनगंज बाज़ार,सदर बाजार,''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल,हुसैनगंज बाजार ''की कार्यकारणी में श्रवण कुमार गुप्ता ने चेयरमैन, पवन वर्मा ने अध्यक्ष, राजू वर्मा ने संरक्षक,परमानंद गोयल ने वरिष्ठ महामंत्री, आदित्य वर्मा ने महामंत्री, ओवेस खान ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,सगीर अहमद मंसूरी , नितिन गुप्ता, मोहम्मद मोइद, राजू गुप्ता ,अंकुर जायसवाल ने उपाध्यक्ष, आनंद बंसल ने कोषाध्यक्ष ,पंकज गुप्ता ने सह कोषाध्यक्ष, नितिन गुप्ता ने वरिष्ठ संगठन मंत्री ,वैभव गुप्ता एवं मोहम्मद फरीद ने संगठन मंत्री, चंदन चौरसिया एवं शशांक कुमार ने मंत्री ,स्वाति चौरसिया ने मीडिया प्रभारी पद की शपथ ली ।

''क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह'' में संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, बर्लिंगटन चौराहा ,विधानसभा मार्ग के अध्यक्ष एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा ,आलमबाग प्रभारी एवं नगर महामंत्री मोहित कपूर, सदर बाजार के अध्यक्ष अखिल ग्रोवर, उदयगंज कैन्ट रोड के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ, ओडियन सिनेमा, कैंट रोड अध्यक्ष एवं नगर महामंत्री संजय त्रिवेदी, चारबाग प्रभारी हर्षपाल सिंह, कृष्णा नगर प्रभारी सरबजीत सिंह बग्गा ,चन्दर प्रभारी गुरप्रीत सिंह सचदेवा, लखनऊ नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, ट्रांसगोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, भाजपा युवा नेता सतबीर सिंह आनंद, नगर उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता सहित हुसेनगंज, सदर बाजार, उदय गंज बाजार , विधानसभा मार्ग बाजार बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे । ''क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन'' में उपमुख्यमंत्री के सामने व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने व्यापारियों की प्रमुख समस्याएं रखीं

1. रिटेल ट्रेड पॉलिसी एवं ई कॉमर्स पॉलिसी प्रदेश में बनाई जाए वर्तमान में विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों द्वारा सरकार के नियम कानूनों का उल्लंघन करते हुए व्यापार किए जाने से प्रदेश के परम्परागत रिटेल (ख़ुदरा व्यापारियों) सेक्टर के व्यापारियों के सामने अपने व्यापार को बचाने में बड़ी समस्या आ रही है। ई कॉमर्स व्यापार करने की वर्तमान विधा है। प्रदेश एवं देश की जनता ने इसे अपना लिया है तथा परंपरागत रिटेल सेक्टर के व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश में ई कॉमर्स पॉलिसी एवं रिटेल ट्रेड की पॉलिसी बनाया जाना अति आवश्यक है ताकि सरकार को राजस्व देने में ,सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तथा रोजगार सृजन में अपने संसाधनों से स्वयं को एवं अनेको लोगो को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध कराने वाले रिटेल सेक्टर के व्यापारियों के व्यापार को बचाया जा सके2. LDLT योजना शुरू की जाए मा.प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा अनुसार पध्दथद्य द्धध- द्यधदथद्य के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार अपनी सरकारी खरीद में उत्तर प्रदेश के व्यापारियों को तथा स्थानीय स्तर पर द्यधदथद्य दद्बपन्द्बदप द्यधदथद्य प्थदद्न- से खरीद को प्राथमिकता दें। ताकि स्थानीय व्यापारियों का व्यापार बढ़ सके प्रदेश सरकार जिलों में जिले के व्यापारियों से ही खरीदी करे 3. विज्ञापन नीति बनाई जाएः- रिटेल सेक्टर के व्यापारी अपने व्यापार को ई कॉमर्स पर लाना चाहते हैं किंतु उनके पास अपनी वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप का प्रचार करने का समुचित फंड नहीं होता ऐसे में उन्हें ई कॉमर्स सेक्टर में आने के लिए सहयोग करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार विज्ञापन की नीति बनाए तथा ई कॉमर्स पर व्यापार करने वाले व्यापारियों को सस्ती दर पर एवं सुगम विज्ञापन के अवसर उपलब्ध हो सके 4. जल करः- जिन व्यापारियों के वहाँ पानी का कनेक्शन नहीं है उन्हें भी जल कर का भुगतान करना पड़ता है, जो न्यायोचित नहीं है पुरानी सरकारों के समय का यह नियम बना हुआ है। कृपया इसे समाप्त किया जाए केवल उन्हीं व्यापारियों से जल कर लिया जाए जो इसका उपयोग करते हो 5. सीसीटीवी कैमरा योजना -राजधानी लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के प्रमुख महानगरों की प्रमुख बाजारों में सीसीटीवी कैमरा योजना शुरू की जाए। इसके लिए बजट में प्राविधान रखा जाए इसकी शुरुआत राजधानी के कैंट क्षेत्र से हो 6. स्वास्थ्य बीमा जीएसटी विभाग में पंजीकृत व्यापारियों को दस लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा तथा छोटे स्थायी,अपंजीकृत व्यापारियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जाए 7. सीलिंगः- जनता की आवश्यकता के अनुसार राजधानी सहित अनेक महानगरों में आवासीय क्षेत्र व्यावसायिक में परिवर्तित हो गए हैं सरकार इस विषय पर गंभीरता से काम भी कर रही है तथा नीति भी बना रही है।

# ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ से आए बच्चों ने कतर्नियाघाट का किया शैक्षिक भ्रमण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य मंशादीन शुक्ला इंटर कालेज नादान महल रोड लखनऊ से ईको टूरिज्म ऑर्गनाइज़र सुनील शर्मा के नेतृत्व में 20 छात्रों का दल शैक्षिक भ्रमण पर कतर्नियाघाट घूमने के लिए पहुँचा। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी शिवशंकर ने दल के कतर्नियाघाट पहुंचने पर उनका स्वागत किया और कतर्नियाघाट की जैव विविधता के बारे में अवगत कराया।

ईको टूरिज्म ऑर्गनाइज़र सुनील शर्मा ने इस दौरान बताया कि कतर्नियाघाट की पारिस्थितिकी तंत्र को अवगत कराने हेतु रेलवे द्वारा विस्टाडोम कोच का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिछिया रेलवे स्टेशन से विस्टाडोम के माध्यम से दुधवा कतर्नियाघाट जंगल होते हुए मैलानी जंक्शन पहुंचकर बच्चों का दल लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेगा। यात्रा के दौरान शैक्षिक भ्रमण पर आये बच्चों के लिए खानपान की समुचित व्यवस्था की गई। शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है कि यात्रा के माध्यम से बच्चों को दुधवा व कतर्नियाघाट के परिस्थितिकी तंत्र, यहां के जीव जंतु तथा घनों जंगलों के बीच रेल संचालन के बारे में जानकारी हो सके।

## शनिवार व रविवार को विस्टाडोम में प्राकृति का आनन्द ले सकेंगे बच्चे

श्री शर्मा ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह शनिवार व रविवार को छात्रों का दल विस्टाडोम पर सवार होकर कतर्नियाघाट व दुधवा की प्राकृतिक छटा को निहारेंगें। शैक्षिक भ्रमण के लिए आये बच्चों ने भी कतर्नियाघाट की खूबसूरती की मुक्तकंठ से सराहना की। बिछिया रेलवे स्टेशन मास्टर सुधांशु गिरी ने शैक्षिक भ्रमण पर आये छात्र-छात्राओं को गाड़ियों के परिचालन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, पर्यटन सूचना अधिकारी बहराइच मनीष श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमकार नाथ मिश्रा, केमेस्ट्री लेक्चरर डॉ. सुमन लता, कतर्नियाघाट वनक्षेत्राधिकारी आशीष गौड़, डीसीआई मैलानी गाइड नावेद ज़िया आदि मौजूद रहे।

# नल रिबोर के नाम पर निकल गई हजारों की धनराशि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पहला सीतापुर। न्यामतपुर लबरहा का एक मामला प्रकाश में आया है।जहाँ पर ग्राम पंचायत का गांव मुबारकपुर पड़ता है वहाँ पर नाली निर्माण की काफी समस्या है अभी तक नाली निर्माण नही कराया गया है।वही पर इंडिया मार्का एक हैंडपंप रिबोर किया गया है जिसमे आज तक चौकी का निर्माण नही कराया गया आखिर क्यों? ग्रामीणों को कीचड़ में पानी लेने जाना पड़ता है और उसी गांव में एक और इंडिया मार्का हैंड पम्प लगा है जिसका सोकता नही बनवाया गया जिससे चौकी पर गंदा पानी भरा रहता है कहीं पर पानी निकास की व्यवस्था नहीं है।कुछ ग्रामीणों देशराज ,गुड्डू, मिश्रीलाल,आदि लोगो ने जानकारी देते हुए बताया कि ये प्रधान जब से हुई हैं तब से ग्राम पंचायत में कोई कार्य नही कराया जा रहा है केवल कागजों पर ही कार्य किया जा रहे हैं और कोई अधिकारी इसकी जांच भी नहीं करता है यह सब प्रकरण में जब ग्राम प्रधान समैया खातून से बात करने का प्रयास किया गया तो फोन स्विच ऑफ बताया और जब खंड विकास अधिकारी पहला विकास सिंह को फोन के माध्यम से जानकारी चाहिए गई तो उनका फोन नहीं उठा।

# पीतल नगरी में अचानक हुई बारिश, ओले भी पड़े

एजेंसी



मुरादाबाद । मुरादाबाद में रविवार शाम को अचानक बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया वहीं बारिश के साथ ओले भी पड़े। लगभग एक घंटे बारिश से महानगर में कई जगह जल भराव हो गया, वहीं तेज हवा चलने से मौसम का न्यूनतम व अधिकतम पारा 2-2 डिग्री तक घट गया। रविवार को मुरादाबाद का अधिकतम पारा 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम पारा 22 डिग्री दर्ज किया गया।

शनिवार सुबह से मुरादाबाद में बादल छाए हुए हैं जो रविवार को भी रहे। आज शाम 6 बजे अचानक बादल काले हो गए और तेज हवा चलनी शुरू हो गई। देखते ही देखते अचानक बारिश शुरू हो गई। कुछ देर बाद बारिश के साथ ओले पड़ने शुरू हो गए। सप्ताह भर से भीषण गर्मी झेल रहे पीतलनगरी के लोगों को इस बारिश ने गर्मी से कुछ राहत दी। राजकीय इंटर कॉलेज में मौसम प्रयोगशाला प्रभारी निसार अहमद ने बताया कि बीते एक सप्ताह में मुरादाबाद का औसतन अधिकतम पारा 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम पारा 24 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं आज की इस बारिश से अधिकतम और न्यूनतम पारा में दो-दो डिग्री की कमी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि रविवार को हुई बारिश का असर अगले दो-तीन दिन तक रहेगा इस कारण लोगों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी।

# जिले के 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई नीट (यूजी)-2025 परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जिले के 07 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित नीट (यूजी)-2025

## डीएम मोनिका रानी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परीक्षा केन्द्रों भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम मोनिका रानी ने परीक्षा केन्द्र महराज सिंह इण्टर कालेज, महिला पीजी कालेज व किसान पीजी कालेज में स्थापित दो परीक्षा केन्द्रों ब्लाक ए व बी का निरीक्षण किया।



इस अवसर पर डीएम ने बताया कि जनपद बहराइच में नीट (यूजी)-2025 की परीक्षा 07 केन्द्रों पर आयोजित की गयी। परीक्षा में कुल 2976 परीक्षार्थियों को सम्मलित होना था, जिसमें 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स की भी व्यवस्थाएं की गयी। इसके अलावा कन्ट्रोल रूम की स्थापना भी की गयी है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर शान्ति व्यवस्था के साथ परीक्षा आयोजित की गयी। साइबर सुरक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केन्द्रों पर जैमर भी लगाये गये। परीक्षार्थियों के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर गर्मी के दृष्टिगत स्वच्छ पेयजल की भी व्यवस्था की गयी है।

## महिला कल्याण विभाग के विभिन्न पदों के लिए 10 मई तक मांगे गए आवेदन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि महिला कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय बहराइच में जेम अनुबन्ध संख्या-ळम्ड-511687743009781 द्वारा आउटसोर्सिंग सेवाप्रदाता के माध्यम से हब फार इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन एवं चाइल्ड हेल्प लाइन योजना के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट मिशन कोआर्डिनेटर, जेण्डर स्पेशलिस्ट, स्पेशलिस्ट इन फाइनेंसियल लिटरेसी, एकाउण्ट असिस्टेंट डाटा इंट्री आपरेटर, एम.टी.एस., प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर, काउन्सलर, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर एवं केसवर्कर के पद पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि को बढ़ा कर 10 मई 2025 कर दिया गया है। श्री राय ने बताया कि ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो आवेदन करने से छूट गये हैं, सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से उपरोक्त पदो के लिए 10 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

## हिस्ट्रीशीटरों की लगाई क्लास, पढ़ाया कानून का पाठ

कमलापुर-सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के समस्त हिस्ट्रीशीटरों की रविवार को थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने क्लास लगाई और सभी को कानून का पाठ पढ़ाया उन्होंने हिस्ट्रीशीटरों से अपराध से दूर रहने का पाठ पढ़ाया और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का अहसास दिलाया।मानव जीवन मिला है इसका सदुपयोग करें और आम जन को दु:ख न देने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आप अगर कानून के दायरे में रहेंगे तो आपको आमजन से सम्मान भी मिलेगा साथ ही अपने आसपास सक्रिय नये अपराधियों की पहचान कर उनकी सूचना पुलिस को देने को कहा। इस दौरान थाना क्षेत्र के 46हिस्ट्रीशीटर उपस्थित रहे सभी ने शपथ ली और कहा कि वह अपराध से दूर हैं और आगे भी रहेंगे तथा समाज के प्रति जो हमारा उत्तरदायित्व बनता है उसका निर्वाहन करेंगे थानाध्यक्ष ने कहा कि अपने आसपास की गतिविधियों पर नजर रखे कोई भी संदिग्ध हालात या व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें और पन्द्रह दिन में अपनी उपस्थिति थाने में दर्ज कराएं।

# पुलिस अधीक्षक सीतापुर के आदेश के क्रम में चलाये जा रहे अभियान वांछित व वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मछरेहटा थाना अध्यक्ष अमित पांडेय ,वांछित व वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास जारी

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा प्रचलित अभियान सत्यापन के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं क्षेत्राधिकारी मिश्रित के आदेशों निर्देशो के क्रम में थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 04.05.2025 को क्षेत्र के क्ट्ट को थाने पर बुलाया गया। उपस्थिति दर्ज कर प्रारूपानुसार कार्यवाही करतेह22 हुए उनके आधार एवं मोबाइल नम्बर एवं उनके परिवार के सदस्यों, पड़ोसियो के नाम एवं मोबाइल नम्बर अंकित किये गये। तथा उच्चाधिकारीगण से प्राप्त आदेशो निर्देशों से एवं भविष्य में अपराध न करने के सम्बन्ध में भलीभांति ब्रीफ किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीतापुर के आदेश के क्रम में चलाये जा रहे अभियान वांछित व वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष मछरेहटा द्वारा गठित टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त शिंकू पुत्र मंगरे उम्र करीब 26 वर्ष नि0ग्राम पुरवा चितरेहटा थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर सम्बन्धित मा0 न्यायालय सीतापुर द्वारा जारी गैर जमानतीय वारण्ट एसटी नं0 1383/18 मु0अ0सं0 51/18 धारा 323/354ए/506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट ता0पेशी 09.06.25 को वारण्टी के घर ग्राम पुरवा चितरेहटा थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर से गिरफ्तार किया गया , पुलिस अधीक्षक सीतापुर के आदेश के क्रम में चलाये जा रहे अभियान वांछित व वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (द0) व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महोदय मछरेहटा के निर्देशन में थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त सोनू उर्फ सोनपाल पुत्र सुन्दरलाल नि0ग्राम चन्देहरी थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर उम्र करीब 30 वर्ष सम्बन्धित 88/25 धारा 305/331 (4)/317 (2) बीएनएस को पुलिस टीम द्वारा सतनपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर का लंगड़ा अभियान जारी आसीवन पुलिस से बदमाशों से मुठभेड़ दो के लगी पैर पर गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव आसीवन थाना क्षेत्र में लूट की वारदात का खुलासा, मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल, पैर में लगे गोली; 4 गिरफ्तार आपको बताते चलें कि उन्नाव पुलिस ने लूट की वारदात अंजाम देने वालो को पकड़ कर मामले का खुलासा कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस टीम की मदद से चार लुटेरों को मुठभेड़ में लुटेरों के पैरो में गोली मार कर लुटेरो को गिरफ्तार कर लिया है।बता दे कि गुरुवार रात को उमरायखेड़ा गांव के धीरज और उसका चचेरा भाई सूरज शादी से लौट रहे थे। सारंग हार गांव के पास कार सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को टक्कर मारी। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर बाइक और 2 हजार रुपये लूट लिए। इसी रात मोहम्मदपुर बसोखा के राकेश और उसके साथी विभम से भी लुटेरों ने वारदात की। उन्होंने डंडे से मारकर 3 हजार रुपये और मोबाइल



लूट लिया। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया की टीम ने शनिवार रात कुल्हा अटौरा मोड़ पर मुठभेड़ में दो बदमाशों को पकड़ा। शुभम और चंदन के पैरों में गोली लगी। इनकी निशानदेही पर अतुल और तनवीर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद कर ली है। आरोपियों के अपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

# राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## कृषि सखियां किसानों को अब सिखाएगीं प्राकृतिक खेती की विधियां

## राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान, हैदराबाद एवं कृषि विभाग सीतापुर के सहयोग से कटिया में कृषि सखियों का प्रशिक्षण आयोजित

## वैज्ञानिको से कृषि सखियों नें सीखी खेती की बारीकियां

## किसानों को अब मिलेगा कृषि सखियों का साथ, प्रकृति की भी होगी सुरक्षा

सीतापुर। कृषि विज्ञान केंद्र-ऋ कटिया, सीतापुर में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत विकास खंड महमूदाबाद एवं बिसवां की चयनित कृषि सखियों हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन सत्र में केन्द्र के अध्यक्ष व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ दया शंकर श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को कृषि सखियों की प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाओं को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पहलुओं से सशक्त करना है। प्रशिक्षण का उद्देश्य लघु और सीमांत कृषको तक प्राकृतिक खेती की विधा को अधिक से अधिक पहुचाने और अनुपालन में योगदान करना है प्रशिक्षण प्रभारी एवं मृदा वैज्ञानिक श्री सचिन प्रताप तोमर ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती मिशन योजना, बीजामृत, जीवामृत, धनजीबमृत व प्राकृतिक खेती में कीटों एवं बीमारियों से फसल को बचाने के लिए दसपर्णी अर्क, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि को बनाने की विधियों के अतिरिक्त फसल अवशेष प्रबंधन, मिट्टी परीक्षण की विधि, पोषण वाटिका, भंडारण तकनीक पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

सहायक विकास अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार के प्राकृतिक खेती की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह प्रणाली स्थानीय संसाधनों पर आधारित, कम लागत वाली, रासायनिक मुक्त खेती को बढ़ावा देती है। इसका उद्देश्य मिट्टी का स्वास्थ्य सुधारना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने देसी गाय के गोबर और गोमूत्र आधारित कृषि इनपुट जैसे बीजामृत, जीवनामृत, घनजीवामृत, दशपर्णी अर्क, नीमास्त्र आदि की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में गाय एक केंद्रीय भूमिका निभाती है, जो न केवल इनपुट का स्रोत है, बल्कि खेती को रासायनमुक्त और टिकाऊ बनाने में सहायक है। केन्द्र के प्रसार वैज्ञानिक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की नीति, उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन का मुख्य फोकस फार्म पर निर्मित जैविक इनपुट के उपयोग को बढ़ावा देना, बाहरी खरीद पर निर्भरता कम करना तथा सतत कृषि प्रणाली को अपनाना है। केन्द्र की गृह विज्ञान विशेषज्ञ डा. रीमा ने प्राकृतिक खेती में मिलेट्स (मोटे अनाज) की वैज्ञानिक खेती, उत्पादन तकनीक, कीट एवं रोग प्रबंधन, जल संरक्षण तथा पोषण सुरक्षा पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मिलेट्स न केवल पोषक तत्वों से भरपूर हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के अनुकूल फसलें भी हैं, जो सतत कृषि विकास का आधार बन सकती हैं। प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर एवं कमुआ निवासी प्रगतिशील कृषक श्री अशोक कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि किस तरह प्राकृतिक खेती द्वारा किसान भाई खेती की लागत के साथ गुणवत्तायुक्त अनाज, सब्जियां ले सकते हैं।

बिसवां निवासी श्रीमती शीतल त्रिवेदी ने कृषि सखियों को केंचुआ खाद उत्पादन करने की तकनीकी पर विस्तार से जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार महिलाएं खेती के साथ केचुआ खाद बिक्री करके अतिरिक्त आय सृजन कर सकती हैं।

केंद्र ने प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती की सभी ने नई तकनीकों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई और उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण उनके समुदाय में प्राकृतिक खेती के प्रसार में उपयोगी सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में सहभागिता कर रही कृषि सखियों ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं साझा की तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफलतापूर्वक प्रतिभाग कर रही सभी 29 कृषि सखियों को प्रणाम पत्र वितरित किए गए।

# बाइक सवारों को डंपर ने मारी टक्कर एक की मौत व दूसरा घायल

एजेंसी

हमीरपुर । रविवार को शाम कुरारा बेरी मार्ग में बैजे इस्लामपुर (मलहरा) गांव के पास अज्ञात डंपर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल होकर घंटों सड़क के किनारे पड़े रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को स्थानीय सीएचसी भेजा। जहां एक घायल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कुरारा थानाक्षेत्र के रिठारी गांव निवासी गुलाब (25) पुत्र राजा सिंह कुशवाहा अपने एक साथी हेमेंद्र उर्फ लल्ला (23) पुत्र राधे मोहन के साथ हलवाई गिरी का काम करता था। रविवार की शाम बेरी गांव से दोनों लोग काम देख कर बाइक से वापस गांव आ रहे थे। तभी मलहरा गांव के पास करिया नाला मोड़ के पास अज्ञात डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क के किनारे घंटों पड़े रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी भेजा। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉ.उमेर अली ने घायल गुलाब को मृत घोषित कर दिया। हेमेंद्र उर्फ लल्ला को प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदलाल प्रजापति ने बताया कि डंपर की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरा गंभीर है। डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पूर्वांचल भोजपुरी महोत्सव की बैठक में संगठनात्मक मजबूती और पारदर्शिता पर जोर

## ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल परिसर में हुई द्वितीय मासिक बैठक



राजापाकड़/कुशीनगर। पूर्वांचल भोजपुरी महोत्सव व व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरवलिया बाजार स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित द्वितीय मासिक बैठक में समिति के पंजीकरण, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और कारपोरेट संस्थाओं सहित व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक का मुख्य फोकस आगामी 11 सुकन्याओं के सामूहिक विवाह आयोजन के साथ-साथ अन्य जनकल्याणकारी उद्देश्यों की दिशा तय करना रहा।

बैठक का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक आनंद पाठक के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि सामाजिक उद्देश्यों की सिद्धि सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। डायस एकेडमी के कमलेश उर्फ मनन मिश्र ने समिति के स्पष्ट उद्देश्य निर्धारण की आवश्यकता बताई। एसपी पब्लिक स्कूल के निदेशक आदित्य विशाल ने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का भाव ही जनविश्वास का आधार है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद उर्फ गुड्डू यादव ने समिति की सांगठनिक मजबूती पर बल देते हुए अधिक से अधिक सामाजिक संगठनों को जोड़ने की अपील की। पूर्वांचल भोजपुरी महोत्सव के अध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश तिवारी ने समिति के पंजीकरण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पंजीकृत संस्था के माध्यम से न केवल सुकन्या विवाह आयोजन बल्कि भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण जैसे विविध जनहितकारी अभियानों को भी प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकता है। बैठक को कांग्रेसी नेता धर्मेंद्र सिंह व व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष डा. शेषनाथ गुप्ता ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्रनाथ राय ने की तथा संचालन अखिलेश्वर पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ईश्वर प्रकाश पाठक, आनंद यादव, प्रदीप यादव, नित्यानंद पांडेय, नीरज त्रिपाठी, प्रमोद यादव, सोनु यादव, मृत्युंजय पांडेय, कमलेश्वर पटेल, ओमप्रकाश पांडेय, नियाज कौशर, रामबड़ाई शर्मा, सलाहुद्दीन, राजेश राय, रामप्रीत प्रसाद, कृष्णा ओझा, हरिदास महाराज, डा. शंभूनाथ मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने जन आरोग्य मेले का किया औचक निरीक्षण

## चिकित्सक अनुपस्थिति, एक दिन का वेतन बाधित करते हुये शो काज नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना,कुशीनगर। रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिरौली बाजार,टेकुआटार एवं पुरौनी का औचक निरीक्षण किया गया।

सीएमओ अपराह्न लगभग 12 बजकर 30 मिंनट पर सीएचसी हाटा के अर्न्तगत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिरौली बाजार पहुँच कर उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया तो चिकित्सक डॉ विनय शाही अनुपस्थिति पाये गये तथा उनका ओपीडी कमरा बन्द मिला।ओपीडी रजिस्टर माँगने पर बताया गया कि वे अपने पास रखते है जिसपर सीएमओ द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये उनका एक दिन का वेतन बाधित करते हुये शो काज नोटिश जारी किया गया। पर्ची काउंटर से पता चला कि केवल 12 मरीज ही आये थे जिसपर सीएमओ द्वारा वहाँ उपस्थित फार्मासिस्ट एवं अन्य स्टाफ को निर्देशित किया कि क्षेत्र में आशाओं के माध्यम से प्रचार प्रसार कराकर जन आरोग्य मेले में मरीजों की संख्या बढ़ाये। सीएमओ द्वारा प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया गया जहाँ मात्र दो व्यक्तियों के सुगर की जाँच मिली उसे भी बढ़ाने तथा बलगम की जाँच को भी बढ़ाने के लिये एलटी एवं एल ए को निर्देशित किये। फिर वहाँ से सीएचसी रामकोला के अंर्तगत पीएचसी टेकुआटार पर लगभग 1 बजकर 5 मिनट पर पहुँचे तो वहाँ चिकित्सक डॉ रजनीश श्रीवास्तव द्वारा ओपीडी कक्ष में मरीज देखते हुये मिले उनके द्वारा सुबह से 25 मरीजों को उपचारित किया गया था। सीएमओ द्वारा प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया गया



वहाँ उपस्थित एलटी दीपमाला से जाँच के बारे में पूछताछ किया गया। उनके द्वारा 4 जाँच किया गया जिसे और बढ़ाने के लिये निर्देशित किया गया और बलगम की जाँच को भी बढ़ाने के लिये कहा गया। एसटीएलएस निशांत मिश्र,खुर्शीद आलम सहित सभी स्टाफ उपस्थित मिले। वहाँ से सीएचसी मोतीचक के अंर्तगत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैनी पर लगभग 1 बजकर 40 मिनट पर निरीक्षण हेतु सीएमओ पहुँचे वहाँ चिकित्सक डॉ धर्मेन्द्र कुमार अमन सहित सभी स्टाफ उपस्थित मिले। चिकित्सक द्वारा 25 मरीजों को उपचारित किया जा चुका था। सीएमओ द्वारा प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया जहाँ एलटी ने बताया कि 3 जाँच हुआ जिसपर सीएमओ द्वारा डॉ को निर्देशित किया गया जो भी ओल्ड एज के व्यक्ति आ रहे उन सभी के सुगर की जाँच अवश्य कराये। प्रयोगशाला कक्ष में बेसिन एवं अन्य सुविधाएं न मिलने पर चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि तत्काल इसे पूर्ण करें। सीएमओ डॉ एपी भास्कर ने कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया जहाँ एक चिकित्सक अनुपस्थिति मिले उनका एक दिन का वेतन बाधित किया गया। मेले में मरीजों की संख्या बढ़ाने के लिये सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में आशाओं के माध्यम से प्रचार प्रसार करा कर मेले में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी समय से करे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

# बाईक की टक्कर में दो घायल, एक की हालत नाजुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पड़रौना, कुशीनगर। कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सखवनिया बुजुर्ग चौराहे के समीप रविवार को दो बाईको के आमने सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गये,एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से मेडिकल कालेज रविन्द्रनगर भिजवाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए डाक्टरो ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार कुबेस्थान थाना क्षेत्र के गांव भटवलिया बाबा टोला निवासी आकाश यादव पुत्र नरेंद्र यादव (23 वर्ष) अपनी हीरो बाइक यू,पी,57ए,वाई,7372 सखवनिया चौराहे से किसी काम को कर के घर जा रहे थे अभी वह पशु अस्पताल के आगे पहुँचें थे कि शिवराजपुर के तरफ से आरही डिस्कवर बाइक यूपी 57 डब्ल्यू 1523 की आमने सामने टक्कर हो गया,जिससे आकाश व प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गये।प्रिंस का इलाज स्थानीय प्राइवेट चिकित्सक के वहां चल रहा है। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से आकाश को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज रविन्द्रनगर भेजवाया गया।मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

# बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारी बैठक में बांटी जिम्मेदारियां

## 10 मई को कैबिनेट मंत्री एके शर्मा करेंगे प्रतिमा का अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व मंत्री-सांसद बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह 10 मई को गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय, बरवा राजापाकड़ परिसर में आयोजित होगा। प्रतिमा का अनावरण प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा करेंगे। समारोह को लेकर रविवार को सीताराम चौराहा, बरवा राजापाकड़ में तैयारी बैठक आयोजित हुई, जिसमें आयोजन समिति ने जिम्मेदारियां सौंपीं।

बैठक में आयोजक व केंद्रीय कारपोरेट मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य डा. पुनीत राय ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी और सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक पीएन पाठक, मनीष जायसवाल, डा. असीम कुमार, विवेकानंद पांडेय, मोहन वर्मा, विनय गोंड तथा पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा का नाम है।

कार्यक्रम के मुख्य स्वागतकर्ता के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा उपस्थित रहेंगे। डा. पुनीत राय ने कहा कि यह समारोह स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम के गौरव को स्मरण करने का अवसर है। सभी को जिम्मेदारी से अपना दायित्व निभाना होगा। बैठक में तय किया गया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए स्वागत समिति, साफ-सफाई, मंच संचालन, ध्वनि व्यवस्था, अतिथि सत्कार, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा प्रबंध व जलपान व्यवस्था हेतु विभिन्न टीमें गठित होंगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय ने की तथा संचालन सत्येंद्र उर्फ गुड्डू शुक्ल ने किया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्रनाथ राय, चंद्रभान राय, रजनीश राय, मनीष राय, राजन सिंह, राजेश शाही, संदीप सिंह, अभय शाही, अरुण राय, रोहित सिंह, बिट्टू शुक्ल, प्रवीण सिंह, नितिन राय, नवीन सिंह, विश्वजीत राय, हारुन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, निखिल, अंकित राय, डा. रवि भारद्वाज, मेवालाल बरनवाल, अविनाश राय, रमन कौशिक, मीडिया प्रभारी अशोक राय, रामनाथ गुप्ता, प्रेमशंकर पटेल, मंगरु चौहान, संतोष गोंड, रंजन सिंह, शोभित राय, डिंपल शुक्ल, प्रिंस शुक्ल, देवीलाल कुशवाहा आदि को जिम्मेदारियां बांटी गईं।

## पत्रकार डॉ विजय राय के निधन पर जताया शोक

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति एबीपीएसएस कुशीनगर की एक बैठक बिड़ला धर्मशाला में सम्पन्न हुई। जहां वरिष्ठ पत्रकार डॉ विजय राव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। रविवार को संपन्न हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि स्व राय ने अपनी कलम से समाज और देश को एक नई दिशा दी। उनके असमय निधन से पत्रकारिता को अपूरणीय क्षति हुई है। बैठक में पत्रकार हितों और क्षेत्रीय पत्रकार सम्मेलन पर चर्चा की गई।

## एसडीएम की पहल पर दो दशक पुराने मार्ग विवाद का पटाक्षेप

**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेवरही ब्लाक के ग्राम कोइंदी बरियारपुर में रविवार को वर्षों से चला आ रहा सेक्टर मार्ग विवाद प्रशासनिक हस्तक्षेप से सुलझ गया। तहसील दिवस के दौरान प्राप्त शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए उपजिलाधिकारी ऋषभ पुंडीर ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेज कार्रवाई सुनिश्चित कराई। करीब बीस वर्षों से अराजी संख्या 526 को लेकर गांव में पक्ष–विपक्ष आमने–सामने थे। पंचायत स्तर पर सुलह की कई कोशिशें नाकाम रही थीं। मामले के तहसील दिवस तक पहुंचने पर एसडीएम ने पैमाइश कर दस्तावेजों के आधार पर निष्पक्ष निस्तारण का आदेश दिया। राजस्व निरीक्षक वेदप्रकाश और लेखपाल कमरुज्जमा ने वादी–प्रतिवादी, ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में पैमाइश शुरू की। कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी जताया, लेकिन प्रशासनिक सख्ती के आगे विरोध टिक नहीं सका। राजस्व अभिलेखों के आधार पर रास्ता चिन्हित कर ग्राम समाज के खाते में दर्ज कर दिया गया। इस निर्णय पर दोनों पक्षों ने अंततः सहमति जताई। गांव में बीस साल पुराने विवाद के समाधान से राहत और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने राजस्व टीम की निष्पक्षता और प्रशासन की तत्परता की सराहना की है।

## 7 मई को कुशीनगर आएंगे प्रभारी मंत्री

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ0प्र0 श्री दिनेश प्रताप सिंह जी का भ्रमण, निरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित हुआ है।दिनांक 6 मई को सिद्धार्थनगर में विविध कार्यक्रम के अंतर्गत लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम निर्धारित है , तत्पश्चात जनपद कुशीनगर में 7 मई को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक प्रशासनिक समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें मा0 मंत्री जी द्वारा जिला प्रशासन / पुलिस प्रशासन के साथ विकास कार्यों एवं विभिन्न कार्यों / कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक स्थान–कलेक्ट्रेट सभागर, जनपद–कुशीनगर में की जाएगी। तत्पश्चात 12.30 बजे कस्तूरबा गांधी विद्यालय हाटा, जनपद–कुशीनगर का निरीक्षण करेंगे । 12:45 बजे अग्निशमन केंद्र हाटा, जनपद–कुशीनगर एवं दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक मा0 मंत्री जी वक्फ संशोधन के संबंध में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान संबंधी कार्यक्रम स्थान–मंगलम मैरेज हाल, हाटा में प्रतिभाग करेगें।

## नीट परीक्षा सकुशल संपन्न,8 केंद्रों पर हुई परीक्षा

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नीट की परीक्षा जनपद में से कुशल संपन्न हो गई इसके लिए जनपद में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां 4200 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था जिसके सापेक्ष 4146 परीक्षार्थी उपस्थित हुए कुल 54 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

जनपद में उदित नारायण पीजी कॉलेज पडरौना, उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना, श्री भगवान महावीर पीजी कॉलेज कुशीनगर,हनुमान इंटर कॉलेज पडरौना, किसान इंटर कॉलेज साखोपार, बुद्धा पीजी कॉलेज कुशीनगर और श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज हाटा को केंद्र बनाया गया था।

# छुएं आसमानों को या सागर में डुबा दें...

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। काशी हिन्दी विद्यापीठ तथा आर्या प्रकाशन के तत्वावधान में भगवान परशुराम स्मृति काव्य महाकुंभ एवं सम्मान समारोह 2025 का आयोजन बीते दो मई को अथर्व अतिथि गृह तेलियाबाग वाराणसी के सभागार में देश के कोने-कोने से आए कवियों साहित्यकारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कवि सिद्धनाथ की वाणी वन्दना 'मां शारदे मां शारदे मां शारदे ; भव सिंधु से मां उबार दे' से प्रारंभ हुआ। संयोजक द्वय काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुल सचिव इन्द्रजीत तिवारी 'निर्भीक' व आर्या प्रकाशन के प्रमुख सौरभ पाण्डेय द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत माला स्मृतिचिह्न एवं अंगवस्त्र से किया गया। विशिष्ट अतिथि अग्रहार के अध्यक्ष सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय 'मन्नू' ने अपनी कविता 'मिला है जीवन इसको चाहे जहां लगा दें ; छुएं आसमानों को या सागर में डुबा दें' के माध्यम से ईश्वर से प्राप्त जीवन को सफल बनाने व जागरूकता लाने के संदेश को सराहा गया। कवियत्री झरना मुखर्जी ने 'टुकडों में बिखरना नहीं जुड़ना है ज़िन्दगी ; पुरुषार्थ से तकदीर बदलना है जिन्दगी 'सुनाकर वाहवाही लूटी। राय बरेली से पधारे हास्य व व्यंग के चर्चित कवि अनुज प्रताप 'अनुज' की हास्य व्यंग रचना 'हाय हाय रे लुटिया डुबा दिया ' पर खूब ठहाके लगे ।वहीं चिंतित बनारसी की व्यंग रचना 'जे जे जाई पाक हमरी बरात में;एक एक हसीना पाई सब सौगात में' सुनकर लोगों ने खूब तालियां बजाईं।सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के डा आलोक मिश्र की गजल 'करामात अपनी दिखाने लगे हो ; मुझे जाल में खुद फंसाने लगे हो' पर खूब वाहवाही मिली। प्रयागराज के संतोष शुक्ल 'समर्थ' की रचना 'धरती को राधिका गगन को श्याम मानिए ; तन को त्रिलोकी नाथ मन को राम मानिए ' ,युवा कवियों में अमित शर्मा की रचना 'मां बाप से ज्यादा कोई अपना नहीं होता ; आशीष बिन पूरा कोई सपना नहीं होता, रितेश की रचना ' मेरी मां मान जाए तो तुम्हें दुल्हन बना लूंगा' रोहित पाण्डेय की रचना 'फूल जैसा खिला है तुम्हारा बदन ; उड़ रही जुल्फ तेरी जो चूमे गगन' जैसी श्रृंगार प्रधान कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम आयोजकों द्वारा रचनाकारों को मानद उपाधि एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रो डा महेंद्र तिवारी 'अलंकार ' ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भगवान परशुराम शास्त्र और शस्त्र दोनों विद्याओं में पारंगत थे। उन्होंने सहस्त्रबाहु तथा हैहय वंशीय दुष्ट राजाओं का संहार किया था। समारोह के अन्त तक श्रोताओं ने पूरे मनोयोग से कार्यक्रम का आनन्द लिया। सभा का सफल संचालन काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुल सचिव इन्द्रजीत तिवारी 'निर्भीक' ने किया।

# पुलिस ने बाइक चोरों को 8 मोटर साइकिल के साथ किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। एसओजी टीम सर्विलेंस की टीम ने डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक चोरों ने चोरी की घटना को काफी दिनों से ग्रुप बनाकर घटना को अंजाम दे रहे थे। मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संदीनागिन में अज्ञात चोरों द्वारा अरुण कुमार की बाइक चुरा ली गई थी संबंध में मिल एरिया में डीएस अभी हो पंजीकृत दर्ज किया गया था। वहीं जगतपुर थाने में सौम्या केवलपुर की बाइक इन्हीं लोगों ने चोरी कर बाइक को चोरी की घटना में सफल करने में सफल रहे। पूछताछ करने पर अभियुक्तियों ने बताया कि उनके द्वारा बताया गया कि सब हम लोगों को एक गैंग है हम लोग मिलकर रायबरेली जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में वादी समारोह हुआ कार्यक्रम हुआ घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों की चोरी करते थे जो किसी भी चाबी से आसानी से खुल जाती थी । उन्हें चोरी करने का काम करते थे तथा कबड्डी समीम हुआ असलम उर्फ बबलू को भेज देते थे बेचने से प्राप्त रूपों को आपस में काट लेते थे। जिसे अपना फ़ेस वॉश आराम करते थे मोटरसाइकिलों के संबंध में पूछा गया कि अभियुक्त शिवा जो मोटरसाइकिल मिली है उन्होंने बताया कि एक अभियोग पंजीकृत अभियुक्त अंकित ने बताया कि इसी तरह इन लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

अभियुक्तों शिवा मौर्या बबलू प्रताप निवासी चढ़ रही मानक ऊंचा जनपद रायपुर सुरेंद्र यादव अंकित यादव सुनील यादव अखिलेश पटेल समीर असलम यह सभी लोग मिलकर साथ में चोरी की घटना को अंजाम देते थे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक–543 / न0पा0प0 खैराबाद / 2024–25 दिनांक 02.05.2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या–37 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्न कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो से ई–निविदा दिनांक 03.05.2025 से दिनांक 13.05.2025 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13.05.2025 को पूर्वाहन 12:00 बजे खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

टेण्डर शेडयूल (www.etender.up.nic.in पर)

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद खैराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 03.05.2025 05:00 PM | |
| 2 | | Tender Download | 03.05.2025 05:00 PM | 13.05.2025 11:30 AM |
| 3 | | Bid Submission | 03.05.2025 06:00 PM | 13.05.2025 11:30 AM |
| 4 | Tender Open | | 13.05.2025 12:00 AM | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

# तंत्र मंत्र व झाड़ फूंक में चली गई कविता की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कनकपुर गाँव में एक परिवार की दुखद कहानी सामने आई है।बुखार से पीड़ित कविता की उम्र लगभग 18 को उसके पिता पहले अयोध्या के श्री राम हॉस्पिट ल ले गए।वहां बारह दिन के इलाज से आराम नहीं मिला।इसके बाद परिजन तीन दिन पहले कविता को गोंडा के दरगाह हजरत गुप्ती शहीद शाह बाबा की मजार पर ले गए।नवाबगंज के धर्म पुरवा में स्थित इस मजार पर तीन दिनों तक झाड़-फूंक का सिलसिला चला।कविता की मां राधा भी बृहस्प तिवार से मजार पर मौजूद थी।परिजनों का मानना था कि कविता पर शैतानी साया है।लेकिन कल देर शाम झाड़-फूंक के दौरान ही कविता की मौत हो गई।मौत के बाद मजार के कर्ताधर्ता मौके से फरार हो गए।नवाबगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।कविता लंबे समय से बुखार से पीड़ित थी उसे मेडिकल इलाज से आराम न मिलने पर परिजनों ने अंधविश्वास का सहारा लिया।अब परिजनों के पा स पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचा है।मजार के कर्ता धर्ता और अध्यक्ष अखलाक अहमद इस घट ना के बाद मौके से फरार हो गए हैं।सूचना पाकर मौके पर पहुंची नवाबगंज थाने की पुलिस के द्वारा मृतक 18 वर्षीय कविता के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दि या है।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।दरअसल नवाबगंज गिर्द ग्राम पंचायत के धर्म पुरवा में स्थित मजार पर का फी संख्या में लोग झाड़ फूंक करवाने के लिए आते रहते हैं।यहां पर अक्सर लोगों की भीड़ भी लगी रहती है।बाकायदा इस मजार के संचालन के लिए एक समिति भी बनी हुई है।बाहर से आने वाले व्य क्ति मजार में बने ही आवास में रहते हैं और यहीं पर दान भी देते हैं।अगर पीड़ित बाबा मृतक कवि ता की जो पिता बाबा है,उनकी बात करें तो आर्थि क स्थिति काफी ठीक नहीं है।वह ऑटो चलते हैं और उनका बेटा गांव में ट्रैक्टर चलाकर के परिवार का भरण पोषण करता है।मृतक कविता की शादी एक साल पहले लखीमपुर जिले के गोला गोकर्ण नाथ गांव निवासी संतोष के साथ हुई थी।ज्यादा पैसा ना होने के कारण वह अयोध्या की श्री राम हॉस्पिटल से रेफर करवा करके दरगाह हजरत मु फ्ती शहीद शाह बाबा मजार पर लेकर के आए हुए थे।यहां के अध्यक्ष अखलाक अहमद द्वारा मजार का और दरगाह का संचालन किया जाता है।वही पीड़ित पिता बाबा ने बताया- पहले हमारी बेटी की कमर में दर्द था श्री राम अस्पताल में हम इलाज करवाने के लिए लेकर अयोध्या गए थे।वहाँ पर बारह दिन तक डॉक्टरों ने इलाज किया,लेकिन ठीक नहीं हुआ तो उन लोगों ने कहा कि इसको कुछ शैतानी माया सता रही है।इसको ले जाकर के दिखाइए।उसके बाद हम इस मजार पर लेकर के गए। वहां पर झाड़ फूंक हुआ और उसके बाद मौत हो गई है।वहां पर हम तीन दिन तक थे।लाश हमा री बेटी की गोंडा में गई हुई है अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।वहीं पूरे मामले को लेकर के नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर की पोस्टमॉर्टम के लिए हमने भेज दिया है।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा,परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

## लखनऊ की भारतीय रिज़र्व बैंक टीम ने डिजिटल पेमेंट व डिजिटल अरेस्ट की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ कार्यालय के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में भारतीय रिज़र्व बैंक अग्रणी जिला अधिकारी नितिन कुमार, प्रबंधक शुभम द्विवेदी, अग्रणी जिला प्रबंधक जितेन्द्र कुमार मसंद, वित्तीय साक्षरता सलाहकार वेद प्रकाश शुक्ला एवम् शाखा प्रबंधक अमित वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान नितिन कुमार ने बैंक से संबंधित जानकारी, बैंक खाता, चिट फंड कंपनी, बैंकिंग लेन देन में होने वाले धोखाधड़ी, बैंकिंग लोकपाल, डिजिटल पेमेंट एवं वित्तीय समावेशन के बारे में जानकारी दी साथ ही वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट के बारे में भी सभी को जागरूक किया। उन्होंने किसी को भी अपने खातों की जानकारी या एटीएम का पिन, आधार नंबर, ओटीपी शेयर नहीं करने का सुझाव दिया। शुभम द्विवेदी ने बैंक नोट एवम् बैंक के सिक्कों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को बताया कि भारतीय रिज़र्व बैंक के द्वारा जारी सभी बैंक सिक्के एवम् नोट मान्य है द्य उन्होंने 1 एवम् 2 रुपए के सिक्के को स्वीकार करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया द्य बैठक के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता से संबंधित बुकलेट भी वितरित किए गए। अंत में प्रतिभागियों से प्रश्न पूछा गया एवम् उन्होंने पुस्कार से सम्मानित भी किया गया ।

## एसपी ने निरीक्षक कक्ष और बैरक का किया उद्घाटन, चौकीदारों को दिया उपहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने त था पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और मह त्वपूर्ण कदम उठाया गया है।पुलिस अधीक्षक विनी त जायसवाल ने थाना धानेपुर स्थित प्रभारी निरीक्ष क कक्ष एवं पुलिस बैरक के जीणीद्धार एवं सौंदर्यी करण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्य क्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काट कर की गई,जिसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ने जी णीद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्ष ण किया एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई, सुव्यवस्थित कार्यालय व्यवस्था, बैरकों की मरम्मत, रंग-रोगन तथा कर्मचारियों को बेहतर कार्य व आवासीय वातावरण प्रदान करने के लिए किये गए प्रयासों की सराहना की।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवा ल ने कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वाता वरण एवं रहने की सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी,बल्कि वे जनता को बेहतर सेवा दे सकेंगे।पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि इस सौंदर्यीकरण एवं जीणीद्धार कार्य का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक कार्यस्थल प्रदान करना है, जिससे उनकी कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन आए और वे अधिक दक्षता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।पुलिस अधीक्षक ने सभी चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि चौकीदार पुलिस व्यव स्था की जड़ हैं।गाँव-देहात की सुरक्षा में आपकी भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।थाने पर मौजूद सभी चौकीदारों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वह न करने,किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल थाना प्रभारी को उपलब्ध कराने एवं आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने हेतु निर्देश भी दिया। तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार राव त,क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा,प्रभारी निरीक्षक धानेपुर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण व था ने के समस्त चौकीदार उपस्थित रहें।

## गोंडा पहुंचे शिवपाल सिंह यादव,करणी सेना क़ो बताया, आतंकवादियों का संगठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव पाल सिंह यादव रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।यहां शिवपाल ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखे हमले किए।इस दौरान उन्हों ने करणी सेना को आतंकवादी प्रवृत्ति वाला संगठ न बताया।कहा कि अब समय आ गया है कि जब भारत को पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) को वापस लेना चाहिए।शिवपाल सिंह यादव का सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।जनगणना के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना समा जवादी पार्टी की पुरानी मांग रही है।दलितों पिछड़ों और शोषित वर्ग को उनका अधिकार मिलना चाहि ए,यह बीजेपी सरकार दबाव में आकर जातीय ज नगणना की घोषणा कर रही है।हालांकि,इसी दौरा न उनकी जुबान फिसल गई और उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका श्रेय नहीं मिलेगा क्यों कि वह महंगाई,बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर बात नहीं करती।हालांकि इसके बाद उन्होंने तुरंत अपने बया न को संभालते हुए बीजेपी पर निशाना साधा और कहा- भाजपा की सरकार जनता को गुमराह कर रही है,वह असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है। करणी सेना को बताया आतंकवादी मानसिकता

राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को करणी सेना द्वारा धमकी दिए जाने के मुद्दे पर शिवपाल यादव ने कहा कि अगर कोई संगठन खुलेआम राज्यसभा सदस्य को जान से मारने की धमकी देता है,तो वह आतंकवादी मानसिकता वाला ही कहलाएगा।ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।लेकिन अफसोस है कि भाजपा सरकार ऐसे तत्वों को संरक्षण दे रही है।

**आतंकवाद पर सरकार की चुप्पी पर सवाल**

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को ले कर उन्होंने कहा- जब-जब देश पर आतंकी हमले हुए हैं,समाजवादी पार्टी ने देश के साथ खड़े होकर आतंकवाद का विरोध किया है।लेकिन सवाल यह है कि सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद आतंकवा दी भारत में कैसे घुस आए,इंटेलिजेंस एजेंसियां कहां थीं।सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए।

पीओके को भारत में मिलाने की बात दोहराई उ न्होंने कहा- चुनावों में बीजेपी ने वादा किया था कि वह पीओके को वापस लाएगी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सरकार को हर उस क्षेत्र पर कार्रवाई करनी चाहिए, जहां भारत की जमीन पर कब्जा है। हम इस मुद्दे पर सरकार के साथ हैं, लेकिन उन्हें वादों को निभाना होगा।वही उत्तर प्रदेश में मदरसों पर कार्रवाई और बहराइच के प्रसिद्ध दरगाह मेले पर रोक को लेकर उन्होंने कहा- यह सरकार धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला कर रही है।पांच सौ वर्षों से चला आ रहा दरगाह मेला बंद करना एक पक्षपाती निर्णय है।भाजपा के लोग कहते हैं और करते कुछ और हैं।वही बृजभूषण श रण सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया दी है कहाँ की स रकार में विधायकों की कोई औकात नहीं है।शिव पाल यादव ने कहा- जब बीजेपी के अपने लोग ही इस तरह के बयान दे रहे हैं तो अब किसी प्रमाण की जरूरत नहीं रह जाती।यह सरकार लोकतंत्र और जनप्रतिनिधियों की गरिमा को खत्म कर रही है।

**महंगाई और टैक्स को लेकर भी साधा निशाना**

शिवपाल सिंह यादव ने जीएसटी को लेकर कहा कि सरकार ने एक टैक्स की बात कही थी, लेकिन अब 18% से ज्यादा टैक्स वसूला जा रहा है।यह सीधे-सीधे जनता को लूटने का तरीका है।बीजेपी सरकार ने देश को हर स्तर पर कमजोर किया है। जनता को अब इनसे सावधान हो जाना चाहिए। अंत में कहा कि भाजपा के रहते देश हर मोर्चे पर पीछे गया है- चाहे अर्थव्यवस्था हो,रोजगार हो या सामाजिक सौहार्द।जनता को अब इस सरकार को बदलने का मन बना लेना चाहिए।

## रामचरित मानस कथा प्रशिक्षण शिविर में लिया सामूहिक संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा,इ बहराइच । भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित एकल विद्यालय राम चरित मानस कथा प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित संघ विचार परिवार के पदाधिकारियों ने समाज को नैतिक शिक्षा एवं धार्मिक शिक्षा जन जागरण अभियान से सनातन धर्मावलंबियों को जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया तथा धार्मिक ग्रंथों से जन-जन तक पहुचाने के लिए प्रभावी जागरण अभियान चलाए जाने का आवाहन किया गया। एकल विद्यालय अभियान के तत्वावधान में संचालित राम कथा प्रशिक्षण अभियान में सहभाग कर रहे प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संघ विचारक पंडित मणिराम शर्मा ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत करने के लिए परिवार का मजबूत एवं अखंड होना आवश्यक है। आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब का नैतिक दायित्व बनता है कि एकल विद्यालय अभियान से सर्वजन को जोड़े ताकि सनातन धर्म की पताका समूचे विश्व मे लहराए। प्राचार्य विद्या मंदिर अनुज सिंह ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करके ही हिन्दू समाज को मजबूत बनाया जा सकता है हम सबका दायित्व बनता है कि जाति पाती, छुवा-छूत व अशिक्षा को दूर करने के लिए जन जागरण अभियान चलाए । महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने नशा को समाज के लिए घातक बताते हुए नशा उन्मुलन अभियान से जन जन को जोड़ने का आवाहन किया। संघ चिंतक बृज नरेश श्रीवास्तव ने एकल विद्यालय अभियान को भारत का उत्कृष्ट शैक्षणिक संगठन बताया तथा शोषित दलित व वंचित समाज से एकल विद्यालय से जोड़ने का आवाहन किया। अभियान प्रमुख दुर्गेश जी ने बताया कि आयोजित राम कथा प्रशिक्षण शिविर में पूर्वी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के चालीस जिलों के प्रशिक्षार्थी सहभाग कर रहे है जिन्हें राम चरित मानस के अलावा सनातन धर्म के महत्वपूर्ण पुस्तको का पठन पाठन कराया जा रहा है एक मास के प्रशिक्षण के बाद पांच माह तक अयोध्या में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा ततपश्चात प्रतिभागी उत्तर प्रदेश के गांव गांव में हिन्दू समाज को सशक्त एवं मजबूत बनाने का प्रभावी कार्य करेंगे। आयोजित प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से किसान परिषद संयोजक शिवपूजन सिंह, प्रधान संगठन संयोजक चंद्र प्रकाश मिश्र, युवा पर्यावरणविद आयूष वर्मा, पर्यावरणविद रुद्र प्रताप मिश्र, अभय तिवारी, दुर्गेश कुमार, अंकित कुमार, कन्हैया लाल, श्रवण कुमार, राम आश्रय, बसंत कुमार, प्रियंका कुमारी शिवांगी कुमारी, ध्रुव कुमार आदि उपस्थित रहे। समापन अवसर पर परिसर में सनातन समाज को अखंड मजबूत एवं गतिशील बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई नीट की परीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । रविवार क़ो नीट यूजी परीक्षा जिला मुख्या लय के आठ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गयी।परीक्षा शांतिपूर्ण रही।कदाचार मुक्त परीक्षा को ले कर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे।आठ केंद्रों पर शामिल हुए परीक्षार्थी परीक्षा के लिए जिला मु ख्यालय पर आठ परीक्षा केंद्र बनाये गये थे।यहां कुल 3481 परीक्षार्थियों में से 3407,ने भाग लिया जबकि कुल 74 परीक्षार्थियों ने आठ परीक्षा केंन्द्रो पर परीक्षा छोड़ दी है।परीक्षा की व्यवस्था का सुचा रू बनाने के लिए केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों के साथ जिला प्रशासन ने भी अपने शिक्षकों की ड्यू टी लगाई थी।वही परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों की पूरी जांच प्रक्रिया पूरी करने के बा द ही अंदर प्रवेश मिल रहा था।इसके तहत सर्वप्रथ म चेहरे से परीक्षार्थियों के चेहरे का मिलान हो रहा था।उसके बाद पूरी तरह फ्रस्किगिं की जा रही थी, ताकि कोई किसी प्रकार के चीट पूजा,मोबाइल स हित अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण लेकर अंदर नहीं जा सके।इस दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किये गये थे।सभी परी क्षा केंद्र पर मजिट्रेट व पुलिस पदाधिकारी सहित पुरुष व महिला बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरो की निगरानी की जा रही थी।परीक्षा को लेकर सुबह से शहर में बढ़ गयी थी चहल पहल नीट परीक्षा को लेकर शहर में सुबह से चहल-पहल बढ़ गयी थी।कई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी नर्धारित समय से घंटों पहले से पहु चना शुरू हो गये थे।हालांकि तय समय पर परी क्षार्थियों को प्रवेश मिलना शुरू हुआ।

## नहीं लगेगा बहराइच का बहुचर्चित जेठ मेला, प्रबन्ध समिति अध्यक्ष ने दी जानकारी



बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद में वर्षों से लग रहे सैय्यद सालार मसूद गाजी का बहुचर्चित जेठ मेला इस बार नहीं लगेगा, प्रशासन की ओर से बीते दिनों हुए पहलगाम हमले की घटना को देखते हुए सावधानी बरती जा रही है चूंकि इस जेठ मेले में लाखों की संख्या में दूर दराज से जायरीन आते है जिससे कानून व्यवस्था बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह जानकारी नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व सीओ सिटी पहुँप सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए दी है। इसी क्रम में रविवार को बहराइच दरगाह शरीफ प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष बकाउल्लाह ने भी प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि दरगाह का जेठ मेला जो 15 गई से 15 जून तक सम्पन्न होना था, इस मेले की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी बहराइच से परम्परागत मीटिंग का निवेदन किया गया था परन्तु कार्यालय जिलाधिकारी के पत्रांक 35 सी0एम0/2025 द्वारा जेठ मेला कराये जाने की अनुमति प्रदान नहीं की गयी है। इस आदेश के अनुपालन में प्रबन्ध समिति दरगाह शरीफ द्वारा मेले से सम्बन्धित कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है और तभी से मेले से संबंधित न तो कोई शो मैन्स के प्लाट की रशीद काटी गयी है और न कोई मेले की दुकान की रसीद काटी गयी है। चूँकि उक्त मेले की औपचारिक घोषणा परम्परागत मेला बसंत के मुख्य दिवस पर की जाती है जो इस वर्ष मेला बसन्त के मुख्य दिवस बीती 2 फरवरी को की जा चुकी है। इन परिस्थितियों में यदि मेले के श्रद्धालु / जायरीन आते है तो प्रबन्ध समिति दरगाह शरीफ द्वारा नियन्त्रित करना सम्भव न होगा ऐसी परिस्थिति में उन्होंने पुलिस बल की आवश्यकता पड़ने की सभावना जताई है। उन्होंने बताया कि चूँकि दरगाह शरीफ एक वक्फ संस्था है जिसका संचालन उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा किया जाता है, इसलिए जेठ मेले के सम्बन्ध में वक्फ बोर्ड से भी सम्पर्क किया गया है जैसे दिशा निर्देश वैसा किया जाएगा।

## साइबर अपराधों से रहे सावधान : संतोष सिंह



जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । साइबर अपराधों को रोकने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील पीस कमेटी की बैठक में किया गया। उपस्थित ग्राम प्रधानों और नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आजकल साइबर अपराध बढे हुए हैं। साइबर अपराधियों से बचने का तरीका बताते हुए ग्राम प्रधानों और उपस्थित लोगों से कहा कि आप लोग अपने-अपने गांव में लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा साइबर अपराधों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करें। श्री सिंह ने उपस्थित लोगों से ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे अपराधियों को पकड़ने और अपराध में नियंत्रण में सहायता मिलती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो लोग सक्षम है वह अवश्य सीसीटीवी कैमरा लगाए।

## खेंत में लगे पेड़ कटवाने पहुंची विधवा महिला की लाठी डंडों से पिटाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास की रहने वाली राधा देवी पत्नी स्वर्गीय नन्हेलाल ने बताया कि उसका वेटा बाहर मजदूरी करने गया था। एक हादसें में वह घायल हो गया। पुत्र के उपचार के लिए खेंत की मेड़ पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगे हैं। जिनकी बिक्री कर पुत्र का उपचार कराना चाहती हैं। आरोप है कि पड़ोसी काश्तकार वीरेंद्र सिंह निवासी भगवन्तापुर कुल्हागाढ़ा अपने परिजनों के साथ हाथों में लाठी डंडे व फावड़ा लेकर पहुंच गए और विधवा महिला के साथ गालीगलौज करने लगे।

# गोण्डा ने संभागीय परिवहन विभाग ऑनलाइन होकर भी दलालों के चंगुल में जकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिले में दलालों ने अब ऑनलाइन में सेंध ल गानी भी शुरू कर दी है,संभागीय परिवहन विभाग के ऑफिस के बाहर बोर्ड लगाकर बैठे लोग मनचा हे दाम वसूल रहे हैं ऐसे में आरटीओ प्रशासन मूक दर्श क बनकर बैठा हुआ है।योगी सरकार ने संभा गीय परिवहन कार्यालयों को दलालों के चंगुल से मु क्त करने की ऑनलाइन प्रक्रिया अब धराशाई होती नजर आ रही है कार्यालयों के बाहर बिचौलियों ने भी ऑनलाइन व्यवस्था के बोर्ड लगा लिए हैं यूं तो ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं,लेकिन ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र भी ऑनला इन वितरित किए जा रहे हैं इससे साक्षरता के अ भाव में ज्यादातर आम नागरिक इन सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों ने कंप्यूटर साक्षरता दर बढ़ाए जाने का आह्वान किया था।

**एक क्लिक पर मिल जाता है कोई भी फॉर्म**

शासन के निर्देश पर संभागीय परिवहन विभाग के सभी पटलों को ऑनलाइन कर दिया गया है यानी आवेदन फॉर्म लेना हो तो भी काउंटर पर जाने की जरूरत नहीं है,घर बैठे एक क्लिक पर फॉर्म उपल ब्ध हो जाएगा, यही स्थिति स्थायी ड्राइविंग लाइसें स,टैक्स जमा करने की प्रक्रिया,वाहन ट्रांसफर समे त अन्य सभी काउंटरों से संबंधित कार्यों पर देखी जा रही है।लेकिन आरटीओ ऑफिस के बाहर जो दुकानें सजी हैं ऑनलाइन की वहां पर दलाल मौ जूद रहते हैं वहां पर ऑनलाइन प्रक्रिया में भी लूट मची रहती है वहां पर मौजूद दलाल आपको भ्रम पैदा कर देगा और आपको इतनी प्रकिया बता दि या जाएगा की मरता क्या नहीं करता लाइसेंस के लिए जब दस बार चक्कर लगाता है तो थक हार कर फिर दलालों के ही शरण में जाता है।

**ऑनलाइन में भी कर्मचारी बिचौलियों का गठजोड़**

संभागीय परिवहन विभाग के बाहर दलालों के बड़े काउंटर और कार्यालय खुले हुए हैं।परिवहन विभा ग की तर्ज पर यह भी खुद को ऑनलाइन होने के दावे कर रहे हैं.उपभोक्ता यहां आते हैं और आवेदन करके लौट जाते हैं,यहीं से उन्हें संबंधित आवेदन के प्रमाण पत्र मिल जाते हैं दलालों और संभागीय परिवहन विभाग के कर्मचारियों के गठजोड़ से ऑ नलाइन व्यवस्था का लाभ नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है।यही अगर सच्चाई जानना है है तो जेल रोड पर स्थित संभागीय परिवहन कार्यालय के ऑ फिस पर लिए और संभागीय परिवहन कार्यालय के ऑफिस के काउंटरों पर और कैंपस में घूम रहे व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ और उनके हाथ में मौजूद फाइलों की गहनता से जांच पड़ताल हो जा ए तो आरटीओ प्रशासन की पोल खुल जाएगी औ र दलालों पर लगाम लगेगा,

**ऑनलाइन है सब कुछ, फिर भी बिचौलिए**

वही आरटीओ प्रशासन के द्वारा जब बात की जा ती है तो बताया जाता है ऑनलाइन फीस जमा क र सकते हैं ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पासपोर्ट जै सी व्यवस्था लागू कर दी गई हैं अब नागरिक अप नी ऑनलाइन फीस जमा करने के साथ अपना स्ले ट भी बुक कर सकते हैं,उन्हें इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है,जो तिथि नियत कर उन्हें दी जाती है।लेकिन संभागीय परिवहन विभाग के कैंपस में पहले से दलाल मौजूद रहते हैं वहां पहुंचने पर द लाल अपने चंगुल में फंसा लेता है और कहता है

जल्दी काम करा दूंगा इस तरीके से प्रलोभन देकर लोगों को भटकाते है और व्यक्त दलाल के चंगुल में फंस जाता है फिर उसे मोटी रकम चुका कर ही ड्राइविंग लाइसेंस मिल पाता है।क्योंकि ऐसा इस लिए है क्यो की बिना बिचौलियों की मदद ड्राइविंग लाइसेंस बनना संभव नहीं है।

# भाजपा के पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पार्टी बुलंदियों पर पहुंची : धर्मपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । भारतीय जनता पार्टी जनपद अमेठी के द्वारा गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर अनुसूचित मोर्चा एवं वर्तमान मण्डल अध्यक्ष,निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष एवं पूर्व के सभी मण्डल अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने किया प्रथम सत्र अनुसूचित मोर्चा की बैठक रही द्वितीय सत्र में वर्तमान निवर्तमान पूर्व मण्डल अध्यक्षों की बैठक रही। प्रथम सत्र अनुसूचित मोर्चा जिला कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश के महामंत्री संगठन धर्मपाल ने कहा कि विपक्ष द्वारा अनुसूचित समाज को लेकर के डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर के विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां एवं अफवाहें फैलाई जा रही हैं जिन लोगों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया आज वह संविधान की पुस्तक लेकर घूम रहे है जिस कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लोकसभा का चुनाव हरवाया और उन्हें संसद में घुसने नहीं दिया।द्वितीय सत्र वर्तमान मण्डल अध्यक्ष



निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष एवं पूर्व के सभी मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के पूर्व के कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को लेकर के चलने का काम किया एवं विभिन्न कठिनाइयों को झेलते हुये भी पार्टी के विचारधारा से विचलित नही हुये आज उन्हें वरिष्ठ एवं पुराने कार्यकर्ताओं की देन है कि भारतीय जनता पार्टी का पूरे भारत में परचम लहरा रहा है इसलिये सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया की बूथ पर रहने वाले सभी वरिष्ठ एवं पुराने कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर उनसे संवाद निरंतर बना रहे एवं अपना आदर्श मॉडल बनाने के लिए सभी ने वर्तमान एवं पूर्व के मंडल अध्यक्षों का आशीर्वाद एवं उनके अनुभव का लाभ लेते रहे सभी मण्डल अध्यक्ष ऐसे ही हमेशा सबके अनुभव एवं क्षमता का सदुपयोग करते हुए आदर्श मॉडल बनाने का कार्य करें। आगे

## अनुसूचित मोर्चा एवं वर्तमान निवर्तमान पूर्व के सभी मण्डल अध्यक्ष की बैठक सम्पन्न

अपने संबोधन में कहा की कोई भी कार्यकर्ता खाली ना रहे हर कार्यकर्ता के लिये काम हर काम के लिये कार्यकर्ता पार्टी पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इस बात का ध्यान रखें की कोई भी वर्कर खाली ना रहे और पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान हम सभी कार्यकर्ताओं के लिये सर्वोपरि है पुराने ही कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से आज भारतीय जनता पार्टी बुलंदियों पर पहुंची है। बैठक में जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला,दया शंकर यादव,अमर सिंह, अशोक मौर्य,ओंकारनाथ सिंह, काशी प्रसाद तिवारी,राजेंद्र तिवारी,भीषण मिश्रा,ओमप्रकाश पाण्डेय,नकुल टंडन, सुरेश तिवारी, शिव कुमार सिंह,अजय तिवारी, विपिन शुक्ला,शशि भूषण तिवारी,महेंद्र सिंह,प्रवीण सिंह, उमा शंकर तिवारी सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरोग्य मेले में डॉक्टर नदारद, लैब सहायक के भरोसे मरीजों का हुआ इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे,लेकिन पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण उनका इलाज लैब सहायक द्वारा किया गया हैं। मौसम बदलने से सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। साथ ही त्वचा संबंधी परेशानियों से ग्रसित लोग भी इलाज के लिए केंद्रों पर पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जटपुरा में दोपहर 12:49 बजे डॉ. रंजीत रंजन स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित रहे। बाकायदा उन्होंने रजिस्टर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।उसके बाद अपने व्यक्तिगत कार्यों को निपटने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से चले गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद राकेश कुमार वरिष्ठ लैब सहायक

मरीजों का इलाज करते पाएं गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जटपुरा पर लगभग 12:49 पर मरीजों ने अपने स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेकर दवाई ली है।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेरपुर कला में में 12:31 बजे डॉक्टर आसिफ खान मौके पर उपस्थित थे। और मरीजों का इलाज कर रहे थे। इसके अलावा कोई अन्य स्वास्थ्य कर्मी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेरपुर कला में उपस्थित नहीं था।





## युवक का शव पेड़ से लटका मिलने पर फैली सनसनी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव कुटमरा के करीब नैया पुल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताते चलें कि बाराबंकी के जनपद के थाना असंद्रा के सिद्धौर निवासी मोहम्मद रईस पुत्र मोहम्मद जासिम तिलोई के पठान टोला निवासी अपने नाना मोहम्मद अहमद के घर आठ दिन पहले पत्नी के साथ आया था।परिजनों के अनुसार युवक के मां बाप आठ साल पहले से ही तिलोई में रहते है। रविवार सुबह रईस तिलोई से परिजनों को बिना कुछ बताये निकला था।कुछ देर बाद तक घर आपस न आने पर परिजनों ने युवक की तलाश शुरू कर दी। रविवार की सुबह दस बजे के करीब युवक का शव नैया पुल के पास नीम के पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों पर मुसीबत का पहाड़ टूट गया और सबका रो रोकर बुरा हाल रहा। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## गौरीगंज पुलिस ने दो शातिर अपराधियों के कब्जे से बरामद की स्मैक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस ने तिरपन ग्राम स्मैक के साथ दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये अपराधियो के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार मनीष यादव उर्फ कल्लू यादव पुत्र रामऔतार यादव निवासी सुन्दरपुर थाना व जनपद अमेठी व नरेन्द्र बहादुर यादव उर्फ वकील पुत्र रामनाथ यादव निवासी ग्राम जमुनिया थाना डीह जनपद रायबरेली हालपता मकान संख्या 455/19 सोनियानगर थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली को कस्बा गौरीगंज से सुबह गिरफ्तार किया गया।मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में मनीष यादव के पास से सत्ताइस ग्राम स्मैक व नरेन्द्र बहादुर यादव के पास से छब्बीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।थाना गौरीगंज पुलिस ने बताया कि दोनो ही शातिर किस्म के अपराधी है जिसमें मनीष यादव के विरुद्ध जनपद अमेठी के थाना मुसाफिरखाना पर हत्या एवं नरेन्द्र यादव के विरुद्ध जनपद रायबरेली के विभिन्न थानों पर हत्या व अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। थाना गौरीगंज पुलिस ने पकड़े गये दोनों शातिर अपराधियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## चौदह ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो पुलिस ने ग्राम संभई के पास से चौदह ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जामो पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सोहन लाल पुत्र रामसुमेर निवासी ग्राम करीडीह जलालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को ग्राम सम्भई के पास से समय करीब दस बजे दिन में चौदह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## ईट भट्टे के पास खेल रही मासूम बच्ची पर सियार ने किया हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर कला के रहने वाले अजमुद्दीन शाह पुत्र हारून शाह अपने परिवार के साथ ईट भट्टे पर रहकर मजदूरी करते हैं। रविवार समय लगभग 11 बजे अजमुद्दीन शाह की 5 वर्षीय पुत्री शायदा बानो दुसरे बच्चों के साथ ईट भट्टे के पास में स्थित खेत में खेल रही थी। तभी अचानक एक सियार ने मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। यह देख बच्चों में चीखपुकार मच गई और परिवार के लोग दौड़ पड़े मासूम बच्ची को सियार से छुड़ाकर 102 एबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद मासूम बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## जातिगत जनगणना लेकर किया गया संघर्ष हुआ सफल : सन्तराम विश्वकर्मा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। केंद्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना करवाने के प्रस्ताव को पारित करवाने में ओबीसी महासभा द्वारा लगातार चलाएं जा रहे आंदोलन और जातिगत जनगणना करवाए जाने की मांग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव सन्तराम विश्वकर्मा ने कहा भारत देश का सबसे बड़ा पिछड़ा वर्ग का संगठन ओबीसी महासभा के 18 राज्य तक फैला हुआ है।जिसने लाखो कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर विगत सात वर्षों से सड़क से लेकर सदन तक सदन से लेकर हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट तक मुख्यमंत्री व राज्यपाल से लेकर प्रधानमंत्री राष्ट्रपति भवन तक हर जगह अपनी बात रखी 500 से ज्यादा धन्ना प्रदर्शन आंदोलन हुए। हर माह मासिक ज्ञापन देकर जातिगत जनगणना की मांग पिछड़ा वर्ग के अधिकारों के मुद्दों पर लगभग 78 ज्ञापन दिए ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव सन्तराम विश्वकर्मा ने कहा कि आज परिणाम आप सबके सामने है। अब देश के सभी राजनीतिक दलो ओबीसी महासभा की मांग का समर्थन कर रहे हैं।हम सभी राजनीतिक दलों का धन्यवाद करते हैं। जिन लोगों ने सात साल से ओबीसी महासभा के साथ मिलकर संघर्ष किया सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का जिन्होंने लाठियां खाएं जेल गए घर छोड़कर संघर्ष में ओबीसी महासभा का साथ दिया। उन सभी क्रांतिकारी साथियों का ओबीसी महासभा धन्यवाद करती है।और बधाई देना चाहती है।संकल्प लेते है।कि पिछड़ो गरीबों किसानों मजदूरों कमजोर वर्ग का न्याय मिलने तक यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित हुई एनजीओ सामाजिक संगठन की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी पहुंचे प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर गांधी प्रेक्षा गृह में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख रहे हैं।मुख्य वक्ता सीए संजय अग्रवाल रहे।मंचासीन अतिथियों में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान,जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, अशोक शर्मा,डॉ पी डी सिंह,अमृत लाल,अनिल कमल,डॉ लक्ष्मीकांत दीक्षित,बबिता सक्सेना,रेखा सिंह परिहार,गोकुल प्रसाद मौर्य रहे है।मुख्य अतिथि ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश के अंदर* होने वाले बार-बार चुनाव से जनता के ऊपर अधिक बोझ पड़ता है इसमें सरकार को भी राहत मिलेगी प्रशासन को भी राहत मिलेगी तमाम सारी विषय की जानकारी ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री यशस्वी नरेंद्र भाई मोदी केंद्र की सरकार बिल को पास* करवाने के लिए आम जनता जनमानस के बीच में प्रस्ताव लेकर कर आई है।आप सभी की सहमति के आधार पर







इस बिल को पास किया जाएगा इससे होने वाले चुनाव में सभी* को राहत मिलेगी इसके मुख्य वक्ता ने कहा कि श्री तिवारी ने कहा पहले सन्-1952-से लेकर-1967-तक एक चुनाव हुआ करते थे लेकिन विपक्षी पार्टियों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते इस चुनाव के सिलसिला को बदल दिया अल्पकालीन चुनाव कराकर देश की दिशा और दिशा दोनों बदलने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई जिससे देश कई साल पीछे* चला गया विपक्षी पार्टी सपा-बसपा-कांग्रेस जनता के खिलाफ काम किया। इनका शोषण किया इनका खून चूसने का काम किया।जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि देश में भाजपा सरकार ने इतिहास में कई ऐसे* ऐतिहासिक फैसले लिए जिनको विपक्ष के लोग लोहा मानते हैं देश विकास की ओर आगे बढ़ रहा है आने वाले समय में एक राष्ट्र एक चुनाव आप सब की आवाज होगी।इस बिल को सरकार पास करके एक इतिहास रचने का काम करेगी जिला अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि जी का आभार जताया होने वाले एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रति गंभीरतापूर्वक इस विषय को संज्ञान में लेकर मुख्य अतिथि जी को आश्वासन दिया कि देश को इसका बहुमूल्य लाभ होगा।एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रति सरकार की प्रशंसा करते हुए जनता के बीच में प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रोपति मुर्मू जी को प्रेषित किया जाएगा। उसके बाद इस बिल को पास करकेएक राष्ट्र एक चुनाव को मंजूरी दी जाएगी।पूरनपुर विधानसभा के विधायक बाबूराम पासवान,जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य , ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा , ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, समाज सेवी अमृतलाल, प्रतिष्ठित डॉक्टर पीडी सिंह, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, समाज सेवी वविता सक्सेना, जिला मंत्री संजीव मोहन अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल वर्मा ,डॉक्टर लक्ष्मीकांत दीक्षित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे है।

## महिला ने ससुर और जेठ पर छेड़छाड़ सहित अन्य लगाए आरोप

पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति जागरण करता है और वह घर पर अकेली रहती हैं। आरोप है कि पीड़िता का ससुर और जेठ उस पर गंदी नजर रखते हैं और उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर पीड़िता का जेठ उसे तमंचे के वल पर अपने कमरे में उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। शिकायत करने पर ससुर और जेठ ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता किसी तरह उक्त लोगों के चुगंल से छूटकर भाग निकली और अपनी इज्जत बचाई। आरोप है कि इस संबंध में पीड़िता बलरामपुर चौकी पहुंची तो चौकी पुलिस ने थाने जाने को कहा। पीड़िता जब थाने पहुंची तो पुलिस ने चौकी जाने की बात कही। विरोध करने पर आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसके साथ गालीगलौज कर उसको भगा दिया। पीड़िता ने मामले में एसडीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# गोमती मित्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गोमती मित्र मंडल ने अपने स्वच्छता जागरूकता श्रमदान कार्यक्रम को आम जनमानस से जोड़ने की प्रक्रिया में एक अभियान ल्लचलो पार्क चलेंल्ल शुरू किया है। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने बताया की हर महीने नगर क्षेत्र के एक पार्क का चयन किया जाएगा और वहां स्वच्छता जागरूकता श्रमदान आयोजित कर शासन/प्रशासन को उसकी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हुए आम जन को स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत रविवार 4 मई को राहुल टॉकीज से ओम नगर को जाने वाली सड़क पर आवास विकास परिषद द्वारा विकसित कॉलोनी में स्थित पार्क से की गयी, पार्क पूरी तरीके से गंदगी से पटा हुआ था, जिस भी विभाग की उसके रख रखाव की जिम्मेदारी है वह पूरी तरीके से उदासीन है, गोमती मित्रों ने पहुंच कर दो घंटे मेहनत कर लगभग पांच ट्राली कूड़ा वहां से निकाल कर उपस्थित जनों से निवेदन किया कि कृपया हफ्ते में एक दिन जरूर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया करें। कार्यक्रम में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, राकेश मिश्रा, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,राकेश सिंह दद्दू, अजीत शर्मा, मुन्ना पाठक, मुन्ना सोनी, दाऊजी कैलाशी, आलोक तिवारी, अजय प्रताप सिंह, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, विनय सिंह, नितिन सिंह, सूरज सिंह, राजित राम यादव, बृजेश सिंह, विपिन सोनी, रजनीश श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, सूरज सिंह, अर्जुन यादव, अभय मिश्रा, लकी, प्रांजल, आयुष, अभय आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर लटक रहा ताला जिम्मेदार उदासीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बाल विकास विभाग पर सरकार बच्चों को कुपोषण मुक्त व शिक्षित करने के लिए हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर रही है लेकिन विभाग की सुस्ती के चलते सिर्फ कागजी आंकड़ों में सिमट कर रह गई है । यहां बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिम्मेदार अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जांच करने नहीं जाते हैं कि वहां क्या चल रहा है, केंद्र खुला है कि बंद ही रहता है जिसके चलते जमीनी धरातल पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आम जनमानस तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देती नजर आ रही है ।

मामला बल्दीराय विकासखंड के ग्राम पंचायत चक शिवपुर आंगनबाड़ी केंद्र का है जहां आंगनबाड़ी केंद्र कभी कभार खुलता है जिसके चलते यहां आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे नहीं पढ़ पा रहे है ।



जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बच्चों को पुष्टाहार भी नहीं मिल पा रहा है । जिससे बच्चे कुपोषण के शिकार भी हो रहे हैं । चकशिवपुर आंगनबाड़ी केंद्र महज कागजों में ही चलता है ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्री शशिकला वर्मा व सहायिका मीना यादव आंगनबाड़ी केंद्र कभी नहीं खोलते हैं लिहाजा आए दिन आंगनबाड़ी केंद्र पर हमेशा ताला लटका रहता है । अब जाहिर सी बात यह है कि आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलने से जिन बच्चों का दाखिला आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ है उन नौनिहाल बच्चों के भविष्य पर जिम्मेदार ताला लगाने का काम कर रहे हैं,चक शिवपुर आंगनबाड़ी केंद्र धरातल पर नहीं सिर्फ कागजी आंकड़ों में चल रहा है। चकशिवपुर कार्यकत्री शशि कला वर्मा व सहायिका मीना यादव की मनमानी से गांव के लोग अजीज आ गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि मेरे गांव का आंगनबाड़ी केंद्र कभी कभार खुलता है जब कोई अधिकारी के आने की सूचना उन लोगों को मिल जाती है उस दिन केवल केंद्र पर यह लोग दिखाई देते हैं और केवल कोरम पूर्ति कर चले जाते हैं और यहां पर पुष्टाहार भी नियमित नहीं बंटता है अब देखना यह होगा कि यह आंगनबाड़ी केंद्र कब तक इसी तरह मनमानी चलता रहेगा और नौनिहाल बच्चों के साथ खिलवाड़ होता रहेगा।

# जिलाधिकारी ने कान्हा गौ संरक्षण केन्द्र न्यूरिया हुसैनपुर का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विकास खण्ड मरौरी के अन्तर्गत कान्हा गौ संरक्षण केन्द्र न्यूरिया हुसैनपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि गौशाला में 186 निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिलाधिकारी ने नियमित गौवंशों की देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग व कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा







में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। गर्मी के दृष्टिगत उन्होंने गौवंशों हेतु पानी, छाया सहित अन्य व्यवस्थाएं कराने तथा हरा चारा बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर व चौकीदार उपस्थित पाए गए।

इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन मझोला-सितारगंज फोर लाइन मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अवगत कराया गया की ग्राम मेहरबान नगर के पास फोर लाइन मार्ग कई मोड़े हैं। मार्ग

## निर्माणाधीन मझोला-सितारगंज मार्ग की प्रगति देखी एवं संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

की मोड़ों को सीधा करने हेतु ग्रामीणों से बातचीत की गई, इस दौरान ग्रामीणों द्वारा मार्ग को सीधा करने हेतु भूमि देने हेतु सहमत हैं। इसके साथ ही उन्होंने यूपी व उत्तराखंड बॉर्डर पर बोर्ड लगाने हेतु अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए।इसके उपरांत उन्होंने क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत ग्राम पकड़िया विजयपुर मझोला में श्मशान भूमि की बाउंड्री बाल निर्माण कार्य को देखा। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गुलडिया भिंडारा,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे है।

## दुर्घटना नियंत्रण के लिए एपको को दिया स्पीड टेबल बनवाने का आदेश

बल्दीराय/सुल्तानपुर। हलियापुर कूरेभार रोड पर धनपतगंज बाजार में दुर्घटना नियंत्रण हेतु अब बनेंगे स्पीड टेबल। हलियापुर कूरेभार रोड पर बाजार में स्पीड टेबल न होने से अक्सर यात्रियों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। जिसकी शिकायत ऑनलाइन लोगों ने किया था। जिसके सापेक्ष दिनांक 25 अप्रैल 2025 को अधिशाषी अभियंता विश्वबैंक लोक निर्माण विभाग लखनऊ ने मेसर्स एपको इंफ्राटेक प्रा0लि0वी-9 विभूतिखण्ड गोमतीनगर को आदेशित किया है कि सुरक्षा के दृष्टिगत धनपतगंज में दोनों तिराहों पर अतिशीघ्र स्पीडटेबल बनवाया जाय। विश्वबैंक लो0नि0विभाग के उक्त आदेश से बाजार वासियों में प्रसन्नता है।

# वक्त की आवाज

ऐसे वक्त में जब पहलगाम हत्याकांड के बाद देश में गुस्से और आक्रोश का माहौल है, तब एक विवेक की आवाज का बुलंद होना सुखद ही है। पहलगाम के बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले में नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपने जीवनभर सालने वाले दुख के बावजूद अपील की है कि इस आतंकी हमले के लिये जिम्मेदार अपराधियों के अलावा किसी को कोई सजा न मिले। विनय नरवाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने कहा ' हम नहीं चाहते कि लोग अल्पसंख्यकों व कश्मीरियों को अपने आक्रोश का शिकार बनाएं।' बाकायदा, उन्होंने इस मौके पर देश में शांति बनाये रखने और सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखने की जोरदार अपील की। जो उस सोच के विपरीत है जो पहलगाम के बैसरन में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद देश में उभारी जा रही है। दरअसल, हिमांशी ने उन उग्र सोच के लोगों को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया, जो इस राष्ट्रीय त्रासदी का लाभ उठाकर सांप्रदायिक प्रतिशोध की सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगरा में एक परेशान करने वाला मामला प्रकाश में आया, जहां एक बिरयानी विक्रेता की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया कि यह पहलगाम त्रासदी का प्रतिशोध है। निस्संदेह, ऐसी संकीर्ण मानसिकता का राजनीतिक और धार्मिक नेताओं द्वारा विरोध न किया जाना, अक्षम्य ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से ऐसी अप्रिय व परेशान करने वाली घटनाएं हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को ही नुकसान पहुंचाती हैं। खासकर उस ताने-बाने को, जो पहले से ही कमजोर पड़ रहा है। निर्विवाद रूप से कश्मीर के पहलगाम में हुई सांप्रदायिक हत्याओं के जरिये आतंकवादियों का मुख्य मकसद देश में हिंदू-मुस्लिमों के बीच तनाव पैदा करके देश की एकता को कमजोर करना था। ऐसे में यदि हम भी उसी सोच के साथ प्रतिक्रिया देने लगे तो कहीं न कहीं हम परोक्ष रूप से आतंकवादियों के मंसूबों को ही पूरा कर रहे होंगे।यह निर्विवाद तथ्य है कि हमें इसी समाज में रहना है और बेहतर होगा कि हम तमाम संकीर्णताओं को त्यागकर और मिलजुलकर ही रहें। यदि हम आतंकवादियों की सोच का प्रतिकार उनके एजेंडे के अनुरूप करेंगे तो निश्चिय ही गंगा-जमुनी संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। आतंकवादियों का मंसूबा जम्मू-कश्मीर ही नहीं पूरे देश में शांति को भंग करना था। ऐसी किसी भी संकीर्ण सोच को सामूहिक संकल्प से ही नाकाम किया जा सकता है। इसी तरह की सार्थक व प्रेरक प्रतिक्रिया गुरमेहर कौर की तरफ से आई, जिनके पिता वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए मारे गए थे। उन्होंने देशकाल-परिस्थितियों के अनुरूप प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद की असली हार तब ही होती है जब हम हिंसा की प्रतिक्रिया में खुद को विभाजित करने से मना कर देते हैं। निस्संदेह, राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में, नागरिकों को उन लोगों को दृढ़ता से दूर करना चाहिए, जो आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को उन तत्वों पर नकेल कसनी चाहिए, जो आतंकवादियों के जघन्य कृत्यों की कीमत निर्दोष लोगों से वसूलने पर तुले हुए हैं। निर्विवाद रूप से हमारी विवेकशील प्रतिक्रिया और एक अखंड भारत की सोच ही आतंकवाद पर करारी चोट कर सकती है। वक्त की मांग है कि हम सीमा पार से चलाए जा रहे विभाजनकारी अभियानों को एकजुटता से विफल कर दें। हमारी किसी भी प्रतिक्रिया से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि हम भारत के विरोधियों के मंसूबों को ही सींच रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम का आतंकी हमला हमारे मर्म पर हमला था, लेकिन जिस तरह की आवाज कश्मीर से आतंक के खिलाफ उठी, वैसे ही बुलंद आवाज हमें संकीर्ण सोच वाले तत्वों के खिलाफ मजबूती से उठानी चाहिए। देश में शांति-सौहार्द के लिये जरूरी है कि हम हिमांशी नरवाल की बड़ी सोच को विस्तार दें। जिन्होंने सब कुछ गंवाने के बावजूद राष्ट्र के सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारे को तरजीह दी। यह समय की मांग भी है कि हम भारतीय संस्कृति की विश्व बंधुत्व की सोच को मजबूत करें।

# शंकराचार्य: एकीकृत और आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध भारत की नींव रखी

आचार्य गृहस्थ जीवन त्याग राग-द्वेष से मुक्त होकर एकांतवास करने वाले सामान्य योगी नहीं थे। मजेदार बात है कि दर्शन में संसार को मिथ्या सिद्ध करने वाले आचार्य शंकर संसार और समाज को सत्य और आनंद से भरने के लिए सक्रिय थे इसलिए उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया था। उन्होंने जगह-जगह प्रवचन किए। तर्क हुए। सत्य का विशुद्ध प्रकाश था उनके अन्तस्तल में। एक आचार्य के रूप में उन्होंने स्थान-स्थान पर भ्रमण किया। विभिन्न मतों के नेताओं के साथ संवाद और शास्त्रार्थ हुए। परंपरागत वर्णनों के अनुसार, वे अपनी विजय यात्राओं में कुमारिल और मण्डन मिश्र के संपर्क में आए। आगे चलकर मण्डन मिश्र उनके शिष्य बने। अमरूक के मृत शरीर में शंकर के प्रवेश करने की कहानी यह प्रकट करती है कि शंकर योग सम्बंधी क्रियाओं में निपुण थे। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता के लिए चार मठों की स्थापना की। जिनमें मुख्य मैसूर प्रांत में श्रृंगेरी में है। अन्य तीन मठ क्रमशः पूर्व में पुरी में, पश्चिम में द्वारका में और हिमालय प्रदेश में बद्रीनाथ में है। समूचे विश्व में दो दिन पहले प्रख्यात दार्शनिक शंकराचार्य की जयंती के उत्सव आयोजित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व सितंबर में उन्हें आदि शंकराचार्य के पवित्र जन्मस्थान का दौरा करने का सौभाग्य मिला था। आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा उनके संसदीय क्षेत्र काशी में विश्वनाथ धाम परिसर में स्थापित की गई है। प्रतिमा आदि शंकराचार्य के विशाल आध्यात्मिक ज्ञान और शिक्षाओं के प्रति सम्मान है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम में आदि शंकराचार्य की दिव्य प्रतिमा का अनावरण करने का भी उल्लेख किया। मोदी ने रेखांकित किया कि केरल से निकल कर आदि शंकराचार्य ने देश के विभिन्न भागों में मठों की स्थापना करके राष्ट्र की चेतना को जगाया। उन्होंने एकीकृत और आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध भारत की नींव रखी। शंकराचार्य ने भारत के अद्वैत दर्शन को लेकर तमाम अभियान चलाए थे। उन्होंने देश की सांस्कृतिक एकता के लिए लगातार अभियान चलाए। उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम एकात्म ब्रह्म-दर्शन की धूम थी। शंकराचार्य विरल थे। अविश्वसनीय शिखर ऊँचाई से भी ऊंचे। पाताल की गहराई से भी गहरे। ब्रह्म की तरह प्रज्ञानी। उन्होंने अद्वैत दर्शन के सूक्ष्म सूत्रों का भाष्य किया।

शंकराचार्य छठी सदी के मध्य जन्मे थे। अतिविशिष्ट महानुभावों के जन्म स्थल और जन्मतिथि पर अक्सर विवाद रहता है। आर.जी. भंडारकर के अनुसार शंकराचार्य का जन्म सन 680 में हुआ था। प्रख्यात विद्वान मैक्समूलर के अनुसार शंकर का जन्म 788 ईस्वी में हुआ था। यही तिथि मैकडनल को भी मान्य है। शंकराचार्य का जीवन अल्पकाल का था। इस अल्पकाल में उन्होंने दुनिया के सभी विद्वानों की तुलना में सभी विषयों पर बड़ा काम किया। ज्ञान और कर्म दोनों ही उनके जीवन में शीर्ष पर पहुंचे। डॉक्टर राधाकृष्णन ने 'भारतीय दर्शन' (हिंदी अनुवाद पृष्ठ 384) में लिखा है कि, बाल्यावस्था में ही 8 वर्ष की आयु में उन्होंने गहन अभिलाषा प्रसन्नता के साथ सब वेदों को कंठस्थ कर लिया था। वे प्रकट रूप में वैदिक ज्ञान तथा स्वतंत्र प्रज्ञा से युक्त तेजस्वी व्यक्ति थे। वे संन्यासी हो गए थे। किन्तु वीतरागी परिव्राजक नहीं थे। आचार्य गृहस्थ जीवन त्याग राग-द्वेष से मुक्त होकर एकांतवास करने वाले सामान्य योगी नहीं थे। मजेदार बात है कि दर्शन में संसार को मिथ्या सिद्ध करने वाले आचार्य शंकर संसार और समाज को सत्य और आनंद से भरने के लिए सक्रिय थे इसलिए उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया था। उन्होंने जगह-जगह प्रवचन किए। तर्क हुए। सत्य का विशुद्ध प्रकाश था उनके अन्तस्तल में। एक आचार्य के रूप में उन्होंने स्थान-स्थान पर भ्रमण किया। विभिन्न मतों के नेताओं के साथ संवाद और शास्त्रार्थ हुए। परंपरागत वर्णनों के अनुसार, वे अपनी विजय यात्राओं में कुमारिल और मण्डन मिश्र के संपर्क में आए। आगे चलकर मण्डन मिश्र उनके शिष्य बने। अमरूक के मृत शरीर में शंकर के प्रवेश करने की कहानी यह प्रकट करती है कि शंकर योग सम्बंधी क्रियाओं में निपुण थे। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता के लिए चार मठों की स्थापना की। जिनमें मुख्य मैसूर प्रांत में श्रृंगेरी में है। अन्य तीन मठ क्रमशः पूर्व में पुरी में, पश्चिम में द्वारका में और हिमालय प्रदेश में बद्रीनाथ में है। समूचे विश्व में दो दिन पहले प्रख्यात दार्शनिक शंकराचार्य की जयंती के उत्सव आयोजित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व सितंबर में उन्हें आदि शंकराचार्य के पवित्र जन्मस्थान का दौरा करने का सौभाग्य मिला था। आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा उनके संसदीय क्षेत्र काशी में विश्वनाथ धाम परिसर में स्थापित की गई है। प्रतिमा आदि शंकराचार्य के विशाल आध्यात्मिक ज्ञान और शिक्षाओं के प्रति सम्मान है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम में आदि शंकराचार्य की दिव्य प्रतिमा का अनावरण करने का भी उल्लेख किया। मोदी ने रेखांकित किया कि केरल से निकल कर आदि शंकराचार्य ने देश के विभिन्न भागों में मठों की स्थापना करके राष्ट्र की चेतना को जगाया। उन्होंने एकीकृत और आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध भारत की नींव रखी। शंकराचार्य ने भारत के अद्वैत दर्शन को लेकर तमाम अभियान चलाए थे। उन्होंने देश की सांस्कृतिक एकता के लिए लगातार अभियान चलाए। उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम एकात्म ब्रह्म-दर्शन की धूम थी। शंकराचार्य विरल थे। अविश्वसनीय शिखर ऊँचाई से भी ऊंचे। पाताल की गहराई से भी गहरे। ब्रह्म की तरह प्रज्ञानी। उन्होंने अद्वैत दर्शन के सूक्ष्म सूत्रों का भाष्य किया। उन्होंने ज्ञान के समकालीन मानदण्डों, विश्वास व प्राचीन सूत्रों का प्राचीन परंपराओं के साथ समन्वय किया। शंकराचार्य के समय की परिस्थितियाँ विचारणीय हैं। दक्षिण भारत में बौद्ध धर्म का ह्रास हो रहा था। जैन मत शिखर पर था। वैदिक परंपरा का भी ह्रास हो रहा था। शैव मतावलंबी भक्त (उदियार) और वैष्णव मत वाले भक्त (आलवार) भक्ति मार्ग का प्रचार कर रहे थे। मंदिरों में पूजा, पाठ, पर्व, त्यौहार प्रचलित थे। कुमारिल और मण्डन मिश्र ने अपने बौद्धिक ज्ञान के बल पर ज्ञान और संन्यास के महत्व को कम किया था। दोनों ने गृहस्थ आश्रम की उपयोगिता पर अधिक बल दिया था। इसी वातावरण में शंकराचार्य की प्रतिभा का विस्फोट हुआ था। वे सनातन धर्म के रक्षक थे और रूढ़ियों के विरोध में अभियान चला रहे थे। पूरे देश में वैदिक दर्शन की जगह पुराण ले रहे थे। शंकराचार्य ने पुराणों के प्रकाशमान स्वर्ग आकांक्षी युग के स्थान पर उपनिषदों के सत्य को फिर से लौटा लाने का अभियान चलाया। उन्होंने संपूर्ण भारत में धर्मसत्य को प्रवर्तित करने का काम किया। धर्म की शक्ति को बड़ा बताया। डॉ. राधाकृष्णन ने लिखा है कि, उन्होंने अपने युग को धार्मिक दिशा में मोड़ने के प्रयत्न करने में अपने को विवश पाया। इसकी सिद्धि उन्होंने एक ऐसे दर्शन व धर्म की व्यवस्था के द्वारा सम्पन्न की जो बौद्ध धर्म, मीमांसा तथा भक्ति धर्म की अपेक्षा जनता की आवश्यकताओं को कहीं अधिक सन्तोषप्रद सिद्ध हो सकती थी। आस्तिकवादी सत्य को भावावेश के कुहरे से आवृत्त किए हुए थे। रहस्यवादी अनुभव प्राप्त करनेवाली अपनी प्रतिभा से सम्पन्न वे लोग जीवन की क्रियात्मक समस्याओं के प्रति उदासीन थे। मीमांसकों द्वारा कर्म के ऊपर दिए गए बल से एक आत्मविहीन क्रियाकलाप का विकास हुआ। वस्तुतः धर्म जीवन के अंधकारमय संकटों का सामना करके केवल उसी अवस्था में जीवित रह सकता है जब यह उत्तम विचार का उत्तम परिणाम हो। शंकर की सम्मति में अद्वैत दर्शन ही एकमात्र परस्पर विरोधी सम्प्रदायों में निहित सत्य है। वही उसकी न्यायोचितता का प्रतिपादन कर सकता है। उन्होंने अपने सब ग्रन्थों का निर्माण एक ही उद्देश्य को लेकर किया, अर्थात जीवात्मा को ब्रह्म के साथ अपने एकत्व को पहचानने में सहायक सिद्ध होने के लिए और यहीं इसी संसार में मोक्ष प्राप्ति का उपाय है। उन्होंने केरल के अपने जन्म स्थान दक्षिण से उत्तर की यात्रा की। उत्तर में हिमालय तक उन्हें पूजा व उपासना के अनेक रूप देखने को मिले। उन्होंने सभी उपासना पद्धतियों को स्वीकार किया। अभियान में संपूर्ण मानवता को उच्चस्तरीय मेधा संपन्न बनाने का ध्येय था। उन्होंने सनातन धर्म के सभी देवताओं की उपासना को उचित ठहराया। विष्णु, शिव, शक्ति (देवी) और सूर्य आदि प्रकाशमान देवताओं के लिए विशेष छंदों की रचना की। तत्कालीन धर्म आचार में नए प्राण डालने का काम किया। उन्होंने दक्षिण भारत में शक्ति पूजा की मूर्त रूप अभिव्यक्ति को उचित नहीं पाया। शरीर को विविध चिन्हों से दागने की प्रथा को भी अनुचित ठहराया। महापुरुषों के जीवन में अंतर्विरोध होते हैं। आचार्य शंकर के जीवन में श्रीराम के जीवन की तरह विरोधी भावों का समन्वय है। श्रीराम कोमल हैं, तो युद्ध में कठोर भी हैं। वे सामान्य मानवों की तरह विचलित होते हैं और ऐश्वर्यवान देवता की तरह निर्लिप्त भी हैं। शंकराचार्य समाज सुधारक हैं। ज्ञान प्रचारक हैं। कवि हैं। परम विद्वान और ज्ञानी पंडित हैं। योगी हैं। शैव हैं। संत हैं और वैरागी भी हैं। तरुणाई में वे परम जिज्ञासु बौद्धिक हैं। वस्तुतः वे प्रशांत अद्वैतवादी हैं और ज्ञान को ही मुक्ति का उपाय बताते हैं लेकिन भक्ति को त्याज्य नहीं बताते। अद्वैतवादी शंकर की प्रतिभा अद्वितीय है। डॉक्टर राधाकृष्णन ने सही कहा है कि, वे हमारी जानकारी से ज्यादा महान हैं। सामाजिक क्षेत्र में उनके समान मेधावी बहुत कम हैं। **-हृदयनारायण दीक्षित**

# इतिहास का बोझः कब तक हमारी पीढ़ियाँ झुकती रहेंगी

**प्रियंका सौरभ**

मुझे यह सोचकर पीड़ा होती है कि आज भी हमारे बच्चों को इतिहास के नाम पर मुग़ल शासकों की गाथाएँ पढ़ाई जाती हैं, जबकि चाणक्य, चित्रगुप्त और छत्रपति शिवाजी जैसे हमारे महान विचारकों और योद्धाओं को पाठ्यक्रम में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। मेरा मानना है कि इतिहास केवल जानने का विषय नहीं, बल्कि आत्मगौरव और पहचान का आधार है। हमारी आने वाली पीढ़ियाँ अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ें और उन्हें वह शिक्षा मिले जो उनके भीतर आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति जगाए। ‌जय सनातन‌केवल नारा नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक संकल्प है। इतिहास केवल अतीत का आईना नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों की दृष्टि का आधार भी होता है। अफसोस है कि भारत के वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे में यह आईना धुंधला कर दिया गया है। मुग़ल दरबारों की चमक, विदेशी आक्रांताओं की वीरता और गुलामी के प्रतीकों को जिस तरह से भारतीय इतिहास के केन्द्र में रखा गया है, वह न केवल बौद्धिक अन्याय है, बल्कि सांस्कृतिक आत्महीनता का भी बीज है। आख़िर कब तक हमारे बच्चों पर मुग़ल शासकों का बोझ लादा जाएगा। कब तक हमारी नई पीढ़ी औरंगज़ेब, बाबर, खिलजी की तलवारों को आदर्श समझेगी और अपने महान पूर्वजों की गाथाओं से अनजान रहेगी। यह प्रश्न केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं है, यह हमारी आत्मा और पहचान का भी प्रश्न है। चाणक्य, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, कोई साधारण राजपुरुष नहीं थे। वे राजनीति, अर्थशास्त्र और कूटनीति के मनीषी थे। 'अर्थशास्त्र' जैसा ग्रंथ लिखने वाला यह विचारक, केवल एक राजा का गुरु नहीं था। वह सम्राटों को राष्ट्रधर्म का बोध कराने वाला मार्गदर्शक था। पर क्या हमारे पाठ्यक्रम में चाणक्य के सिद्धांतों को वह स्थान मिला है, जो वह वास्तव में इसके हकदार थे ? किसी भी राष्ट्र की नीतिगत समझ अपने विचारशील नेताओं के दर्शन से बनती है। चाणक्य के सिद्धांत आज भी शासन, कूटनीति और प्रशासन के क्षेत्र में प्रासंगिक हैं। लेकिन जब इतिहास की किताबों में चाणक्य के नाम पर केवल 2-3 पंक्तियाँ मिलती हैं, तब समझ आता है कि ज्ञान के सूर्य को कितनी कृत्रिम छाया से ढक दिया गया है। इसी तरह चित्रगुप्त, एक ऐसा नाम जो केवल धार्मिक आस्थाओं तक सीमित कर दिया गया है। परन्तु उनका महत्व एक अत्यंत उच्च कोटि के सामाजिक व्यवस्थापक का भी था। वे कर्म का लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं, पर इसका व्यापक आशय आज की पीढ़ी को नहीं सिखाया जाता। चित्रगुप्त न्याय और दायित्व की उस परंपरा का प्रतीक हैं, जो भारतीय दर्शन की रीढ़ है। अगर हम अपने बच्चों को यह नहीं बताएँगे कि हमारे पूर्वजों ने न्याय, विवेक और उत्तरदायित्व को कितनी ऊँचाई दी थी तो वे विदेशी न्यायशास्त्रों को ही 'आधुनिक' और 'सर्वोत्तम' मानते रहेंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज केवल योद्धा नहीं थे, वे भारतीय राष्ट्रवाद की जीवंत प्रतिमा थे। उनकी युद्धनीति, उनकी प्रशासनिक सूझबूझ और उनके धर्मनिरपेक्ष व्यवहार ने उस दौर में भी हिन्दुस्तान की अस्मिता को एक नई परिभाषा दी, जब भारत टुकड़ों में बँटा हुआ था। हैरत की बात है कि आज भी कई राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रमों में शिवाजी का नाम केवल एक 'मराठा योद्धा' तक सीमित कर दिया गया है। क्या यही है हमारी ऐतिहासिक दृष्टि? क्या यह न्याय है उस नायक के साथ, जिसने 'हिंदवी स्वराज्य' की कल्पना को तलवार की धार पर जिया? इतिहास सिर्फ़ वो नहीं होता जो घटित हुआ, इतिहास वो होता है, जिसे बताया गया, पढ़ाया गया और दोहराया गया। जब पाठ्य-पुस्तकों में तैमूर, ग़ोरी को विस्तार से पढ़ाया जाए और पृथ्वीराज चौहान, राणा प्रताप, गुरुगोबिंद सिंह, झाँसी की रानी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस को हाशिये पर डाल दिया जाए तो पीढ़ियाँ गुलाम मानसिकता की पाठशाला से ही निकलेंगी। भारत का इतिहास वेदों में है, उपनिषदों में है, रामायण और महाभारत में है, नालंदा और तक्षशिला में है, आर्यभट्ट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य के विज्ञान में है। पर अफ़सोस कि बच्चों को इनकी जगह सिखाया जाता है कि कौन सा विदेशी ने भारत में रेल लाया, डाकघर लाया और किसने क़ानून सिखाया। यह विषय केवल पाठ्यक्रम में नाम जोड़ने और हटाने का नहीं है। यह एक गहरी वैचारिक लड़ाई हैऽहमारे आत्मबोध, आत्मगौरव और सांस्कृतिक अस्तित्व की। अगर हमारी पीढ़ियाँ लगातार वही इतिहास पढ़ेंगी, जिसमें वे पराजित, गुलाम और निरीह चित्रित किए गए हैं तो वे स्वाभिमान और स्वतंत्र सोच कैसे विकसित करेंगी? हम यह नहीं कहते कि मुग़ल इतिहास को हटाया जाए। हम यह कहते हैं कि उसे भी उसी आलोचनात्मक दृष्टि से पढ़ाया जाए, जैसे किसी भी अन्य युग को।

## सेहत मंत्र

# चौंकिए मत! केले खाने से होंगे यह आश्चर्यजनक लाभ

आपने अक्सर लोगो के मुंह से सुना होगा कि एन एप्पल इन ए डे, कीप्स ए डॉक्टर अवे। अर्थात अगर आप रोज एक सेब खाते हैं तो इससे आप हेल्दी बनते हैं। लेकिन केला खाने से भी आपको बहुत से लाभ प्राप्त होते हैं। केले को ऊर्जा का पावरहाउस कहा जाता है। इतना ही नहीं, इससे मिलने वाले फायदों के कारण ही छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध व्यक्तियों तक को इसे खाने की सलाह दी जाती है। तो चलिए जानते हैं केले से मिलने वाले फायदों के बारे में- पैक विद पोटेशियमः केले में पोटेशियम काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए अगर आप इसका सेवन प्रतिदिन करते हैं तो इससे आपका रक्तचाप तो नियंत्रित होता है ही, साथ ही इससे आपके हृदय की कार्यप्रणाली भी बेहतर तरीके से काम करती है। तनाव करे दूरः शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन केला खाने से आपके शरीर में तनाव का स्तर घटता है। दरअसल, केला अमिनो एसिड टीप्टोफन का एक अच्छा स्त्रोत है और यह अमिनो एसिड टीप्टोफन आपके शरीर में जाकर सेरोटोनिन में परिवर्तित हो जाता है। यही सेरोटोनिन आपके शरीर में तनाव के स्तर को कम करके आपको मानसिक रूप से शांति प्रदान करता है। मिलती है प्राकृतिक रूप से ऊर्जाः अगर आप थके हुए महसूस कर रहे हैं या फिर आपको नेचुरल रूप से ऊर्जा की आवश्यकता है तो भी केले का सेवन बेहद लाभकारी माना जाता है। दरअसल, केले में विटामिन्स, कार्बोहाइड्रेट्स और खनिज पदार्थ पाए जाते हैं जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करने का काम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद ग्लूकोज, फ्रक्टोज और सक्रोज इंस्टेट एनर्जी देने के लिए जाने जाते हैं। इसलिए अगर आप इसका सेवन करते हैं तो आपका तुरंत उर्जा प्राप्त होती है। फाइबर होता है प्रचुरः केले में पोटेशियम के अतिरिक्त फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण इसे खाने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती। साथ ही इसमें मौजूद फाइबर आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का काम करता है। 'क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है ओर जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती हुई। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

## पर्यटन



# खूबसूरत जैसलमेर के बाजारों में भी रहती है खूब रौनक

जैसलमेर को अगर 'जादुई शहर' कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी सुनहरी तूलिका से यहां के किले, हवेलियां, रेत के टीले, सुनहरे रंग से रंग दिए हों। ऐसा रंग व दृश्य राजस्थान में आपको यहीं देखने को मिलेगा। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने भविष्यवाणी की थी कि उनके यदुवंश का कोई वंशज त्रिकुट पहाड़ी पर कालान्तर में अपना राज्य बसायेगा, जिसे सदियों बाद 1155 ईसवीं में रावल जैसल ने सत्य कर दिखाया। निकट ही स्थित लौद्रवा से अपनी राजधानी हटाकर यहां उन्होंने एक परिनुमा किला बनवाया, जो जैसलमेर किले के नाम से जाना गया। भाटी शासकों का राज्य दिल्ली व सिंध के व्यापारिक मार्ग पर था, इसलिए माल-वाहकों से प्राप्त कर ही उनके राज्य की आय का परिपूर्ण स्त्रोत बन गया था। इस व्यापारिक मार्ग से शासकों का ही नहीं, स्थानीय व्यापारियों का भी लाभ होता था जिसका उपयोग उन्होंने अपने लिए शानदार हवेलियां बनाने में किया। यहां आपको कई सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां मिलेंगी, जिनमें नथमल की हवेली, पटवों की हवेली व सालिम सिंह की हवेली कला की दृष्टि से बेजोड़ हैं। शहर में पैदल घूमना एक अनूठा अनुभव है, बस एक बार चलना शुरू कीजिए, और शहर का वास्तु-वैभव व बाजारों की रौनक देखते हुए कब आप अपनी मंजिल पर पहुंच जायेंगे, इसका पता ही नहीं चलेगा। विश्व पर्यटन जगत में तेजी से लोकप्रिय होते ही यहां पर्यटकों के लिए स्तरीय आवास व आहार सुविधाओं का विकास हुआ है। यह एक ऐसा अनोखा शहर है, जहां का हर व्यक्ति पर्यटकों को लुभाने व रिझाने में माहिर है। अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में गढ़ीसर-झील, लोद्रवा, वुड फॉसिल पार्क, अमर सागर, बड़ा बाग व मशहूर सम के धौंरे (पीले रेत के टीले) कुलधरा गांव आदि हैं। निश्चय ही यहां घूमते समय आपके मन में यह विचार जरूर आएगा कि काश! आप यहां की अनूठी व सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां भी अपने साथ ले जा सकते, पर ऐस संभव नहीं है, बेहतर होगा कि आप यहां के हस्त-शिल्पकला के नमूने, कढ़ाई करे कपड़े, ऊनी शॉल, कम्बल, ऊंट के चमड़े के बने सामान वगैरहा देख, अपनी पसंदीदा वस्तुओं की खरीददारी करें, जिन्हें साथ ले जाने में भी आसानी होगी।

# पति-पत्नी के विवाद में युवक ने फंासी लगाकर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक गांव में 35 वर्षीय युवक ने घरेलू विवाद के चलते फंासी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोठी क्षेत्र के नारायणपुर मजरा इब्राहीमाबाद निवासी शिवमंगल (35 वर्ष), पुत्र रामशरण, नशे की लत का शिकार था। वह अक्सर नशे की हालत में घर लौटता था, जिसके कारण पत्नी से उसका विवाद होता रहता था। शनिवार की शाम भी पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद शिवमंगल घर के अंदर चला गया और आंगन में बनी जाली से रस्सी बांधकर फांसी पर झूल गया।

मृतक के तीन संतानें हैं—दो पुत्र एवं एक पुत्री। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। कोठी थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसआई ने दिखाई वर्दी की धौंस, रिपोर्टर से की अभद्रता ऽ पत्रकारों में उबाल



उक्त दबंग उपनिरीक्षक



रामसनेही घाट, बाराबंकी। हालाँकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बार-बार पुलिस को आमजन से शालीन व्यवहार करने की हिदायत देते हैं, परंतु रामसनेही घाट कोतवाली में तैनात एक दरोगा ने अपने आचरण से इन निर्देशों को ताक पर रख दिया। एक स्थानीय रिपोर्टर द्वारा पूछे गए कुछ सवालों से तैश में आए दरोगा ललित कुमार ने न केवल अभद्रता की, बल्कि मोबाइल छीनने और हिरासत में लेने की धमकी तक दे डाली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिंदी दैनिक अखबार के संवाददाता शिवदान सिंह दीपांशु शनिवार को एक खबर की कवरेज हेतु कोतवाली पहुंचे थे। वहीं बरामदे में कुर्सी पर बैठे दरोगा ललित कुमार से उन्होंने कुछ प्रश्न किए, जिस पर दरोगा नाराज़ हो गए और असम्मानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए व्यवहार मर्यादा की सीमाएं लांघ दीं।

शिवदान सिंह का आरोप है कि ललित कुमार के साथ एक और दरोगा वहां आया और उसने भी बदसलूकी की। रिपोर्टर को धमकी दी गई कि यदि विरोध किया तो किसी गंभीर मामले में फंसा दिया जाएगा। पीड़ित ने इस घटना की लिखित शिकायत क्षेत्राधिकारी (सीओ) रामसनेही घाट को सौंपी है।

**कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

घटना के बाद पत्रकार समुदाय में आक्रोश है। स्थानीय पत्रकारों ऽ मान बहादुर सिंह, दिनेश तिवारी, विकास पाठक, श्रेयांस सिंह, सूरज, अरमान अंसारी, सरदार वीरेंद्र, आशीष सिंह, आशीष यादव, अनिल राजवंशी आदि ऽ ने दीपांशु के समर्थन में एकजुटता जताई। पत्रकारों का कहना है कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से मिलकर आंदोलन की राह अपनाएंगे।

**''बेहिसाब संपत्ति'' पर उठे सवाल**

पत्रकारों ने सवाल उठाया कि आम पुलिसकर्मियों के पास इतनी बेहिसाब संपत्ति कहाँ से आई? उन्होंने उच्च स्तर पर पत्र लिखकर संबंधित पुलिसकर्मियों की संपत्ति और मोबाइल कॉल डिटेल्स (सीडीआर) की जांच की माँग की है। उनका कहना है कि पत्रकारों से दुर्व्यवहार करने वालों पर कानूनी कार्रवाई आवश्यक है, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा हो सके।

# नायब तहसीलदार ने पल्लेदार किसानों के दर्ज किए बयान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।खाद्य विपणन विभाग द्वारा सत्य प्रकाश तिवारी का ग्राम मथुरा नगर में जो कि रेलवे स्टेशन दरियाबाद के पास स्थित गोदाम को 25 फरवरी 2016 को किराए पर लिया था। छः वर्षों के लिए किराएदारी का एग्रीमेंट किया।इस गोदाम में किसानों से खरीदा गया धान व गेंहू रखा जाता था। इस गोदाम का तयशुदा किराया विभाग द्वारा अदा नहीं किया गया और कई वर्ष बीत गए। तमाम पत्राचार के बाद भी विभागीय अधिकारी खामोश रहे। श्री तिवारी कहते हैं कि उन्हें किराया ना देकर विभागीय अधिकारी किराया की धनराशि डकार गए। बड़े प्रयास और क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री के हस्तक्षेप का प्रभाव मार्केटिंग विभाग ने 25 फरवरी 2022 गोदाम खाली कर दिया।लगातार 6 वर्षों तक प्रार्थी के गोदाम का उपयोग खाद्य विपणन विभाग द्वारा किया गया तथा इन 6 वर्षों में प्रार्थी को किराये का भुगतान नहीं किया गया और उक्त धनराशि गबन कर हड़प कर ली गयी। अपने किराया और कब्जा के लाख प्रयास इसलिए असफल हुए क्योंकि कि जो भाषा विभागीय अधिकारी बोलते वहीं जांच अधिकारी। गोदाम के उपयोग के साक्ष्य को लेकर खूब खिलवाड़ हुए। कृषक से मिलने में या फिर जिन मिलर को गेहूं धान भेजा गया साथ हीअन्य अभिलेखीय साक्ष्य से जांच अधिकारी सदैव कतराते रहे। या फिर जान बूझकर अपने साथी के क्रियाकलाप छिपाते रहे। गोदाम मालिक श्री तिवारी ने भी भ्रष्टाचारियों से हार नहीं मानी।

**मार्केटिंग विभागः किराया गोलमाल प्रकरण**

सत्यप्रकाश तिवारी ने आप बीती खाद्य रसद मंत्री को सुनाया। मंत्री सतीश शर्मा की हस्तक्षेप पर आज तहसील के नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय आदि

दरियाबाद मथुरानगर पहुंचे। और गोदाम में काम करने वाले पल्लेदारों, आसपास के वाशिंदों, व कृषकों से मिले और नायब तहसीलदार ने उनके बयान दर्ज किए।

# जाति गणना का श्रेय नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी को जाता है : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**समावेशी विकास की नीति के लिए जाति जनगणना ज़रूरी**

**साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम में बोले कंाग्रेस नेता**

लखनऊ। जातिगत जनगणना के बाद नए सिरे से संसाधनों और राष्ट्रीय संपत्ति का बटवारा होगा। जो नये समावेशी और विकसित भारत की नींव रखेगा। इस क्रांतिकारी बदलाव का पूरा श्रेय नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी को जाता है। यह बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 193 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अमरीका विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति इसीलिए है कि वहां एफ़ेरमेटिव एक्शन जैसी आरक्षण की व्यवस्था है जिसके कारण अमरीका अधिकतम श्रमशक्ति का इस्तेमाल विकास योजनाओं में करता है। इसी तरह देश के अंदर भी सबसे ज़्यादा प्रति व्यक्ति आय दक्षिण भारतीय राज्यों में है जिसकी सबसे बड़ी वजह है कि तमिलनाडु जैसे राज्यों में आरक्षण 64 प्रतिशत है। इन दक्षिण भारतीय राज्यों की खुशहाली की एक दूसरी वजह इन राज्यों में भाजपा और आरएसएस का कमज़ोर होना भी है। इसका सीधा मतलब है कि जहां समावेशी सामाजिक ढांचा होगा वहां भाजपा भी कमज़ोर रहेगी और विकास भी ज़्यादा होगा। उन्होंने कहा कि 2024 में सरकार के ही आंकड़े के मुताबिक तमिलनाडु की प्रढित व्यक्ति आय 315,220, तेलंगाना 356,564 और केरल 281,001 है। वहीं धर्म और जाति की राजनीति के बंधक बन चुके उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति सालाना आय 104,126 और बिहार का 68,828 है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि जातिगत जनगणना और उसपर आधारित आरक्षण व्यवस्था से सबसे ज़्यादा फ़ायदा पिछड़े हुए हिंदी पट्टी के राज्यों को होगा। इन राज्यों में आरएसएस और भाजपा ने मनुवाद को मजबूत करके सामाजिक रूपांतरण को रोक रखा है। जिसके कारण संसाधनों का आबादी के अनुपात में बटवारा नहीं हो पाया और ये राज्य समावेशी विकास की दौड़ में पीछे रह गए।

## उपन्यास 'आत्माओं का सराब' का हुआ विमोचन

लखनऊ। अदबी संस्थान और अलीगढ़ मुस्लिम वि.वि.ओल्ड ब्वाएज एसोसिएशन के द्वारा शनिवार को यहां यूपी प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात लेखक राजीव प्रकाश साहिर के नवीनतम उपन्यास आत्माओं का सराब यानि आत्माओं की मृगतृष्णा का विमोचन हुआ। परवेज मलिक़ज़ादा के कुशल संचालन में हुए इस साहित्यिक समारोह की अध्यक्षता उर्दू के वरिष्ठ समालोचक और अलीगढ़ मुस्लिम वि.वि. के पत्रकारिता व जनसंचार विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो.शाफ़े किदवई ने की। प्रो शाफ़े किदवई ने कहा कि राजीव प्रकाश साहिर के इस उपन्यास में आत्माओं की भटकन ही नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों की भी भटकन सामने आती है। यह उपन्यास बदलते हुए लखनऊ का भी बहुत मानवीय व मार्मिक चित्रण करता है। अदबी संस्थान के सचिव सुहैल काकोरवी के स्वागत संबोधन के बाद संस्थान के अध्यक्ष तरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि जब कभी इतिहास में झांकना हो तो उस दौर के साहित्य की तरफ जाना होगा। साहित्य तत्कालीन समाज का बखूबी चित्रण करता है। मुंशी प्रेमचन्द्र के साहित्य को पढ़ते हुए हम उसी कालखंड में पहुंच जाते हैं। इस समय के कालखंड में जब राजीव प्रकाश साहिर की कहानियों व उपन्यास का पढ़ा जा रहा है तो लोग समझ पाएंगे कि यह कालखंड कैसा था, लोग कैसे थे, उनकी समझ कैसी थी, उनका रवैया कैसा था। वरिष्ठ लेखक अमीर मेहंदी ने राजीव प्रकाश साहिर के लोकार्पित उपन्यास की विस्तार से चर्चा की।

# रामनगर तहसील प्रशासन सुअवसर महादेवा कारिडोर योजनाद्व, मुआवजा अवसर अवैध निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले की तहसील रामनगर में उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध तीर्थ महादेवा का पर्यटन स्थल स्वरूप में विकास एवं भव्यता के लिए कृत संकल्प सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार द्धारा 49 करोड़ की और मंजूरी तथा कॉरिडोर क्षेत्रफल में वृद्धि से शिव भक्तअत्यंत प्रसन्न है। तो वहीं सुअवसर लाभ के महाज्ञानी तहसील अधिकारियों की गतिविधियां निज स्वार्थपूर्ति में परवान चढ़ रही है। कहते हैं कि क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो स्थानीय लोगों को कॉरिडोर एरिया बढ़ने की बात कह कर उन्हें अधिक मुआवजा राशि मालामाल का मंत्र दे रहे हैं। चबूतरा व दीवारें तथा मकान की नींव आदि निर्मित करने की जुगत मंत्र दे रहे हैं।

परिणाम स्वरूप जो लोग मडैया में रह रहे थे और साल भर से वह सहमें सहमे थे उन्होंने नव निर्माण शुरू कर दिया है। जिनके पास धन नहीं है वह उधार काढ कर निर्माण कराने लगे हैं। ग्रामवासी सूत्रों की माने तो क्षेत्रीय लेखपाल की संलिप्तता और दलालों की सक्रियता से यह गोरखधंधा तेजी से फल फूल रहा है। यहां श्रम विभाग के क्रियाकलाप भी सवालों में है।

तालाबों पर निर्माण और मुआवजा वर्षा

महादेवा कॉरिडोर के लिए प्रस्तावित एवं अधिग्रहण वाले क्षेत्र में नवनिर्माण युद्ध स्तर पर हो रहे है। आबादी व सार्वजनिक भूमिया पर भी निर्माण में लोग आगे बढ़े हैं।यहां तक कि लोग तालाब भूमि को भी हथियानें में पीछे नहीं। लेखपाल व एजेंट अवसरवादियों में साठगांठ चर्चा का विषय बनी है। कहते हैं तीर्थ का विकास जब तब होगा फिलहाल तहसील कार्मिकों का विकास अभी हो रहा है । बताते हैं कि तहसील प्रशासन की जिस पर अनुकंपा बरसी सूची में अंकित धनराशि से अधिक मुआवजा धनराशि उसपर न्योछावर। संस्कृत विद्यालय/पाठशाला का मुआवजा इसका प्रमाण है। वैसे तो मठ/मंदिर के रिसीवर की शिकायत पर अवैध बैनामा के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। महादेवा स्थित एक तालाब के पट्टाधारी ने लेखपाल की साठगांठ से तालाब भूमि पर मकान बना लिया और बेच लिया। अब जब कॉरिडोर का परिक्षेत्र बढ़ा तो वही पट्टाधारी फिर से तालाब भूमि पर नया मकान बनाने लगा। तालाब भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत हुई लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात।

जनप्रतिनिधियों की शिकायत भी बेमतलब

स्थानीय क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा जिस अवैध निर्माण की शिकायत जनता दर्शन में जिलाधिकारी से की गई, तहसील प्रशासन की मेहरबानी कहे या साठगांठ कि उस अवैध कब्जेदार को लोक निर्माण विभाग ने 12 लाख से अधिक मुआवजा दे डाला। क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश यादव कहते हैं कि तीर्थ का विकास जब तब होगा वर्षो बाद लोग रोजगार पाएंगे, लेकिन तहसील कर्मियों का विकास तो तत्काल ही हो रहा है।

महादेवा तीर्थ, तालाब पर निर्माण अंततः जनहित याचिका

महादेवा मठ मंदिर की मान सम्मान एवं संपत्ति पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर शिव भक्तों द्वारा जनहित याचिका भी की गई।शिवार्चन तालाब पर दूसरे समुदाय के व्यक्ति द्वारा कांप्लेक्स निर्माण की रपट तहसील प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गई। एसडीएम द्वारा कोर्ट में अंडरटेकिंग भी दी ! करेंसी प्रभाव की उस असामाजिक तत्व द्अवारा अवैध निर्माण पर रोक थाम नहीं की गई। अंततः अवैध निर्माण के प्रमाण जब उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुए तो डीएम,एसडीएम व एस.एच.ओ तथा निर्माण कर्ता रियाज, न्यायालय की अमानना के भागीदार बनें। लोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा ट्रस्ट के महंत बी.पी दास के मुताबिक अवमानना प्रकरण उच्च न्यायालय में अभी भी जीवंत है। महंत जी के साथ ही अन्य तमाम शिव भक्तों द्वारा शिवार्चन तालाब पर प्रतिक्रमण को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। परंतु तहसील प्रशासन के कंान पर जूं नहीं रेंगा। सुखद प्रकरण गर्माया और इसी बीच गौरक्ष पीठाधीश्वर सीएम योगी आदित्यनाथ जी महाराज बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण करने रामनगर महादेवा आ गए! उनके करीबी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने विषय-वस्तु से उनको अवगत कराया और तभी बनी महादेवा कॉरिडोर की प्रस्तावना। बीते वर्ष डीएम रहे सत्येंद्र कुमार के अद्वितीय प्रयास से संसदीय चुनाव में आचार संहिता प्रभावी होने के एक दिन पूर्व महादेवा कॉरिडोर की मंजूरी मिली। चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च को महादेवा कॉरिडोर योजना को विस्तृत रूप मिला और? मंजूरी के साथ 49 करोड़ और स्वीकृत हुए। मंत्री सतीश शर्मा का सराहनीय प्रयास की कॉरिडोर अंचल को भव्यता की भी स्वीकृति मिली। अब जब कॉरिडोर क्षेत्र सीमा बढ़ाया जाना है, अवसर का लाभ भुनाने में राजस्व कर्मी भला क्यों पीछे रहें। और फिर शुरू हो गया सार्वजनिक मार्ग व तालाब भूमि पर अवैधानिक निर्माण का सिलसिला। यहां काबिलेगौर यह है कि उच्च न्यायालय द्वारा पीआईएल 509 में तहत अतिक्रमण के विरुद्ध पारित आदेश,तहसील प्रशासन के लिए लाभ का जरिया बना है । ज्वलंत प्रमाण है महंत मठ की बाग में बने दो दर्जन से अधिक गैर हिन्दूओं के मकान प्रतिष्ठान।सार्वजनिक मार्ग एवं मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जाधारियों को तहसील प्रशासन द्वारा दिल खोलकर मुआवजा से उपकृत किया जा रहा है। शिवभक्त याची वरुण सिंह,व शिवभक्त अजय कुमार बताते हैं कि मंदिर के आसपास कई लोगों के भवन मकान जो कॉरिडोर सीमा में है,तहसील कर्मियों द्वारा उन्हें चिन्हित नहीं किया गया है अब इसके पीछे की मंशा तो तहसील कर्मी ही अच्छे से बता सकते हैं लेकिन चर्चा यह है कि भविष्य में यह लोग कॉरिडोर योजना में कहीं बड़ी समस्या बनकर नि खड़े हो जाएं ?

## ससुरालयों से प्रताड़ित विवाहिता ने लगाई फांसी

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के परवरभारी गांव निवासी राम कुमारी पत्नी स्वर्गीय राम सिंह यादव ने कोतवाली में दिए गये प्रार्थना पत्र में बताया है कि उन्होंने अपनी पुत्री पूनम यादव उर्फ़ संजना की शादी बीते 19 फरवरी को सीतापुर जनपद के रामपुरकला थाना क्षेत्र के ग्राम सटल्लापुर गांव निवासी पंकज यादव पुत्र प्रमोद यादव के साथ की थी। दहेज उपहार दिज थे।शादी के बाद से एक लाख की लगातार मांग की जा रही थी। दिन पूर्व पंकज , पूनम को मारपीट कर मायके भेज गया था ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर पूनम ने रविवार को मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर, सास, देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## फैंसी फंदे पर झूली छात्रा

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापगंज मे कक्षा नौ की 14 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार की भोर ग्राम प्रतापगंज निवासी पप्पू राइन अपना आटो लेकर चला गया व माँ बकरी चराने चली गयी। घर में 14 वर्षीय पुत्री गुल्पशा अपने 8 वर्षीय भाई के साथ मौजूद थे। मौका पाकर गुलपशा ने घर के अंदर रस्सी से फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार की असमय मौत का शिकार हुआ। थाना क्षेत्र के जयकरन पुरवा मजरे बहरौली गांव निवासी दीपक यादव 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम आधार मोटरसाइकिल से देर रात घर लौट रहा था तभी लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर अंबरपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस न्यूज़ अस्पताल में जो है जहां उसने अंतिम सांस ली। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## मंडल अध्यक्ष बने अरविन्द व रंजीत वर्मा

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लम्बे इंतजार के बाद घोषित किये गये भारतीय जनता पार्टी देवा एवं मसौली मंडल अध्यक्ष ने रविवार को कस्बा मसौली स्थित बाबा रामशरणदास भगवतदास कुटी हनुमान मंदिर पर माथा टेकर पूजा अर्चना की। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त देवा मंडल अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, मसौली मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा ने कस्बा मसौली स्थित बाबा रामशरणदास भगवतदास कुटी हनुमान मंदिर पर माथा टेकर पूजा अर्चना की। मन्दिर समिति के अध्यक्ष मोहित वर्मा सचिव राहुल ठाकुर दीपक नाग ने फुल माला पहनकर व लड्डू खिलाकर भव्य स्वागत किया इस मौके पर बाबा रामलाल दास ,बाबा किशुन दास ,पवन विश्वकर्मा जितेन्द्र वर्मा विपिन मौर्या आदि लोग मौजूद रहे ।

## डीजे डांस को लेकर बारातियों में मारपीट, इलाज के दौरान एक की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के भिखरा गांव में शनिवार की देर रात्रि बारात में दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर हुई मारपीट में बारात में शामिल एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की तप्तीश में जुट गई। कोतवाली क्षेत्र के पेचरुआ गांव निवासी कबीर दास के पुत्र रामसेवक की बारात बड़े ही धूम-धाम से बीती देर शाम भिखरा गांव निवासी बाबू रावत के घर गई थी। वही दूसरी तरफ बाबू रावत भी बारातियों की आवाभगत में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। बारातियों को जलपान करवाया और फिर सभी को जनवासे के लिए आमंत्रित किया, भोजपुरी की धुन पर नौजवान थिरकते हुए दरवाजे के लिए निकल पड़े, उधर द्वारपूजा की सभी रस्मे और तैयारियां पूर्ण थी, बस देर थी तो बरात आने की, पर किसी को क्या पता कुछ ही देर में दोनों पक्षों की सारी खुशियां चकनाचूर होकर मातम मे परिवर्तित हो जाएंगी। बताया जाता है कि द्वारा पूजा के दौरान दो बारातियों में किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी होने लगी, लोग बीच बाराव कराने लगे तभी कुछ अज्ञात बरातियों ने पुराने कुएं पर रखी बल्ली को उठाकर गोकुल प्रसाद के सिर पर वार कर दिया, जिससे 21 वर्षीय गोकुल गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में खून से लथपथ गोकुल को वहां मौजूद लोगों ने सीएससी हैदरगढ़ लेकर भागे, अस्तपाल में मौजूद डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। बारात में मारपीट होने की खबर किसी ने पुलिस को दे दिया, कुछ ही देर में डायल 112 व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जनातियों बारातियों से मामले को लेकर पूंछताछ करना शुरू कर दिया, लेकिन सभी रिस्तेदार होने के नाते कोई कुछ बोलने से इंकार कर दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी से बात किया गया तो उनका कहना था कि अभी तक किसी तरफ से तहरीर नहीं मिली है, फिलहाल कार्रवाई जारी है। भिखरा गांव में बारातियों में हुई मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल पेचारुआ गांव निवासी गोकुल पुत्र शिवराम इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। जैसे इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को हुई, तो सारी खुशियां गम मे तब्दील हो गई, मृतक की मां दहाड़े मारकर रोने लगी और गश खाकर मौके पर गिर पड़ी, वहीं छोटा भाई कन्हैया का भी रो रोकर बुरा हाल था, विलखते हुए पिता शिवराम ने बताया कि मृतक मेरा बड़ा पुत्र था अब हाथ बटाने के काबिल हुआ था आज सब कुछ बेकार हो गया। रविवार की देर शाम सैकड़ों लोगों और पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक मृतक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दिया गया।

# सफाई कामगारों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की मांग, उपमुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

**अच्छेलाल वाल्मीकि की 11वीं पुण्यतिथि पर परिवर्तन चौक पर हुआ कार्यक्रम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के सफाई कामगारों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की मांग उठायी गयी है। शनिवार को यहां वरिष्ठ समाजसेवी, राज्यसभा के सदस्य रहे सफाई कर्मचारी नेता स्व.अच्छेलाल वाल्मीकि की 11वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न संगठनों की ओर से इस बाबत एक मांगपत्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सौंपा गया। सामाजिक सरोकार फाउण्डेशन, उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ, सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश की तरफ से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जिनके पास चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के केबिनेट मंत्र की भी जिम्मेदारी है को यह मांगपत्र सौंपा गया। उपमुख्यमंत्री ने शीघ्र ही उचित निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया।

मांगपत्र में कहा गया है कि प्रतिदिन गंदगी, कूड़ा-करकट से जूझने वाले सफाई कामगार अधिकांशतः पूरी तरह स्वस्थ नहीं होते। तमाम तरह की घातक बीमारियों की चपेट में रहने वाले ये सफाई कामगार अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत नहीं रहते। गंभीर रोगों की चपेट में आने पर आर्थिक संकट के चलते ये अपना महंगा ईलाज भी नहीं करवा पाते। नतीजा ये कि अचानक ये सफाई कामगार असामायिक मौत का शिकार हो जाते हैं। परिवार व आश्रित बेसहारा हो जाते हैं। मांगपत्र में प्रदेश के सभी सफाई कामगारों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था शासन स्तर से करवाए जाने की मांग की गई। साथ ही कहा गया कि सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को एक शासनादेश जारी करके हर तिमाही सफाई कामगारों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवाया जाए। विशेष तौर पर इन सफाई कामगारों की टीबी, ब्लडप्रेशर, शुगर, नेत्र विकार, महिला कामगारों के स्त्री रोग आदि की जांचें अवश्य हों। सरकारी अस्पतालों में इन सफाई कामगारों का निःशुल्क उपचार हो। इन सभी सफाई कामगारों के गंभीर रोगों के उपचार के लिए प्राथमिकता पर उनके आयूष्मान कार्ड बनवाए जाएं। मांगपत्र पर सामाजिक सरोकार फाउण्डेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार वाल्मीकि, सफाई मजदूर नेता नरेश वाल्मीकि, कमल वाल्मीकि आदि के हस्ताक्षर हैं।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के द्वारा अच्छे लाल वाल्मीकि सामाजिक चेतना वाटिका परिवर्तन चौक पर आयोजित इस श्रद्धांजलि समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि थे। भाजपा नगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अलावा पार्षद रंजीत सिंह, पूर्व पार्षद अचल मेहरोत्रा, लखनऊ कैण्टोनमेंट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सफाई मजदूर नेता नरेश वाल्मीकि, कौशल वाल्मीकि, कमल वाल्मीकि, सुनील धानुक आदि वक्ताओं ने स्व.अच्छे लाल वाल्मीकि के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# फार्मेसिस्ट की पीट-पीट कर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम मलौली मे बीती मध्य रात्रि एक निजी चिकित्सक की लाठी डंडो से पीट पीट कर निर्मम हत्या की गई।सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक विकास श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंथ ने घटनास्थल का जायजा लिया।ग्रामवासी सूत्रों के मुताबिक घटना सीसीटीवी में कैद हुई।

थाना क्षेत्र के ग्राम डडियामऊ निवासी 23 वर्षीय सत्येंद्र कुमार उर्फ़ ओमप्रकाश पुत्र गंगा प्रसाद विश्वकर्मा फार्मेसिस्ट का कोर्स करने के बाद बीते एक वर्ष से ग्राम मलौली मे विश्वकर्मा मेडिकल स्टोर एवं फार्मा क्लिनिक चला रहा था। जहां 24 घंटे सेवा उपलब्ध थी। बीती मध्य रात्रि करीब साढ़े 11 बजे कुछ अज्ञात हमलावारो ने शटर को खुलवाया औल डा.सत्येंद्र कुमार पर लाठी डंडो से हमला बोला। जानकर बचाकर भाग रहे डाक्टर को दौड़ा दौड़ा कर हमलावारो ने मारा। डाक्टर को बचाने की कोशिश करने वाले दिव्यांग विवेक नाग उर्फ़ बेल को भी कई लाठियां मारी। विवेक के चिल्लाने पर जब तक ग्रामीण दौड़ते तब तक हमलावर फरार हो गये। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह एवं पुलिस टीम ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया।

**( मृतक के पिता ने दी नामजद तहरीर )**

मृतक डाक्टर सत्येंद्र कुमार के पिता गंगाप्रसाद ने तहरीर मे अपने चचेरे भाइयों लाल बहादुर, नंद



किशोर, संतलाल, राजेंद्र प्रसाद पुत्रगण राम आसरे व लालबहादुर के पुत्र अर्पित उर्फ़ कल्लू, विनय व प्रदम पुत्रगण संतलाल सहित कुछ दिन पूर्व मृतक की क्लिनिक पर काम करने वाली कथाकथित नर्स नायरा पुत्री अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम इल्मासगंज के साथ आकाश यादव,व विवेक यादव पुत्रगण रामविलास निवासी चपरी मजरे भयारा द्वारा हत्या किये जाने की तहरीर दी है।

**( चचेरे भाईयो में अर्से से विवाद )**

मृतक के पिता गंगाप्रसाद एवं उनके चेचेरे भाई लाल बहादुर, नंद किशोर, संतलाल, राजेंद्र प्रसाद पुत्रगण रामआसरे के बींच काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा है।जिसको लेकर आये दिन विवाद होता रहता था तथा आये दिन जान से मारने की धमकी दिया करते थे करीब दो माह पूर्व मृतक के पिता गंगाप्रसाद द्वारा लगवाये गये करीब ढाई लाख के यू कल्पटिस के पेड़ो को विपक्षियों ने कटवाकर बेच लिया था मना करने पर लालबहादुर के पुत्र अर्पित ने मृतक को रोककर जान से मारने की धमकी दी थी।

**( कथित नर्स ने भी गाँव मे खोला अस्पताल )**

ग्रामीण इलाका होने के कारण मलौली गांव मे फार्मेसिस्ट से डॉक्टर बने सत्येंद्र कुमार का अस्पताल बढ़िया चल रहा था अस्पताल मे प्रसव कराने की भी सुविधा होने के कारण विगत कुछ दिन पूर्व जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इल्मासगंज निवासी अयोध्या प्रसाद की पुत्री नायरा बतौर नर्स के रूप मे काम करने लगी और करीब 15 दिन काम करने के बाद नायरा ने डाक्टर सत्येंद्र की क्लिनिक छोड़ अपना अस्पताल मलौली मे खोल लिया। बताया जा रहा है कि नायरा से मिलने के लिए अक्सर आकाश व विवेक यादव आया करते थे जो डाक्टर सत्येंद्र को पसंद नही था इसी कारण नायरा ने नौकरी छोड़ अपना क्लिनिक चलाने लगी थी।

**( घर मे मचा हाहाकार )**

मृतक सत्येंद्र कुमार तीन सगे भाई शैलेन्द्र व देवेश कुमार थे जिसमे मृतक सबसे बड़ा होने के कारण घर की सारी जिम्मेदारी मृतक के कंधो पर थी तथा तीन बहनो मे दो बहनो की शादी हो चुकी थी तथा छोटी बहन संगीता की शादी की जिम्मेदारी थी घर की वड़ी संतान की हुई हत्या से पूरे घर मे कोहराम मचा हुआ है और लोगो का रो रो कर बुरा हाल है ( मुकदमा दर्ज शक के आधार पर पूछताछ जारी )

पुलिस उपाधीक्षक गरिमा पंत ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया शक के आधार पर कुछ लोगो थाने पर् लाकर पूछताछ की जा रही है तथा क्लिनिक पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जाँच की जा रही है जल्द से जल्द हत्या का खुलासा किया जायेगा।

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगा दिल्ली

एजेंसी

हैदराबाद। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी।

दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है। दिल्ली की टीम पैट कमिंस की टीम के खिलाफ भी उसके मैदान पर जीत दर्ज करना चाहेगी। अक्षर पटेल चोट से जूझ रह हैं। वह 30 अप्रैल को नाइट राइडर्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से चले गए थे। देखना यह होगा कि वह चोट से उबरकर सनराइजर्स के खिलाफ खेलते हैं या नहीं। अक्षर ने हालांकि चोटिल होने के बाद भी 23 गेंद में 43 रन की उम्दा पारी खेली थी। अगर वह चोट से पूरी तरह नहीं उबरते हैं तो उन्हें गेंदबाजी में समस्या हो सकती है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। अक्षर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया और अगर वह नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली ने अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और टीम लीग के इस महत्वपूर्ण चरण में और झटकों से बचने की कोशिश करेगी। नाइट राइडर्स के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज फाफ डु प्लेसी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा था लेकिन धीमी पिच से सामंजस्य बैठाना उनके लिए चिंता का सबब बना हुआ है। लोकेश राहुल नौ मैच में 371 रन के साथ दिल्ली के शीर्ष रन स्कोरर है लेकिन वह घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 39 गेंद में 41 रन ही बना पाए। नाइट राइडर्स के खिलाफ वह सात रन बनाकर सुनील




नारायण के स्टीक थ्रो का शिकार बने। विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाजों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करेंगे क्योंकि सनराइजर्स की यह तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है। अभिषेक पोरेल ने भी शीर्ष क्रम में काफी आक्रामक बल्लेबाजी की है और एक अर्धशतक सहित 250 से अधिक रन बनाए हैं लेकिन मौजूदा सत्र में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। दिल्ली के बल्लेबाजी क्रम में गेंदबाजी ऑलराउंडर विपराज निगम जैसे खिलाड़ी भी हैं जो अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता रखते हैं लेकिन यह दिल्ली की गेंदबाजी है जो उन्हें जीत के लिए पूरी ताकत लगाने का आत्मविश्वास देती है। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अगुआई में दुष्मंता चमीरा और मुकेश कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाजों के साथ दिल्ली की टीम मजबूत स्थिति में है। अक्षर पूरी तरह से फिट होते हैं तो दिल्ली कैपिटल्स के पास आईपीएल 2025 में सबसे ताकतवर आक्रमण में से एक है। नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में स्टार्क और अक्षर ने मिलकर पांच विकेट लिए थे। हालांकि मौजूदा आईपीएल चैंपियन ने फिर भी 200 से अधिक का स्कोर बनाया जो माना जा सकता है विकेट की प्रकृति के कारण संभव हुआ। दूसरी ओर सनराइजर्स की टीम अपने पास मौजूदा अनुभव का फायदा नहीं उठा पाई। कमिंस की अगुआई में शमी, ट्रेविस हेड, इशान किशन, हेनरिक क्लासेन और जयदेव उनादकट की मौजूदगी वाली टीम संघर्ष कर रही है। उनादकट ने हाल ही में सनराइजर्स के लड़खड़ाते आईपीएल अभियान पर खुलकर बात की। उन्होंने प्रभावहीन गेंदबाजी और बदलती पिच की स्थिति को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 रन से हार के बाद टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है।

# पंजाब किंग्स ने चोटिल मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया

एजेंसी

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स ने चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए हैं। इस साल आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के मैक्सवेल का प्रदर्शन काफी खराब रहा और वह सात मैच में केवल 48 रन ही बना सके जिसमें से छह बार वह दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे। मैक्सवेल को 26 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच के दौरान चोट लगी थी जिसमें वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अगले मैच में उनकी जगह सूर्यांश शेडगे को एकादश में शामिल किया गया था। यह मैच पंजाब किंग्स ने चार विकेट से जीत लिया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''पंजाब किंग्स ने ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बाकी बचे मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज 23 वर्षीय ओवेन ने 14 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और वे श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी से तीन करोड़ रुपये में जुड़ेंगे। आईपीएल ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया के मिच ओवेन ने 34 टी20 मैच खेले हैं और 646 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल है और 108 रन उनका शीर्ष स्कोर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर के नाम 10 टी20 विकेट भी हैं।

# धोनी का खलील अहमद को गेंद थमाने का फैसला सही था: फ्लेमिंग

एजेंसी




बेंगलुरु। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ यहां खेले गए मैच में 19वें ओवर में 33 रन लुटाने के बावजूद तेज गेंदबाज खलील अहमद का भरपूर समर्थन किया, लेकिन कहा कि वे इंडियन प्रीमियर लीग में आगे बढ़ने के लिए और विकल्प तलाशेंगे। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंशुल कंबोज का एक ओवर शेष रहने के बावजूद अहमद को गेंदबाजी के लिए बुलाया लेकिन उनका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि रोमारियो शेफर्ड के आक्रामक अंदाज के सामने यह तेज गेंदबाज कमजोर पड़ गया। फ्लेमिंग ने शनिवार रात मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''इस सत्र में खलील ने हमारे लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए धोनी का उनकी जगह किसी अन्य गेंदबाज को गेंद थमाने का कोई कारण नजर नहीं आता। उन्होंने कहा, '' कंबोज अपनी भूमिका में लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। वह डेथ ओवरों गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। वह भविष्य के लिए एक विकल्प हो सकते हैं, लेकिन ऐसा कोई कारण नहीं था कि खलील की जगह उन्हें गेंदबाजी करने के लिए बुलाया जाता। आरसीबी ने चेन्नई के सामने 214 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी। फ्लेमिंग ने कहा, ''अगर हमने किसी एक ओवर में अच्छे रन बनाए होते तो हम जीत जाते लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की । हमें 10 ओवर के बाद एक बड़े ओवर की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# इंग्लैंड दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कुलदीप यादव: क्रिकेट विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व चयनकर्ताओं और कोचों का मानना ??है कि कुलदीप यादव एक ऐसे मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा कलाई के इस स्पिनर को बल्लेबाजी ऑलराउंडरों पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनका मानना है कि रवींद्र जडेजा अपने बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पहली पसंद होंगे लेकिन कुलदीप के टीम में शामिल होने से भारत का स्पिन विभाग और मजबूत हो जाएगा।



राष्ट्रीय चयन समिति आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों की स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए भारत और ए टीम की घोषणा कर सकती है। प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाने वाली अन्य छह टीमों में शामिल लाल गेंद के विशेषज्ञ खिलाड़ी जल्दी इंग्लैंड के दौरे पर चले जाएंगे जैसा कि पहले भी होता रहा है। इससे उन्हें वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया में वाशिंगटन सुंदर ने पहली पसंद के स्पिनर के रूप में शुरुआत की, क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के बाद जडेजा और रविचंद्रन अश्विन दोनों को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही संन्यास ले लिया था जबकि वाशिंगटन तीन टेस्ट मैच में केवल तीन विकेट हासिल कर पाए थे। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद, उनकी चयन समिति के सहयोगी देवांग गांधी और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और प्रसिद्ध कोच डब्ल्यूवी रमन सभी को लगता है कि कुलदीप के पास वह 'एक्स फैक्टर' है जिसकी भारत को इंग्लैंड में जरूरत पड़ेगी। खेल के सबसे चतुर विश्लेषकों में से एक रमन ने पीटीआई से कहा, ''कुलदीप यादव एक आक्रामक विकल्प हैं और उन्हें इंग्लैंड में भारतीय टीम में होना चाहिए। उन्होंने अब तक 12 टेस्ट खेले हैं और अगर हम उनके स्ट्राइक रेट पर गौर करें तो वह हर छह ओवर में एक विकेट (37.3 गेंद प्रति विकेट) है। इसलिए जडेजा के साथ कुलदीप को टीम में रखना मेरे लिए सबसे आसान काम होगा। प्रसाद को भी लगता है कि वह वाशिंगटन की तुलना में बेहतर विकल्प हो सकते हैं। प्रसाद ने कहा, ''हालांकि आप अब भी वाशिंगटन को टीम में रख सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको कुलदीप जैसे उचित मैच विजेता स्पिनर की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''कुलदीप एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच जीतने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड में कई ऐसी जगह है जहां स्पिनर को मदद मिलती है और वहां की परिस्थितियों में कलाई का स्पिनर होने के कारण कुलदीप बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं।

# अगले सप्ताह दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग, पांच शेयरों की होगी लिस्टिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। सोमवार पांच मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी इस सप्ताह छह मई यानी मंगलवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह एथर एनर्जी समेत पांच कंपनियों के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। सोमवार को श्रीगी डीएलएम लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, वहीं इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी। पांच मई को ही मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 54 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, जबकि इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी। इनके अलावा पिछले सप्ताह 29 अप्रैल को खुले केनरिक इंडस्ट्रीज के 8.75 करोड़ रुपये के आईपीओ में छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा, जबकि इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,550 रुपये से लेकर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 2,650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट



सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 2,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट चुका है फिलहाल सोना 22 अप्रैल के अपने सर्वोच्च स्तर से करीब 5 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# अदाणी पोर्ट्स का ध्यान समुद्री, लॉजिस्टिक्स और कृषि-लॉजिस्टिक्स कारोबार को बढ़ाने पर: करण अदाणी

एजेंसी

नयी दिल्ली। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक ज़ोन (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी निजी बंदरगाह परिचालक अपने समुद्री, लॉजिस्टिक और कृषि-लॉजिस्टिक कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अदाणी ने साक्षात्कार में कहा कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी एपीएसईजेड विड़िण्गम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह में दूसरे चरण में 13,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे इस गहरे पानी वाले बंदरगाह की माल ढुलाई क्षमता मौजूदा 12 लाख टीईयू (बीस फुट समकक्ष इकाइयों) से बढ़कर 2028 तक लगभग 50 लाख टीईयू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो मई को विड़िण्गम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण 8,867 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरा हुआ है। उन्होंने कहा, एपीएसईजेड के भीतर, हमारे पास तीन बड़े कारोबारी क्षेत्र- समुद्री व्यवसाय, लॉजिस्टिक्स व्यवसाय और कृषि-लॉजिस्टिक्स व्यवसाय हैं, जिनपर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि एपीएसईज़ेड देश में समुद्री व्यापार में सबसे बड़ी संचालक है। अदाणी ने कहा, अब विचार यह है कि भारत के भीतर और साथ ही भारत के बाहर भी उस (समुद्री व्यापार) व्यवसाय को बढ़ाया जाए। लॉजिस्टिक्स के मामले में, अदाणी ने कहा कि एपीएसईज़ेड बहु-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क बनाने पर विचार कर रही है, जैसा अदाणी समूह ने बंदरगाहों में किया है। उन्होंने कहा, हम बड़े, बहु-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क बनाना चाहते हैं, और फिर मात्रा बढ़ाने के साथ-साथ दक्षता बढ़ाने में मदद करना चाहते हैं।

# सेंसेक्स ने बीते सप्ताह लगाई 1289.46 अंकों की छलांग

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। भारत और पाकिस्तान के बीच बचे तनावपूर्ण स्थिति के बीच विदेशी निवेशकों की लिवाली के बल पर शेयर बाजार बीते सप्ताह भी तेजी में रहा। अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों से बाजार की चाल तय होने का अनुमान है। बीएसईका 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को समाप्त सप्ताह के दौरान 1289.46 अंकों या 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,501.99 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 307.35 अंकों या 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,346.70 पर बंद हुआ। बीएसई मिड-कैप इंडेक्स 0.42 प्रतिशत बढ़कर 42,707.87 पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉल-कैप इंडेक्स 1.33 प्रतिशत गिरकर 47,365.54 पर बंद हुआ। इसमें मजबूत कॉर्पोरेट आय और सकारात्मक घरेलू आंकड़ों का समर्थन मिला। चार सत्रों में से तीन दिन यह सकारात्मक रहा, जबकि एक सत्र में यह नकारात्मक रहा। गुरूवार को शेयर बाजार में महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर अवकाश रहा था। सप्ताह के पहले दो सत्रों में शेयर बाजार हरे निशान में रहा, क्योंकि सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 1,005.84 अंक बढ़कर 80,218.37 पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज की चौथी तिमाही में वित्तीय परिणाम सकारात्मक रहने से बाजार को बल मिला था और सोमवार को निफ्टी 298.75 अंक बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 पर बंद हुआ। विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत आमद से निफ्टी 7.45 अंक बढ़कर 24,335.95 पर बंद हुआ, जिससे कुल मिलाकर बाजार की धारणा मजबूत रही। बुधवार को शेयर बाजार में लिवाली देखी गयी जिससे सेंसेक्स 46.14 अंक गिरकर 80,242.24 पर बंद हुआ। निफ्टी 1.75 अंक गिरकर 24,334.20 पर बंद हुआ। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 259.75 अंक बढ़कर 80,501.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 12.50 अंक बढ़कर 24,346.70 पर बंद हुआ। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद में विदेशी निवेशकों के बाजार में लौटने से शेयर बाजार में तेजी देखी गयी। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) में 9.38 प्रतिशत की तेजी आई। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) में 4.11 प्रतिशत की तेजी आई और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.38 प्रतिशत की उछाल आई। सप्ताह के दौरान शेयरों में गिरावट के बाद टाटा मोटर्स में 2.47 प्रतिशत, अशोक लीलैंड में 2.04 प्रतिशत, आयशर मोटर्स में 2.53 प्रतिशत, बजाज ऑटो में 2.52 प्रतिशत की गिरावट आई। हीरो मोटोकॉर्प में 3.87 प्रतिशत की गिरावट आई। टीवीएस मोटर कंपनी में 1.09 प्रतिशत, अदानी एंटरप्राइजेज में 0.20 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.05 प्रतिशत की गिरावट आई। अदानी टोटल गैस में 1.22 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 4.99 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 5.45 प्रतिशत की गिरावट आई।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण 2.31 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सामूहिक रूप से 2.31 लाख करोड़ रुपये (2,31,177.3 करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई। स्थानीय शेयर बाजार में सुधार के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289.46 अंक या 1.62 प्रतिशत के लाभ में रहा। बृहस्पतिवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे थे। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1,64,959.62 करोड़ रुपये बढ़कर 19,24,235.76 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 20,755.67 करोड़ रुपये बढ़कर 10,56,029.91 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 19,381.9 करोड़ रुपये बढ़कर 10,20,200.69 करोड़ रुपये रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,514.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,73,356.95 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 10,902.31 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,25,668.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,502.82 करोड़ रुपये बढ़कर 5,38,294.86 करोड़ रुपये हो गई। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 1,160.2 करोड़ रुपये बढ़कर 7,14,014.23 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 15,470.5 करोड़ रुपये घटकर 5,50,726.80 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,985.41 करोड़ रुपये घटकर 5,45,845.29 करोड़ रुपये पर आ गया।

# संस्कृत का उत्थान भारत के उत्थान के साथ जुड़ा है: शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली 04 मई (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत की अधिकतर भाषाओं की जननी संस्कृत ही है, इसलिए संस्कृत का उत्थान भारत के उत्थान के साथ जुड़ा है।

श्री शाह रविवार को यहां 1008 संस्कृत सम्भाषण शिविरों के सामूहिक समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




श्री शाह ने कहा कि संस्कृत भारती ने 1008 संस्कृत सम्भाषण शिविरों के आयोजन का एक बहुत साहसिक काम किया है। संस्कृत के ह्रास की शुरूआत गुलामी के कालखंड से पहले ही हो गई थी और इसके उत्थान में भी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि आज देश में संस्कृत के उत्थान के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। चाहे सरकार हो, जनता हो या सोच हो, ये सभी संस्कृत और संस्कृत के उत्थान के प्रति कटिबद्ध और वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारती 1981 से संस्कृत में उपलब्ध ज्ञान के भंडार को विश्व के सामने रखने, लाखों लोगों को संस्कृत बोलने और संस्कृत में प्रशिक्षित करने का काम कर रही है। दुनिया के कई महान विचारकों ने संस्कृत को सबसे वैज्ञानिक भाषा के रूप में स्वीकार किया है। अब संस्कृत के ह्रास के इतिहास को स्मरण करने की जगह संस्कृत के उत्थान के लिए काम करना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की नयी शिक्षा नीति में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर फोकस किया गया है और इसका बहुत बड़ा वर्टिकल संस्कृत है। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया गया है। मोदी सरकार ने प्राकृत और संस्कृत में बिखरी हुई पांडुलिपियों को एकत्रित करने के लिए लगभग 500 करोड़ के बजट से एक अभियान चलाने का किया है। पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 500 करोड़ रूपए के आधार कोष के साथ ज्ञानभारतम मिशन की शुरूआत की गई है और हर बजट में इसके लिए एक निश्चित राशि आवंटित की जाएगी। अब तक 52 लाख से अधिक पांडुलिपियों का डॉक्यूमेंटेशन, साढ़े तीन लाख पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया गया है और नमामी.जीओवी.इन पर 1,37,000 पांडुलिपियां उपलब्ध कराई गई हैं। दुर्लभ पांडुलिपियों का अनुवाद और उनके संरक्षण के लिए हर विषय और भाषा के विद्वानों की टीम गठित की गई है। श्री शाह ने कहा कि संस्कृत भारती 1981 से जो काम करता आ रहा है, उसकी मिसाल ढूंढना कठिन है। संस्कृत के उत्थान, प्रचार-प्रसार और इसमें उपलब्ध ज्ञान को संकलित कर सरल रूप में लोगों के सामने रखने में ही दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान निश्चित रूप से मिल सकता है। संस्कृत भारती ने 1981 से लेकर अब तक 1 करोड़ लोगों को संस्कृत बोलने से परिचित कराने का काम किया है । केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज यहां 1008 संस्कृत संभाषण शिविरों का समापन हुआ है। इसके तहत 23 अप्रैल से लेकर 10 दिन तक 17 हज़ार से ज़्यादा लोगों का संस्कृत से परिचय हुआ और उन्होंने संस्कृत बोलने का अभ्यास भी किया जिससे लोगों की रुचि संस्कृत में बढ़ेगी। श्री शाह ने कहा कि संस्कृत भारत की आस्था, परंपरा, सत्य, नित्य और सनातन है। ज्ञान और ज्ञान की ज्योति संस्कृत में ही समाहित है। भारत की अधिकतर भाषाओं की जननी संस्कृत ही है और इसीलिए संस्कृत को आगे बढ़ाने का काम न सिर्फ संस्कृत के बल्कि भारत के उत्थान के साथ भी जुड़ा है।

# बिहार में खेल और संस्कृति दोनों का अनुभव करें

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स, उद्घाटन पर खिलाड़ियों से बोले प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रविवार को बिहार के पटना में आयोजित 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन किया। उन्होंने देशभर से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये प्रतियोगिता खेल के साथ-साथ देशभक्ति की भावना भी जगाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खिलाड़ियों को मैदान पर प्रदर्शन के साथ-साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के राजदूत की भूमिका भी निभानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जो खिलाड़ी बिहार से बाहर से आए हैं, वे यहां की प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा और मखाना जरूर चखें। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को खुद को बेहतर करने के लिए लगातार प्रतिस्पर्धी मैच खेलने चाहिए। एनडीए सरकार ने इसे हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि खेल अब सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं हैं। यह क्षेत्र रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है। उन्होंने बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण दिया, जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, जो जितना खेलेगा, वो उतना खिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत में खेल अब सांस्कृतिक पहचान बनते जा रहे हैं। जैसे-जैसे हमारी खेल संस्कृति बढ़ेगी, वैसे-वैसे भारत की सॉफ्ट पावर और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि 2036 में भारत में ओलंपिक की मेजबानी करना हर भारतीय का सपना है। इसमें होने वाले खेलों की तैयारी के के लिए सरकार अभी से स्कूली स्तर से प्रतिभा खोजकर प्रशिक्षण दे रही है। प्रधानमंत्री ने सभी 6000 से अधिक प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार की पवित्र धरती पर तिरंगा ऊंचा फहराए।

# अमृतसर से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर में जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों अमृतसर में आर्मी कैंट और एयरफोर्स बेस से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान को भेज रहे थे। रविवार को पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने पत्रकारों को बताया कि पकड़े गए आरोपितों से एक मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें आर्मी की मूवमेंट और एयरफोर्स बेस की तस्वीरें मिली हैं। यह दोनों अमृतसर की जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के जरिए आईएसआई से जुड़े हुए थे। आरोपितों की पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में अमृतसर देहाती के एसएसपी मनिंदर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पकड़ा गया आरोपित पलक फर्नीचर का काम करता है, जबकि सूरज मजदूरी करता है। इन दोनों के फोन से फोटो और वीडियो मिले हैं। दोनों 500 ग्राम हेरोइन के मामले में जेल में बंद हैप्पी के जरिए पाकिस्तानी एजेंट्स के संपर्क में थे। एक तस्वीर भेजने के लिए 5 से 10 हजार रुपये लेते थे। आर्मी व एयरबेस के अलावा पुलिस चौकियों की जानकारियां भी पाकिस्तान में भेजी गईं। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जाएगा कि दोनों कब से जानकारियां पाकिस्तान भेज रहे थे। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक ये दोनों युवक नशे के आदी हैं। इसी वजह से इनके आईएसआई के जाल में फंसने का शक है। पुलिस को अभी तक इनका क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं मिला। इस मामले की जांच के लिए पुलिस हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को भी प्रोडक्शन वारंट पर लेगी।

# मोदी ने हताशा में लिया जाति जनगणना पर यू-टर्न : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा जाति जनगणना का विरोध करते रहे हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी के दबाव में उन्हें इस मुद्दे पर अचानक और हताशा भरा यू-टर्न लेने को मजबूर होना पड़ा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जातिगत जनगणना के मुद्दे पर एकदम अचानक और हताशा भरे यू-टर्न के पर्याप्त सबूत हैं। श्री रमेश ने कुछ सबूत गिनाते हुए कहा ''पिछले साल 28 अप्रैल को एक टीवी इंटरव्यू में श्री मोदी ने जातिगत जनगणना की मांग करने वालों को 'अर्बन नक्सल' करार दिया था। मोदी सरकार ने 20 जुलाई 2021 को संसद में कहा था कि 'सरकार ने नीतिगत निर्णय लिया है कि जनगणना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अलावा अन्य किसी जाति



की गणना नहीं की जाएगी।' देश की सर्वोच्च अदालत में 21 सितंबर 2021 को दाखिल हलफनामे में सरकार ने साफ कहा था-जनगणना 2021 के दायरे से किसी भी अन्य जाति की जानकारी को बाहर रखना केंद्र का एक सचेत नीतिगत निर्णय है। कांग्रेस नेता ने कहा,''ऐसा करके मोदी सरकार ने उच्चतम न्यायालय से ओबीसी के लिए जाति जनगणना का आदेश न देने का स्पष्ट आग्रह किया था - ऐसी स्थिति मे न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग को आगामी जनगणना 2021 में ग्रामीण भारत के पिछड़े वर्ग समुदायों से संबंधित सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों को शामिल करने का कोई भी निर्देश देना अधिनियम की धारा 8 के तहत तैयार नीतिगत निर्णय में हस्तक्षेप करने के समान होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि क्या वह ईमानदारी से स्वीकार करेंगे कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में जातिगत जनगणना पर अपनी नीति में आधिकारिक रूप से बदलाव किया है और क्या संसद और देशवासियों को बताएंगे कि सरकार की नीति में बदलाव की वजह क्या है और क्या अब जातिगत जनगणना करने के लिए समय सीमा तय की जाएगी। इसके साथ ही जिला स्तर पर समर्पित पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाए जो जाति जनगणना की हर गतिविधियों का समन्वय करते हुए स्थिति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने विधानसभा-स्तरीय रैलियों आयोजित करने के साथ ही मीडिया के माध्यम से इन मांगों को लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया और कहा कि जिला स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों के दौरान जिले की मीडिया राष्ट्रीय मीडिया के साथ समन्वय करके सीडीसी तथा पार्टी के शीर्ष नेताओं के इस मुद्दे पर विचारों को जनता के बीच पहुंचाएँ।

## जाति जनगणना की समय सीमा को लेकर भाजपा पर दबाव बनायें पार्टी नेता

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अपने प्रदेश अध्यक्षों, विधानदल के नेताओं तथा जिला अध्यक्षों को परिपत्र जारी करके रविवार को कहा कि संविधान बचाओ रैलियों के दौरान जाति जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर मोदी सरकार पर इसके क्रियान्वयन में समय सीमा तय करने का दबाव बनाएं। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने आज सभी प्रदेश इकाइयों जिला इकाइयों को जारी सर्कुलर में कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा महत्वपूर्ण है और सभी प्रदेश और जिला इकाइयों को इस काम को निर्धारित समय के भीतर क्रियान्वयन के लिए अभियान चलाना है। पार्टी का मानना है कि दबाव के चलते ही मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है। यह काम समय पर हो इसके लिए सरकार को बाध्य करना है, इसलिए सभी प्रदेश तथा जिला इकाइयों को व्यापक स्तर पर अभियान चलाना है। सर्कुलर में राज्यों और जिलों में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैलियों में इस मुद्दे को उठाने का निर्देश देते हुए कहा गया है कि रैलिया के दौरान अनुच्छेद 15(5) पर खास जोर देना है ताकि निजी शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग कि उम्मीदवारों के प्रवेश के लिए आरक्षण के प्रावधान को लागू किया जा सके। श्री वेणुगोपाल ने सर्कुलर में कहा, ''कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कांग्रेस की मांग दोहराई थी और पार्टी नेता राहुल गांधी भी इस मुद्दे पर सबसे मुखर और दृढ़ आवाज़ उठा रहे हैं। उन्होंने बार-बार कहा है कि सामाजिक न्याय के लिए जातिगत गणना ज़रूरी है। सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों से अनुरोध है कि वे आगामी 'संविधान बचाओ रैलियों' में इस मुद्दे को ज़ोरदार तरीके से उठाएं और अनुच्छेद 15(5)पर त्वरित क्रियान्वयन की मांग को प्रमुखता दें। उन्होंने लिखा कि राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए जाएं जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करें।

## दिल्ली भाजपा ने शुरू की जिलाध्यक्षों की चुनाव की प्रक्रिया

**नयी दिल्ली।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय 14 पंत मार्ग में रविवार को संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन के साथ जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हुयी। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नागपाल ने सम्बोधित किया। कार्यशाला में संगठन पर्व के अंतर्गत नियुक्त प्रदेश भाजपा की चुनाव टोली के सदस्यों ने भाग लिया और जिलाध्यक्ष चुनाव करवाने की प्रक्रिया को समझा। इस अवसर पर श्री प्रकाश ने कहा, दिल्ली भाजपा ने संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुऐ सभी 14 जिलों में 204 मंडल अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की है और शेष मंडल अध्यक्ष भी शीघ्र निर्वाचित होंगे। इसी के साथ अब हमें पूरे उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं में बिना कोई आपसी मतभेद पैदा होने दिए सभी 14 जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया भी पूरी करनी होगी। यह प्रक्रिया समयबद्ध पूर्ण करनी होगी। श्री सचदेवा ने कहा कि जिस तरह भाजपा में रायशुमारी से मंडल अध्यक्ष, फिर जिलाध्यक्ष का चुनाव होता है, उससे पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र मजबूत होता है और इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं में संविधान और लोकतंत्र के प्रति पूर्ण सम्मान है।

## जापान के रक्षा मंत्री के साथ सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता करेंगे राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ सोमवार को यहां द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों पक्ष वर्तमान क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को अधिक प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है, जिसने वर्ष 2014 में इस सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद गुणात्मक गति प्राप्त की है। रक्षा और सुरक्षा दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। रणनीतिक मामलों पर बढ़ते तालमेल के कारण हाल के वर्षों में भारत और जापान के बीच रक्षा आदान-प्रदान को बल मिला है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण से इसका महत्व बढ़ रहा है। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच नवंबर 2024 में लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस के मौके पर पहली बातचीत के बाद छह महीने के भीतर यह दूसरी बैठक होगी।

## एनडीए घटक मानेंगे प्रधानमंत्री की बात, बिहार में फिर से बनेगी एनडीए सरकार : बीएल वर्मा

पटना। बिहार दौरे पर आये केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मुख्यमंत्री फ़ेस और नेतृत्व को लेकर बड़ा दावा किया है । केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक मामलों के राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने रविवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने का दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से सीएम बनने पर सीधा जवाब दिया।

# पेज एक का शेष

### भारत ने चिनाब...

करती है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में कृषि का अहम योगदान है। यही वजह है कि समझौता स्थगित होने के बाद पाकिस्तान लगातार जंग की धमकी दे रहा है। सिंधु जल संधि स्थगित होने के बाद कराची की रिसर्च फर्म पाकिस्तान एग्रीकल्चर रिसर्च के घशारिब शौकत ने कहा कि भारत की कार्रवाई अनिश्चितता पैदा करती है। उन्होंने कहा कि इस वक्त हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। संधि में शामिल नदियां न सिर्फ फसलों, बल्कि शहरों, बिजली उत्पादन और लाखों लोगों की रोजी-रोटी में भी अहम भूमिका निभाती हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने तो समझौता स्थगित होने के बाद कहा था, 'सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा, या उनका खून बहेगा।' इस बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। यही नहीं पाकिस्तानी राजनेताओं ने समझौता स्थगित करने के फैसले को सीधे तौर पर जंग का ऐलान माना था। सिंधु नदी पाकिस्तान के लिए खासी अहमियत रखती है और समझौते स्थगित होने के बाद वहां के नेताओं की बौखलाहट इस बात की गवाही दे रही है।

### भारत को साझेदारों...

आलोचना करते हुए कहा कि इसने ''यथार्थवाद की बुनियादी बातों को चुनौती दी है। उन्होंने 'आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम' में कहा, ''मैं जैसे रूस के यथार्थवाद का समर्थक हूं, वैसे ही मैं अमेरिका के यथार्थवाद का भी समर्थक हूं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आज के अमेरिका के साथ जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका हितों की पारस्परिकता को खोजना है, न कि वैचारिक मतभेदों को आगे रखकर मिलकर काम करने की संभावनाओं को कमजोर होने देना। विदेश मंत्री ने आर्कटिक में हालिया घटनाक्रम के दुनिया पर पड़ने वाले असर और बदलती वैश्विक व्यवस्था के क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर व्यापक चर्चा करते हुए ये बातें कहीं। जयशंकर ने यूरोप से भारत की अपेक्षाओं संबंधी एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि उसे उपदेश देने के बजाय पारस्परिकता के ढांचे के आधार पर कार्य करना शुरू करना होगा। उन्होंने कहा, ''जब हम दुनिया को देखते हैं तो हम साझेदारों की तलाश करते हैं, हम उपदेशकों की तलाश नहीं करते, विशेषकर ऐसे उपदेशकों की, जो अपनी बातों का अपने देश में स्वयं पालन नहीं करते, लेकिन अन्य देशों को उपदेश देते हैं। विदेश मंत्री ने कहा, ''मुझे लगता है कि यूरोप का कुछ हिस्सा अब भी इस समस्या से जूझ रहा है। कुछ हिस्से में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यूरोप को ''कुछ हद तक वास्तविकता का एहसास'' हुआ है। उन्होंने कहा, ''अब हमें यह देखना होगा कि वे इस पर आगे बढ़ पाते हैं या नहीं। जयशंकर ने कहा, ''लेकिन हमारे दृष्टिकोण से (बात करें तो) यदि हमें साझेदारी करनी है तो कुछ आपसी समझ होनी चाहिए, कुछ संवेदनशीलता होनी चाहिए, कुछ पारस्परिक हित होने चाहिए तथा यह अहसास होना चाहिए कि दुनिया कैसे काम करती है। उन्होंने कहा, ''और मुझे लगता है कि ये सभी कार्य यूरोप के विभिन्न भागों में अलग-अलग स्तरों पर प्रगति पर हैं, इसलिए (इस मामले में) कुछ देश आगे बढ़े हैं, कुछ थोड़े कम। जयशंकर ने भारत-रूस संबंधों पर कहा कि दोनों देशों के बीच ''संसाधन प्रदाता और संसाधन उपभोक्ता'' के रूप में ''अहम सामंजस्य'' है और वे इस मामले में एक दूसरे के ''पूरक' हैं। उन्होंने कहा, ''जहां तक रूस का सवाल है, हमने हमेशा रूसी यथार्थवाद की वकालत करने का दृष्टिकोण अपनाया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत ने रूस के साथ संबंध बरकरार रखे और उसने पश्चिमी देशों की बढ़ती बेचैनी के बावजूद रूसी कच्चे तेल की खरीद में वृद्धि की।

### विधानभवन में ...

का निर्माण आवश्यक बताया गया है, बल्कि सीवर पाइपलाइन डालने और पुरानी लाइनों की मरम्मत की भी बात कही गई है। नगर निगम, जल संस्थान और प्रान्तीय खंड लोनिवि को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। गेट नंबर 7 की सीवर लाइन की जांच और जरूरी बदलाव की जिम्मेदारी जल संस्थान को दी गई थी, जबकि गेट नंबर 3 से 7 तक नई पाइपलाइन डालने का कार्य लोनिवि के पास है। साथ ही भवन के सामने सीवर और उपवन क्षेत्र से पानी की निकासी हेतु विशेष उपाय किए जाने की बात कही गई थी। विधानसभा के आंतरिक मार्ग पर बार-बार बिटुमिनस कोटिंग किए जाने से सड़कें ऊंची हो गई हैं, जिससे वर्षा जल का प्रवाह बाधित हो रहा है। सभी विभागों की बैठक बुलायी लोनिवि ने सभी संबंधित विभागों की एक संयुक्त बैठक शीघ्र आयोजित करने को कहा है, ताकि मानसून पूर्व सभी तैयारियां पूरी की जा सकें। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि समय रहते कार्यवाही न होने पर विधानभवन परिसर में पुनः जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोक निर्माण विभाग ने विशेष सचिव राज्य संपति तथा विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग को इस संबंध है पत्र लिखकर सचेत भी कर दिया है। नगर निगम तथा जलकल विभाग ने इसके लिए कुछ काम शुरू कारण हैं। लेकिन वह भी अभी अधूरे हैं।

### निर्वाचन आयोग...

मौजूदा ऐप शामिल होंगे, जिन्हें कुल मिलाकर 5.5 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया गया है । नई ऐप से लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और पूरे चुनावी तंत्र को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें 10.5 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी , राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंट , लगभग 45 लाख मतदान अधिकारी, 15,597 सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी , 4,123 ई आर ओ और देश भर के 767 जिला चुनाव अधिकारी शामिल हैं।

### महागठबंधन बिहार...

हमारा हर नेता, हर कार्यकर्ता नीचे तक जाए, पार्टी को मज़बूत करे। और यह जो जाति आधारित जनगणना का फैसला हाल ही में मोदी सरकार ने लिया है – यह महागठबंधन और समाजवादी आंदोलन की एक बड़ी जीत है। उन्होंने कहा, लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव, स्व। रामविलास पासवान, मायावती, शरद यादव – इन सभी ने इसके लिए दशकों तक संघर्ष किया। आज बीजेपी विपक्ष के दबाव में यह कदम उठा रही है। इसलिए हमें जनता के बीच जाना है, मिठाई बांटनी है, जश्न मनाना है और लोगों को बताना है कि यह पहली जीत है – जिसकी नींव आपने डाली, मोदी जी को 303 से 240 पर ला दिया। मुकेश सहनी ने कहा कि अब हमारी रणनीति यह है कि हम विपक्षी एकता के साथ आगे बढ़ें। 8 तारीख को एक अहम बैठक है। 18 तारीख को बिहार के सभी जिलाध्यक्ष, संगठन प्रभारी और महागठबंधन के नेता मिलकर ब्लॉक और पंचायत स्तर पर समन्वय समितियां बनाएंगे और धरातल पर काम शुरू करेंगे। 20 तारीख को मणिपुर मुद्दे को लेकर हम सड़कों पर उतरेंगे और देशव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे। मुकेश सहनी ने कहा , जो लोग पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गोद में बैठने गए थे, उनका क्या हश्र हुआ, सबने देखा – पार्टी टूट गई, परिवार बिखर गया, उन्हें घर से बाहर कर दिया गया, पिता की प्रतिमा तक का अपमान हुआ। फिर भी अगर कोई दोबारा वही रास्ता चुन रहा है, तो ये दुर्भाग्यपूर्ण है। हम रामविलास पासवान जी को अपना अभिभावक मानते हैं, चिराग पासवान को भाई की तरह देखते हैं। पर दुख इस बात का है कि आज वो सामाजिक न्याय, दलित-पिछड़ों के हक़ से दूर हो गए हैं और कोई और सपना देख रहे हैं। हम उनका सम्मान करते हैं, पर आग्रह है कि ऐसी राजनीति न करें जिसमें आंख का ऑपरेशन हो जाए और डॉक्टर कहे कि पट्टी मत खोलो – तो फिर ऑपरेशन का क्या मतलब? हमारी लड़ाई जाति आधारित जनगणना के साथ-साथ आरक्षण के दायरे को बढ़ाने की है। जैसे बिहार में अति पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 18 से बढ़ाकर 25% किया गया, उसी तरह देश में भी 50% की सीमा तोड़नी होगी। जो जातियां पीछे हैं, उन्हें उनके हिस्से का हक़ मिलना चाहिए – यही हमारा लक्ष्य है।

### एनटीए की नीट...

प्रदेश के दूसरे जिलों में भी नीट परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर खासा इंतजाम किये गये थे। परीक्षार्थियों के हाथों में बंधे धागे, फोन लीड, इलेक्ट्रानिक यंत्र, पानी की बोतलें, मोबाइल फोन, जेवर गहने इत्यादि को परीक्षा केन्द्र के बाहर ही निकाल दिया गया। परीक्षार्थियों की करीब पांच से सात मिनट की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिल सका।

### परीक्षाओं में धांधली...

माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की कुछ लोग चार मई को आयोजित/होने वाली नीट-यू0जी0 की परिक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थीयों के परिजनों से परीक्षा में पास कराने के नाम पर फोन पर धनराशि की मांग की जा रही है तथा इस गैंग के लोगों का आफिस थाना फ़ेज-1 क्षेत्रान्तर्गत सेक्टर-3 नोएडा में स्थित है। इस सूचना को विकसित करने के उपरान्त एस0टी0एफ0 नोएडा की टीम द्वारा तत्काल गंतव्य स्थान पर पहुंच कर उपरोक्त तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके पास से उपरोक्त बरामदगी की गयी। गिरफतार अभियुक्त विक्रम ने पूछताछ पर बताया की उसकी उम्र 30 वर्ष है। वर्ष 2011 में विक्रम दरभंगा बिहार से विनायका मिशन, विश्वविद्यालय, चेन्नई गया जहां पर बायो टक्नोलाजी में ग्रेजूऐशन के लिए एडमीशन लिया, यही पर इसकी मुलाकात अनिकेत से हुई और इन दोनो ने मिलकर 30 प्रतिशत कमीशन पर विनायका में एडमीशन कराने का काम करने लगे। यहां से पोस्ट ग्रेजूऐशन करने के बाद दिल्ली आ गये, यहां पर इनकी मुलाकात धर्मपाल सिंह से हुई और हम लोगो ने पहले यहां पर अपमू नाम से एक कम्पनी रजिस्टर करी और एम0बी0बी0एस0 के कैन्डीडेट्स का डाटा इकट्ठा करके उसको कॉल करके एडमीशन कराने के नाम पर पैसे लेकर ठगी का काम करने लगे। ठगी करने के लिए प्रति अभ्यर्थी पास कराने के नाम पर पाँच लाख रुपये मांगा करते थे। यह रुपया एकाउन्ट में और पी0डी0सी0 चैक के माध्यम से लेते थे और कहते थे कि जो एग्जाम देते समय उत्तर आते हैं उन्हें ही ओ0एम0आर0 शीट में भरे बाकी खाली छोड़ दें। इस ओ0एम0आर0 शीट को निकाल कर इसमें सही उत्तर भर देने की बात कहते थे। यदि अभ्यर्थी का प्रवेश हो जाता तो पैसा इनका हो जाता। न होने की दशा में यह टालते रहते या अधिक दबाव पड़ने पर स्थान बदल कर भाग जाते। एक नयी कंपनी बनाकर नोएडा सेक्टर-3 के पते पर रजिस्ट्रेशन कराकर पुनः इसी धोखाधडी के काम में लग गये। नीट का एग्जाम नजदीक आने पर इनके कैन्डीडेट्स का डाटा इकट्ठा करके कॉल कराकर उनको एग्जाम में पास कराने के नाम पर पुनः पैसा ठगने का काम करने लगे। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के विरूद्ध थाना फ़ेज-1 जनपद गौतमबुद्ध नगर पर मु0अ0सं0 182/2025 धारा 318,319,336, 337,338,340,61(2) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कराया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस कर रही है।

### किसान योजनाओं के लाभार्थी ...

किया जाए। चयन प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकाधिक विकास खंडों के किसान लाभान्वित हों। 'श्री अन्न' को लेकर विशेष उत्साह जताते हुए मुख्यमंत्री ने इसके प्रोत्साहन और प्रोक्योरमेंट की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती के प्रसार को लेकर भी गम्भीरता जताई और कहा कि जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिल सके। बैठक में यह जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 2.81 करोड़ किसान लाभान्वित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इसे किसान कल्याण में पारदर्शिता और सुशासन का जीवंत उदाहरण बताया।

### गो आश्रय स्थलों के आर्थिक...

तक 40968.29 हेक्टेयर गोचर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया है, जिसमें से 12168.78 हेक्टेयर भूमि पर हरा चारा उत्पादन हो रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी से ग्रामीण रोजगार भी सृजित हो रहा है। 21884 गोसेवक प्रशिक्षित कर कार्य में लगाए गए हैं। इसी प्रकार, बरेली जिले में इफ्को आवंला के साथ मिलकर वृहद गो संरक्षण केंद्रों में गोबर से जैविक खाद और गोमूत्र से प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया भी चल रही है। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि वर्ष 2024-25 में दुग्ध उपार्जन 3.97 एलएलपीडी दर्ज किया गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी अधिक है। सदस्यता में 8 फीसदी वृद्धि हुई है और 24031 दुग्ध उत्पादकों को प्रशिक्षण मिला है। वित्तीय दृष्टि से टर्नओवर 1120.44 करोड़ तक पहुंचा है, जो गत वर्ष से 16 फीसदी अधिक है। वाराणसी, अयोध्या, बरेली, मिर्ज़ापुर, मथुरा व बस्ती में प्रमुख दुग्ध संघों को कुल 818.22 लाख का लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर बल देते हुए प्राथमिक सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाने और सदस्यों के प्रशिक्षण कराए जाने के भी निर्देश दिये। भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2025-26 में 4922 नई सहकारी दुग्ध समितियों के गठन तथा 21922 समितियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

# श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट खुले, मुख्यमंत्री सहित 15 हजार से अधिक श्रद्धालु बने साक्षी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदरीनाथ। विश्व प्रसिद्ध श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट रविवार सुबह सेना की गढ़वाल स्काउट रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बैशाख मास शुक्ल पक्ष सप्तमी,पुष्य नक्षत्र में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलते ही धाम जय बदरीविशाल के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा हुई। इस अवसर पर बदरीनाथ मंदिर को 40 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने एवं अखंड ज्योति दर्शन के साक्षी रहे। कपाट खुलने की प्रक्रिया के अंतर्गत रविवार प्रातः साढे चार बजे श्री कुबेर जी ने बामणी गांव से चल कर दक्षिण द्वार से श्रीबदरीनाथ मंदिर परिसर में प्रवेश किया। पांच बजे रावल अमरनाथ नंबूदरी, वेदपाठियों, हक-हकूकधारियों डिमरी पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्यों ने मंदिर परिसर में प्रवेश किया औऱ द्वार पूजा में सम्मिलित हुए। ठीक साढ़े पांच बजे से द्वार पूजा शुरू हो गई और ठीक छः बजे बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोल दिये गये। इससे पहले माता लक्ष्मी ने बदरीनाथ मंदिर से अपने मंदिर परिक्रमा स्थित मंदिर में प्रवेश किया और श्रीउद्धव जी श्रीकुबेर जी, श्रीगरूड़ जी श्रीबदरीनाथ मंदिर गर्भ गृह में विराजमान हो गये। इसके पश्चात भगवान बदरीविशाल को ओढाया गया और घृत कंबल को अलग किया गया । इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान बदरीविशाल के निर्वाण दर्शन किए। कुछ देर में 10 बजे भगवान बदरीविशाल का अभिषेक शुरू हो जायेगा। बीकेटीसी की प्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से भगवान बदरीविशाल की प्रथम महाभिषेक पूजा की जाएगी। विगत रविवार को श्रीगरूड़ जी, उद्धव जी, श्रीकुबेर जी और आदिगुरु शंकराचार्य जी की गद्दी सहित गाडू घड़ा तेल कलश श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गया था। दानीदाता श्रद्धालुओं ने और सेना, आईटीबीपी ने भंडारे आयोजित किए हैं। सीमांत गांव माणा और बामणी की महिलाओं ने परंपरागत भक्तिमय नृत्य संगीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर भजनों का भी

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीर्थयात्रियों को दिया चारधाम यात्रा के लिए आमंत्रण

आयोजन हुआ। आसमान से हैलीकॉप्टर से मंदिर परिसर और श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। मंदिर सिंह द्वार पर वेदवेदांग संस्कृत विद्यालय जोशीमठ के छात्रों ने स्वास्तिवाचन किया। इससे पहले 30 अप्रैल को यमुनोत्री, गंगोत्री धाम और 02 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुल चुके हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी देश विदेश के तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए चारधाम यात्रा पर आने का भी आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा इस वर्ष नये कीर्तिमान स्थापित करेगी। तीर्थयात्रियों को यात्री सुविधाओं के लिए हर संभव कदम उठाये गए हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश और देश की समृद्धि



एवं खुशहाली की कामना की। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण कराए हैं। यह आंकड़ा 25 लाख के करीब है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) नवनियुक्त अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने पर सभी तीर्थयात्रियों से कहा कि प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मंदिर समिति तीर्थयात्रियों के हित में बेहतर प्रबंधन करेगी। बीकेटीसी के नव नियुक्त उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती और नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कपरवाण ने भी बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने तीर्थयात्रियों को सरल- सुगम दर्शन करने के लिए मंदिर समिति के लिए पर्यटन विभाग को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पंजीकरण की जांच एवं टोकन सिस्टम पर जोर दिया है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज ही बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित सभी मंदिरों माता लक्ष्मी गणेश जी, घंटाकर्ण जी, आदि केदारेश्वर श्रीशंकराचार्य मंदिर सहित माता मूर्ति मंदिर माणा, भविष्य बदरी मंदिर सुभाई के कपाट भी खुल गए हैं। पुजारी हनुमान प्रसाद डिमरी ने माता मूर्ति मंदिर माणा तथा पुजारी संजय डिमरी ने भविष्य बदरी मंदिर सुभाई तपोवन के कपाट खोले। इस अवसर पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भाई पंकज मोदी, स्वामी सविदानंद,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष/राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट , जिलाधिकारी संदीप तिवारी, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल पूर्व रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, राजपुरोहित कांता प्रसाद नौटियाल पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल वेदपाठी रविंद्र भट्ट,बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद अध्यक्ष रामचंद्र गौड़ एवं बीकेटीसी नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कपरवाण, दायित्वधारी बलबीर घुनियाल , ठाकुर भवानी प्रताप सिंह,सहित बीकेटीसी पूर्व उपाध्यक्ष किशोर पंवार,सचिव हरिश चंद्र सेमवाल , पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ डिमरी पंचायत उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी, पूर्व सदस्य वीरेंद्र असवाल,हरीश डिमरी ,कृपाराम सेमवाल,श्री बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित थाना प्रभारी नवनीत उनियाल प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, राजेंद्र सेमवाल प्रबंधक अजय सती, संतोष तिवारी कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजेंद्र बिष्ट, जगमोहन बर्त्वाल पीताम्बर मोल्फा,विनोद डिमरी पंकज डिमरी, चंडीप्रसाद थपलियाल,अमित बंदोलिया,केदार सिंह रावत, अनसूया नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में 'साइकिल चलाओ-फिट बनाओ' अभियान शुरू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), नई दिल्ली के तत्वावधान में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान के अंतर्गत 'साइकिल चलाओ-फिट बनाओ' के उदघोष के साथ स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी प्रो. भारत भूषण तथा प्रो. आर.के.एस. डागर ने साइकिल दल को संबोधित करते हुए कहा कि वेदों में वर्णित ''शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्'' के अनुसार, स्वस्थ शरीर से ही सभी कार्यों में सफलता संभव है। प्रो. डागर ने कहा कि साइकिल चलाने वाला व्यक्ति एक साथ अपने दैनिक कार्यों और स्वास्थ्य साधना दोनों को साध लेता है। इस प्रकार वह एक कर्म के साथ दो साधनाओं का लाभ प्राप्त कर लेता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. नवनीत ने की। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य के लिए रोज छोटी-छोटी क्रियाओं को अपनाने की जरूरत है। छोटे प्रयास से ही बड़ी सफलता प्राप्त होती है। कुलसचिव दायित्व का निर्वहन कर रहे प्रो. प्रभात कुमार को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा यूजीसी, नई दिल्ली के निर्देशन में साइकिल अभियान से उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए जनसहभागिता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डीन, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय प्रो. विपुल शर्मा, प्रो. मयंक अग्रवाल, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. पवन कुमार, डॉ. अजेन्द्र कुमार, डॉ. नितिन काम्बोज, डॉ. प्रवीण पाण्डेय, डॉ. बबलू वेदालंकार, डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. कपिल कुमार, संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र बालियान, शशिकान्त शर्मा, पार्षद नागेन्द्र सिंह राणा, विरेन्द्र पटवाल, डॉ. सतेन्द्र सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय के संकायों के छात्र एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयन डॉ. शिवकुमार चौहान ने कार्यक्रम का संचालन किया। दयानंद द्वार से साईकिल अभियान दयानंद द्वार से आरम्भ हुआ, वेद आर्ट्स कॉलेज, विज्ञान संकाय, विश्वविद्यालय सभागार, मुख्य कार्यालय होता हुआ अमन चौक, बड़ा परिवार, छोटा परिवार होते हुए दयानंद स्टेडियम प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

### गुलदार के हमले में चार वर्षीय बच्चे की मौत, माणा कभड़ा गांव में पसरा मातम

**देहरादून।** बागेश्वर जिले के धरमघर रेंज अंतर्गत माणा कभड़ा गांव में गुलदार के हमले में एक चार वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। गुलदार बच्चे को मां के हाथ से छीनकर खाई में ले गया, जहां से कुछ देर बाद उसका शव बरामद किया गया। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल है। घटना शनिवार रात करीब 8 बजे की है। माणा कभड़ा गांव की रहने वाली नीलम देवी अपने चार साल के बेटे नैतिक को शौच के लिए आंगन में बने शौचालय की ओर ले जा रही थीं।

## एनडीए घटक मानेंगे प्रधानमंत्री की बात, बिहार में फिर से बनेगी एनडीए सरकार : बीएल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार दौरे पर आये केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मुख्यमंत्री फ़ेस और नेतृत्व को लेकर बड़ा दावा किया है। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक मामलों के राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने रविवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने का दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से सीएम बनने पर सीधा जवाब दिया। अपने बिहार दौरे में बीएल वर्मा मुजफ्फरपुर के सकरा में आंबेडकर सम्मान अभियान विचार गोष्ठी को संबोधित करेंगे। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने कंाग्रेस, राजद नेता तेजस्वी यादव और महागठबंधन घटक दलों की होने वाली बैठक पर कहा कि इंडिया गठबंधन चाहे जितनी बैठक कर ले मोदी के नेतृत्व में



बिहार में एनडीए का परचम लहराएगा, जिस तरह से पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की रफ्तार पर आगे बढ़ रहा है बिहार भी उसी रफ्तार पर आगे बढ़ेगा। एनडीए के घटक दलों में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी की पार्टी के सीटों के डिमांड पर कहा कि चिराग पासवान तो प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। मुझे लगता है पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए में जो भी फैसला होगा वह स्वीकार करेंगे। समय आने पर सब ठीक हो जाएगा। एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में उतरेगी और जीत हासिल करेगी। साथ ही नीतीश कुमार के फिर से मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा सबको मानना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले पर राज्य मंत्री ने कंाग्रेस को जमकर लताड़ा और कहा कि कंाग्रेस के नेता मुझे लगता है इस प्रकार के बयान देते हैं जो पाकिस्तान कोरास आते हैं. हमारी सेना के हौसलों को यह कमजोर करने का प्रयास करते हैं लेकिन हमारे बहादुर सेना उसके हौसले कमजोर होने वाला नहीं है। समय आने पर पाकिस्तान को जवाब दिया जाएगा। इसके लिए भारत तैयार है।

## केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करे : ओवैसी

पटना। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की है। दो दिवसीय चुनावी दौरे पर रविवार को बिहार के दरभंगा पहुंचे ओवैसी ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा कि इस मामले में तुरंत कदम उठाए, पीड़ित परिवारों को न्याय दे और आतंकवाद को हमेशा के लिए जड़ से खत्म करे। सभी दल सरकार के हर कड़े फैसले के साथ हैं। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान से आतंकवादी हमारे देश में घुसकर हमारे लोगों की हत्या करते हैं। चाहे 26/11 का मुम्बई हमला हो, पठानकोट एयरबेस पर हमला हो, पुलवामा हमला हो या फिर हाल ही में 7 जुलाई को वैष्णो देवी के पास सात पुलिसकर्मियों की हत्या का मामला हो, ये ये सभी घटनाएं आतंकवाद का घिनौना चेहरा दिखाती हैं।''

## टीएस कॉलेज में राज्यपाल के आगमन को ले जिलाधिकारी ने लिया तैयारी का जायजा

कैनवजि टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा जिले के हिसुआ नगर परिषद टी एस कॉलेज में दिनांक 5 मई सोमवार को महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग तथा आइक्यूएसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां शामिल होंगे। सेमिनार की तैयारी का जायजा लेने रविवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश टी एस कॉलेज हिसुआ पहुंचे तथा कॉलेज प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा तथा शिक्षक संघ के सचिव प्रोफ़ेसर अंजनी कुमार ने बताया कि युद्ध स्तर पर राज्यपाल के आगमन की तैयारी चल रही है, जिसमें मगध विश्वविद्यालय प्रशासन से लेकर ज़िला प्रशासन का सहयोग मिल रहा है। प्राचार्य



ने बताया कि राज्यपाल के आगमन हेतु इंटर विद्यालय हिसुआ में हेलीपैड बनाया जा रहा है। सुबह 11 बजे राज्यपाल हिसुआ पहुंचेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन करेगें। सेमिनार आयोजन समिति के सचिव डॉ अंजनी कुमार ने बताया दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश विदेश के सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रोफ़ेसर अंजनी कुमार ने बताया कि टी एस कॉलेज हिसुआ के लिए गर्व की बात है कि टी एस कॉलेज में महामहिम राज्यपाल का आगमन होने जा रहा है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, कुलसचिव प्रो बिपिन कुमार, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अभय प्रताप सिंह, सांसद विवेक ठाकुर, विधायक नीतू कुमारी, एमएलसी नीरज कुमार, एमपीसी अशोक कुमार आदि मौजूद रहेगें।

## इंडिया गठबंधन की बैठक में जाति जनगणना के एजेंडे पर कांग्रेस और राजद ने मुख्यमंत्री को दिया था झटका: संजय झा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। जाति जनगणना के क्रेडिट को लेकर राजद और कंाग्रेस के दावे का खुलासा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने किया है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जाति जनगणना की बात करने वाली राजद 10 साल केंद्र की सत्ता में रही। बिहार में भी 15 वर्ष तक रहेलेकिन उन्होंने जाति जनगणना कराने की पहल नहीं की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुम्बई में इंडिया गठबंधन की मीटिंग में जाति जनगणना को एजेंडा में डालने को कहा था। तब कंाग्रेस और राजद दोनों ने बैकआउट किया था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसे कराने का फैसला लिया है तो वे इसका क्रेडिट लेने में लगे हैं। उन्होंने कहा नीतीश कुमार ने न सिर्फ जाति गणना कराई बल्कि इसकी रिपोर्ट भी जारी की। अब केंद्र सरकार भी देश स्तर पर जाति जनगणना करा रही है। ऐसे में राजद सिर्फ फर्जी बातें कर रही है। वे जबरन क्रेडिट हड़पने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद केवल परिवार की पार्टी है। बिहार में चल रही महागठबंधन नेताओं की बैठक पर संजय झा ने कहा लोकसभा चुनाव के समय भी इसी तरह की बैठकें हुई थी लेकिन उसका परिणाम क्या हुआ। एनडीए ने बिहार में शानदार सफलता पाई। इस बार भी विधानसभा चुनाव में एनडीए को बड़ी सफलता मिलेगी। एनडीए एकजुट है।

## अमृतसर में सैनिक ठिकानों की जासूसी करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**अमृतसर।** एक महत्वपूर्ण जासूसी विरोधी अभियान में, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को अमृतसर में सेना छावनी क्षेत्रों और वायु सेना ठिकानों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपियों की पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के तौर पर हुई है। उन्हें अमृतसर में सेना छावनी क्षेत्रों और वायु सेना ठिकानों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उनके पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध हैं, जो हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, जो वर्तमान में अमृतसर सेंट्रल जेल में बंद है। उन्होंने बताया कि आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, और जांच जारी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, आगे और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है। डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़ी है, राष्ट्रीय हितों की रक्षा के अपने कर्तव्य में अडिग है।

## मुख्यमंत्री की प्रेरणा से दून शहर में नए नए प्रोजेक्ट लाकर आधुनिकता की ओर ले जाने में जुटे डीएम सविन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। देहरादून शहर में निर्माणाधीन स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का कार्य अंतिम चरण में में है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश व जिलाधिकारी सविन बंसल के निरन्तर प्रयासों से जनपद देहरादून आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने की ओर निरंतर अग्रसर है। इसी श्रृखला में शहर में शुरूआती चरण में तीन आटोमेटेड पार्किग कार्य अपने अंतिम चरण हैं। यह आधुनिक सुविधा जल्द ही आमजन को उपलब्ध होने जा रही है, जिसका मा मुख्यमंत्री जी जल्द लोकार्पण करेंगे। इस अत्याधुनिक



पार्किंग से तिब्बती मार्केट के सामने, परेड ग्राउंड, तथा कोरोनेशन अस्पताल परिसर में पार्किंग की समस्या कम होगी साथ ही जनमानस को सुरक्षित व सुविधाजनक वाहन पार्किंग की सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी के अभिनव कार्य से एक ओर जहाँ कोरोनेशन अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब भौतिक ढांचे को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है, जिससे शहर की चिकित्सा व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी। वहीं शहर के बढ़ती ट्रैफिक के दृष्टिगत शहर में व्यवस्थित रूप से पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने में डीएम का प्रोजेक्ट मील का पत्थर साबित होगा , आधुनिकता की दौड़ में ऑटोमेटेड पार्किंग जहां कम स्थान पर वाहनों की पार्किंग के सुविधा के लिए अच्छा प्रयास हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063